# कोयलांचल संवाद

हिंदी दैनिक

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 127

Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com





मूल्य : 2 रुपए


# एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को दी मंजूरी, नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा; विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे

## पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे, 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं



**नई दिल्ली** : देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। 17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं।

कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है।

पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

### पैनल के 5 सुझाव...

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- हंग असेंबली, नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### अभी ऐसी है वन नेशन-वन इलेक्शन की संभावना

एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

**पहला चरणः 6 राज्य, वोटिंगः नवंबर 2025 में**

**बिहारः** मौजूदा कार्यकाल पूरा होगा। बाद का साढ़े तीन साल ही रहेगा। असम, केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल और पुडुचेरी मौजूदा कार्यकाल 3 साल 7 महीने घटेगा। उसके बाद का कार्यकाल भी साढ़े 3 साल होगा।

**दूसरा चरणः 11 राज्य, वोटिंगः दिसंबर 2026 में**

**उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर, पंजाब व उत्तराखंडः** मौजूदा कार्यकाल 3 से 5 महीने घटेगा। उसके बाद सवा दो साल रहेगा।

**गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुराः** मौजूदा कार्यकाल 13 से 17 माह घटेगा। बाद का सवा दो साल रहेगा। इन दो चरणों के बाद देश की सभी विधानसभाओं का कार्यकाल जून 2029 में समाप्त होगा। सूत्रों के अनुसार, कोविंद कमेटी विधि आयोग से एक और प्रस्ताव मांगेगी, जिसमें स्थानीय निकायों के चुनावों को भी शामिल करने की बात कही जाएगी।

### कमेटी में 8 सदस्य, सितंबर 2023 में बनी थी

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अगुआई में 8 मेंबर की कमेटी पिछले साल 2 सितंबर को बनी थी। 23 सितंबर 2023 को दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की पहली बैठक हुई थी। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं।

विपक्ष ने किया विरोध

'एक राष्ट्र एक चुनाव'को कैबिनेट मोदी कैबिनेट की मंजूरी मिल जाने के बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर कहा कि यह व्यावहारिक नहीं है. उन्होंने बीजेपी और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आने पर ध्यान भटकाने के लिए वे ऐसे मुद्दे उठाते हैं.

## 'चंद्रमा पर कदम' इसरो का अगला टारगेट, चंद्रयान- 4 मिशन के विस्तार को कैबिनेट की मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में चंद्रयान मिशन को लेकर फैसले किए गए हैं. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चंद्रयान 4 मिशन का विस्तार किया गया है. उन्होंने कहा कि इसका अगला कदम चंद्रमा पर मानव मिशन भेजना है. कैबिनेट की बैठक में इस दिशा में सभी प्रारंभिक चरणों को मंजूरी दे दी गई है. कैबिनेट के फैसले में सरकार ने अपने वीनस ऑर्बिटर मिशन, गगनयान फॉलो-ऑन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के साथ-साथ अगली पीढ़ी के लॉन्च वाहन विकास को भी मंजूरी दी गई. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वैज्ञानिक अन्वेषण और शुक्र के वायुमंडल, भूविज्ञान की बेहतर समझ और इसके घने वातावरण में बड़ी मात्रा में वैज्ञानिक डेटा हासिल करने के लिए वीनस ऑर्बिटर मिशन को भी मंजूरी दे दी है

# संक्षिप्त खबरें

## भारत में बढ़े करोड़पति, 31,800 ऐसे लोग जो सालाना कमा रहे दस करोड़

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत में करोड़ पतियों की बाढ़ सी आ गई है। पिछले पांच सालों में दस करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करने वाले भारतीयों की संख्या में 63 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सालाना पांच करोड़ रुपए से ज्यादा कमाने वालों की संख्या 49 फीसदी की उछाल के साथ 58,200 हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक दस करोड़ रुपए सालाना से ज्यादा कमाने वाले व्यक्तियों की संख्या में पिछले पांच सालों में 63 फीसदी का उछाल आया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में 31,800 व्यक्ति ऐसे हैं जो सालाना दस करोड़ रुपए से ज्यादा कमा रहे हैं और पिछले पांच सालों में वित्त वर्ष 2018-19 से लेकर 2023-24 के बीच इन लोगों की संख्या में भारी उछाल देखने को मिली है। सालाना 50 लाख रुपए से ज्यादा कमाने वाले भारतीयों की संख्या में 25 फीसदी बढ़ी है और करीब दस लाख ऐसे लोग हैं जो 50 लाख रुपए से ज्यादा सालाना कमाई करने वालों के ब्रैकेट में आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 10 करोड़ रुपए से ज्यादा सलाना कमाई करने वालों की संख्या में वित्त वर्ष 2018-19 से लेकर 2023-24 के बीच साल दर साल 121 फीसदी का उछाल आया है और ऐसे लोगों की कुल संपत्ति 38 लाख करोड़ रुपए पर जा पहुंची है। 5 करोड़ रुपये से ज्यादा सलाना कमाई करने वालों की संख्या साल दर साल 106 फीसदी बढ़ गई है और इस कैटगरी में आने वालों की कुल संपत्ति 40 लाख करोड़ रुपए हो गई है। 50 लाख रुपए से ज्यादा सालाना कमाने वालों की संख्या में 64 फीसदी का उछाल आया है और पांच सालों में इनकी संपत्ति 49 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

## भारत का ऑपरेशन सद्भाव.......म्यांमार को 32 टन राहत सामग्री भेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत ने एक सैन्य परिवहन विमान से म्यांमार को 32 टन राहत सामग्री भेजी है। यह राहत सामग्री तूफान से प्रभावित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की सहायता के लिए दो दिन पहले शुरू किए गए ऑपरेशन सद्भाव के तहत भेजी गई। तूफान यागी से म्यांमार, लाओस और वियतनाम के विभिन्न हिस्से भयंकर बाढ़ की चपेट में हैं। भारत पहले ही वियतनाम और लाओस को राहत सामग्री भेज चुका है। भारत ने आईएनएस सतपुड़ा के द्वारा म्यांमार को राशन, कपड़े और दवाइयों सहित 10 टन सहायता भेजी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सद्भाव जारी है, भारत ने म्यांमार को सहायता की दूसरी खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि वायुसेना का विमान म्यांमार के लोगों के लिए स्वच्छता किट व दवाओं सहित 32 टन राहत सामग्री ले जा रहा है। जायसवाल ने कहा कि नौसेना म्यांमार के लिए अतिरिक्त 10 टन राशन ले जा रही है। ऑपरेशन सद्भाव आसियान क्षेत्र में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) में योगदान के भारत के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। इसके अलावा, भारत ने हाल में पड़े सूखे से निपटने में मदद के लिए नामीबिया को आज 1000 मीट्रिक टन चावल भेजा।

## हरियाणा में मायावती ने बढ़ाई बीजेपी-कांग्रेस की टेंशन:35 सीटों पर खेल बिगाड़ सकते हैं दलित वोटर

**चंडीगढ़** : हरियाणा में बसपा सुप्रीमो मायावती बीजेपी और कांग्रेस दोनों की टेंशन बढ़ा सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह बीएसपी का परंपरागत वोट बैंक है, जो चुनाव में खेल बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। मायावती हरियाणा पर इसलिए भी फोकस कर रही हैं, क्योंकि यहां 21 फीसदी दलित वोट बैंक है। यही वो वोट बैंक है, जो मायावती को हरियाणा में मजबूत दावेदार बनाता है। प्रदेश में दलित आबादी वंचित अनुसूचित जाति और अन्य अनुसूचित जाति के रूप में वर्गीकृत हैं। हालांकि बीएसपी को छोड़कर सभी राजनीतिक दल इन पर अपना हक जताते हैं, लेकिन पिछले 4 चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य में बीएसपी का वोट बैंक जरूर बढ़ा या घटा है। इसके अलावा विधानसभा की 17 सीटें आरक्षित हैं और राज्य की 35 सीटों पर दलित वोटरों का प्रभाव है। बीएसपी सुप्रीमो का टारगेट 17 और 35 सीटों पर है, जहां दलित वोटरों का प्रभाव है, ताकि हरियाणा में बीएसपी गेम चेंजर की भूमिका में रहे। 2011 की जनगणना के अनुसार, हरियाणा की आबादी में दलितों की हिस्सेदारी 20.2% है, जिसमें 17 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, एससी आबादी शहरी क्षेत्रों में 15.8% की तुलना में 22.5% अधिक है।

# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, 6 आईपीएस सहित 2 हजार जवानों की तैनाती

## 20 को आईसीएआर के कार्यक्रम में होंगी शामिल, तीन लेयर में होगी सुरक्षा, ट्रैफिक रूट में बदलाव



**रांचीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं. उनके दौरे की तैयारियां पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई हैं. रांची पुलिस के द्वारा राष्ट्रपति की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. वहीं, सुरक्षा के तौर पर 6 आईपीएस सहित दो हजार जवानों की तैनाती की गई है. निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह 19 सितंबर को वह राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद 20 सितंबर को नामकुम स्थित इंडियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अभी तक की जानकारी के अनुसार नामकुम में सुबह 10 बजे से हैं। 12.30 बजे वह कार्यक्रम स्थल से एयरपोर्ट रवाना होंगी।

### तीन लेयर में होगी उनकी सुरक्षा

डीआईजी रांची की ओर से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति के लिए जो प्रोटोकॉल निर्धारित किए गए हैं, उसी के अनुसार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उनकी सुरक्षा तीन लेयर में रहेगी। इसके लिए एसी ये लेकर सामान्य पुलिसकर्मियों तक को लगाया जाएगा। जरूरत के मुताबिक दूसरे जिले से भी पुलिसकर्मियों को बुलाया जा सकता है। उनके आगमन को देखते हुए रांची के कई इलाकों को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में कोई भी अपने निजी कार्य के लिए किसी भी तरह के हवाई वस्तु का इस्तेमाल नहीं करेगा।

### इन अधिकारियों के जिम्मे होगी सुरक्षा

राष्ट्रपति की सुरक्षा में 6 आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा, दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों को लगाया जाएगा। साथ ही सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता, जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल के आस-पास अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा। कार्यक्रम स्थल में सिर्फ पासधारी लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। वहीं तय कार्यक्रम को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने सुरक्षा में लगाए गए सभी अफसरों और कर्मियों को सतर्क रहने को कहा है। इसके साथ जिस रूट में राष्ट्रपति का आना-जाना होगा, वहां के थानेदारों को लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने को कहा है। लगातार गश्त भी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### भवन चिन्हित, रहेंगे जवान तैनात

राष्ट्रपति का कारकेड जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां पर स्थित ऊंची भवनों को चिन्हित किया गया है. राष्ट्रपति के आगमन से पहले ऊंचे भवनों में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी. साथ ही भवन में रहने वाले लोगों के बारे में भी पुलिस की टीम ने सत्यापन किया है. सभी के नाम, पता समेत पूरी जानकारी हासिल की गई है. उन भवनों पर पुलिस लगातार नजर बनायी हुई है. एसएसपी चंदन सिन्हा ने राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात सभी अफसरों और कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं. एसएसपी ने थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाए. खास तौर पर राष्ट्रपति का जिस इलाके में कार्यक्रम है, उन जगहों पर थानेदार के द्वारा लगातार गश्त भी लगाएं.

# लैंड फॉर जॉब केस में लालू-तेजस्वी के बाद तेजप्रताप फंसे:7 अक्टूबर को सभी को कोर्ट में पेश होना होगा



**पटनाः** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 'तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे।' प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। इस मामले में अब 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। सभी को कोर्ट में पेश होना होगा।

### किरण देवी रेलवे में नौकरी पाने वाले एक कैंडिडेट की मां हैं

जिस किरण देवी को कोर्ट ने समन जारी किया है वो पटना की रहने वाली हैं। किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन लालू यादव की बेटी मीसा भारती को बेच दी थी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई।

**अमित कात्याल को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली है नियमित जमानत**

लैंड फॉर जॉब मामले में राजद प्रमुख लालू यादव के करीबी सहयोगी अमित कात्याल को दिल्ली हाईकोर्ट ने नियमित जमानत मिल चुकी है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि 'आरोपी लगातार जांच में शामिल हो रहा है और किसी भी स्तर पर पूछताछ के लिए जारी समन से बचने की कोशिश नहीं की है। तथ्यों को देखते हुए आरोपियों के भागने की आशंका नहीं है, आरोपी 10 नवंबर 2023 से न्यायिक हिरासत में है और मामले में ट्रायल को पूरा होने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में आरोपियों को जेल में रखने से कोई उद्देश्य हल नहीं होगा।'

# झारखंड कैबिनेट की बैठक 20 सितंबर को, हेमंत सोरेन सरकार लेगी कई अहम फैसले

**रांचीः** झारखंड कैबिनेट की बैठक 20 सितंबर को बुलायी गयी है. सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से होगी. प्रोजेक्ट भवन में आयोजित बैठक में हेमंत सोरेन सरकार जनहित में कई अहम फैसले लेगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद्) की बैठक 20 सितंबर की शाम 4 बजे से होगी. झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी. झारखंड कैबिनेट की पिछली बैठक छह सितंबर को बुलायी गयी थी. प्रोजेक्ट भवन में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना समेत 63 प्रस्तावों पर कैबिनेट ने मुहर लगायी थी. हेमंत सोरेन कैबिनेट ने छह सितंबर की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी थी. इनमें झारखंड के रांची में 520 बेड के आदिवासी हॉस्टल बनाने की मंजूरी दी गयी थी. झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए खर्च को लेकर 29 करोड़ की स्वीकृति दी गयी थी. झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ 18 साल की उम्र से देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी थी. सहायक पुलिसकर्मियों के अवधि विस्तार को मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिली थी.

# रांची हेडक्वार्टर से नही गांव से चलाई सरकार: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत धनुकडीह मैदान में आयोजित "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार " कार्यक्रम में हुए सम्मिलित। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दुमका एवं जामताड़ा जिले को लगभग 875 करोड़ रूपए की दी सौगात, विभिन्न विकास योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मैं लगातार राज्य का दौरा कर रहा हूं। बस यही देखने आता हूं कि सरकार गांव से चल रही है या नहीं। गांव-गांव पहुंचकर तथा ऑनलाइन माध्यम से भी लोगों से संवाद कर उनकी बातों को सुन रहा हूं। मैं यह जानने का प्रयास कर रहा हूं कि आपके लिए जो योजनाएं राज्य सरकार बना रही है वह आप तक पहुंच रही है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी के लिए "झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" ऐसी योजना है, एक ऐसा कदम है जो महिला सशक्तिकरण में इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है, रांची हेडक्वार्टर से नही। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत धनुकडीह मैदान में आयोजित "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार " कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

### पिछले 4 वर्षों में विकास की लम्बी लकीर खींची

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में देश के विभिन्न राज्यों में फंसे प्रवासी मजदूरों को लाने का कार्य हमारी सरकार ने किया था। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय राज्य की दीदियों ने गांव-गांव, टोला टोला में खाना बनाकर लोगों को खिलाने का काम किया था। कोरोना संक्रमण काल में हमारी दीदियों की भूमिका अहम थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने उसी समय यह संकल्प लिया था कि दीदियों को राज्य सरकार अवश्य मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 4 वर्ष पहले सामाजिक सुरक्षा के तहत राज्य में काफी कम संख्या में लोगों को पेंशन मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने कानून बना दिया कि सभी पात्र लाभुक को पेंशन से जोड़ा जाए। आज कोई भी पात्र जरूरतमंद व्यक्ति पेंशन योजना से छूटा नही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 4 वर्ष में वर्तमान सरकार ने जो कार्य किया है वह कार्य पिछले 20 वर्ष में नहीं किया गया था। तमाम चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार विकास की योजनाओं को निरंतर धरातल पर उतरने का काम कर दिखाया है। पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास की लम्बी लकीर खींची है।

### 200 यूनिट बिजली फ्री, पुराना बिजली बिल भी हुआ माफ

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा राज्य में 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया गया। वर्तमान राज्य सरकार ने 20 लाख नया हरा राशन कार्ड बनाकर गरीबों के बीच बांटने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खुले बाजार से भी अनाज खरीद कर राशन वितरण करती है। इस राज्य के गरीब लोगों को आवास देने के लिए हम लोगों ने तीन वर्ष तक केंद्र सरकार से आग्रह करते रहे, लेकिन गरीबों का आवास आवंटन नहीं हुआ अंततः हमने निर्णय लिया और राज्य के गरीब लोगों को अब हमारी सरकार अबुआ आवास देगी। आने वाले 5 वर्ष के अंदर सभी 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक बिजली फ्री किया और 200 यूनिट तक के पुराने बकाया बिजली बिल को माफ करने का काम किया है।


शेष पेज 2 पर...


# झारखंड में घुसपैठ मामले की ईडी करेगी जांच:पीएमएलए के तहत दर्ज किया केस

## झारखंड पुलिस की एफआईआर को बनाया आधार, मनी लान्ड्रिंग की शंका

**रांचीः** झारखंड में घुसपैठ का मुद्दा गरमाया हुआ है। राजनीतिक स्तर इसे लेकर बयानबाजी तो होती ही रही है, वहीं हाईकोर्ट भी इस मसले को लेकर सुनवाई कर रहा है। अब इस मामले में ईडी भी शामिल हो गई है। ईडी इसे बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ में मनी लान्ड्रिंग की शंका पर जांच करेगी। इसके लेकर ईडी ने पीएमएलए के तहत केस भी दर्ज कर लिया है। ईडी ने इसके लिए झारखंड सरकार की ओर से दर्ज कराए गए एक एफआईआर को आधार बनाई है। दरअसल, बांग्लादेशी महिलाओं के जरिए जिस्मफरोशी कराने के कई मामले झारखंड पुलिस के सामने आए हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इलाके के हिल व्यू रोड बाली रिजॉर्ट से तीन संदिग्ध बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी जून महीने में की थी। गिरफ्तार तीनों युवतियों की पहचान बांग्लादेश के चटग्राम की रहने वाली निंपी बिरूआ, समरीन अख्तर व निपा अख्तर के रूप में हुई थी। तीनों ही युवतियों ने पुलिस को बताया था कि उन्हें मनीषा राय नामक की एक अन्य लड़की की मदद से कोलकाता लाया गया था। जहां से वे रांची आई थी। उन्हें ब्यूटी सैलून में जॉब दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन यहां उनसे जिस्म फरोशी कराई जाने लगी।

पुलिस ने गिरफ्तार बांग्लादेशी युवतियों से मिली जानकारी के आधार पर बरियातू थाने में चार जून को एफआईआर (संख्या 188/2024) दर्ज किया है। रांची के बरियातू थाने में आईपीसी 1860 की धारा 420, 467, 468, 471 और 34, पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12, विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14-ए के तहत यह केस दर्ज हुआ था। ईडी इस मामले को बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी, घुसपैठ और इसके जरिए मनी लान्ड्रिंग की संभावना मानते हुए पीएमएलए के तहत केस दर्ज की। अब ईडी इसे लेकर जांच करेगी।

## पेज 1 का शेष

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी सहयिका, सेविका, जल सहिया सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों समस्याओं एवं परेशानियों का समाधान करने का कार्य किया है।

### सभी वर्ग-समुदाय को मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के भीतर हर जाति, समुदाय और हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ राज्य सरकार दे रही है। किसी जाति विशेष के लिए योजनाएं नही बनाई गई है। "झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" का लाभ भी सभी वर्ग-समुदाय की माताओं-बहनों को मिल रहा है। हमारी सरकार योजनाओं के संचालन में किसी के साथ भेदभाव नही करती है।

### 132/33 के0वी0 (2x50 MVA) ग्रीड सब-स्टेशन कुण्डहित एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन का हुआ ऊर्जान्वयन

इस अवसर पर 132/33 के०वी० (2x50 MVA) ग्रीड सब-स्टेशन कुण्डहित एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन का ऊर्जान्वयन किया गया। इस ग्रीड सब-स्टेशन का निर्माण मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो के संयुक्त प्रयास से हुआ है। जिसकी ऊर्जान्वित क्षमता 2 x 50 MVA (100 MVA) जिससे कई विद्युत शक्ति उपकेन्द्र क्रमशः 33 के०वी० नाला, कुण्डहित, बामनडीहा, फतेहपुर इत्यादि को विद्युत आपूर्ति की जानी है, जिससे लाभान्वित होने वाले प्रखंड नाला, कुण्डहित, बामनडीहा एवं फतेहपुर क्षेत्र के निवासियों को विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी, ये ग्रीड सब-स्टेशन आगामी 15 से 20 सालों के विद्युत् भार को वहन करने में सक्षम है। इस परियोजना के निर्माण में लगभग 82.37 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस नवनिर्मित ग्रीड को विद्युत आपूर्ति जामताड़ा एवं मधुपुर स्थित 132/33 के०वी० ग्रीड सब-स्टेशन से उपलब्ध कराई जायेगी। इस ग्रीड के ऊर्जान्वयन के उपरान्त करीब 80 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत की आपूर्ति की जा सकेगी, जिससे जामताड़ा जिला के विभिन्न क्षेत्र नाला, कुण्डहित, बामनडीहा एवं फतेहपुर इत्यादि क्षेत्र के लाखों लोग प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे एवं लोवोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगी। ये ग्रीड सब-स्टेशन का निर्माण सरकार के 30 साल के विजन को देखते हुए सम्मानित निवासियों को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री ने दुमका एवं जामताड़ा जिले को दी ये सौगातें..

मुख्यमंत्री ने " आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार " कार्यक्रम में दुमका एवं जामताड़ा जिले को लगभग 875 करोड़ रूपए की सौगात दी। जहाँ विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 4,77,715 लाभुकों के बीच लगभग 30697.5 लाख रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दोनों जिला के विभिन्न पंचायतों के लाभुकों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जामताड़ा जिले के 263734 लाभुकों के बीच 710 करोड़ 57 लाख 23 हजार रूपए की योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं दुमका जिला के कुल 213981 लाभुकों के बीच 164 करोड़ 99 लाख रूपए की योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें जामताड़ा जिला अंतर्गत 40428.98 लाख रूपए की 275 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दुमका जिला अंतर्गत 95.74 लाख रूपए की 23 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास किया। मौके पर लाभुकों के बीच 66 एकड़ भूमि का वनपट्टा वितरण हुआ।

## बरकट्ठा में धूमधाम के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा का पर्व,पूजा को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।विश्वकर्मा पूजा का पर्व बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया।बरकट्ठा में विश्वकर्मा पूजा को लेकर विद्युत पावर सब स्टेशन, बरकट्ठा दुर्गा मंदिर परिसर, बरही स्टेंड संघ, नायक मोटर पाट्र्स, दिनेश मोटर पाट्र्स, बरकट्ठा चौखटिया टोला समेत अन्य स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। विश्वकर्मा पूजा को लेकर बेलकप्पी पंचायत के शिव मंदिर टोला में न्यू स्पोर्टिंग क्लब की ओर से मंगलवार की रात को भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया ललिता देवी, गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, झारखंड आंदोलन कारी धीरेंद्र पांडेय एवं पंसस प्रतिनिधि संजय कुमार साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बरकट्ठा के अलावा विभिन्न गांवों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर सामुहिक रूप से लोगों ने पूजा अर्चना किया। बुधवार को लोगों ने गाजे बाजे के साथ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन किया.

## प्रतिमा विसर्जन के साथ भगवान विश्वकर्मा पूजा महोत्सव हुआ संपन्न



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर अंचल व नगर परिषद क्षेत्र में भगवा विश्वकर्मा पूजा महोत्सव बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इससे पहले मंगलवार को क्षेत्र के रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज के केमिकल डिविजन सहित कई जगह भगवान विश्वकर्मा का प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना की गई। बी मोड़ विद्युत ग्रिड,विश्रामपुर बस स्टैंड,पांडेयपुर आदि जगहों पर भी पूरे हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती पर प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा अर्चना की गई। विश्रामपुर टेंपो एसोशियेसन द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित पूजा में वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह भी शामिल हुए। यहां उन्होंने विश्वकर्मा भगवान की आरती आयोजकों के साथ की। इसके अलावा श्री सिंह पांडेपुर के पूजा में भी शामिल हुए। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,पार्षद सह प्रभारी सलीमुदी अंसारी,मीडिया प्रभारी राहुल दुबे,प्रवीन सिंह,चंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## ओरमांझी के नए थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने पदभार ग्रहण किया




ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी थाना में नए थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने मंगलवार को थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है,पदभार ग्रहण करने पर नेशनल फार्मा इरबा के प्रोपराइटर सह युवा समाजसेवी रेहान अंसारी ने थाना पहुंचकर नए थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी को गुलदस्ता देकर और शॉल उड़ाकर बधाईऔर शुभकामनाएं देते हुए अभिनंदन किया, वहीं नए थाना प्रभारी ने रेहान अंसारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित किया जा सकता है, सरकार ने जो मुझे दायित्व दिया है उसे मैं पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करने का कोशिश करूंगा,थाना पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र के लोगों का कानूनी मामलों का निपटारा करने का मैं भरपूर कोशिश करूंगा,वही रेहान अंसारी ने कहा कि थाना में नए थाना प्रभारी के आने से क्षेत्र में कुछ बदलाव देखने को जरूर मिलेगा, समाज में हो रहे छोटे-बड़े घटनाओं पर अंकुश लगेगा,थाना पहुंचने वाले लोगों की समस्या का निपटारा होगा,मालूम हो कि इससे पूर्व औरमांझी थाना में आलोक सिंह पदस्थापित थे,उनके अरगोड़ा थाना में पदस्थापन होने पर उनके जगह पर थाना प्रभारी के रूप में अनिल कुमार तिवारी ने पदभार ग्रहण किया है,अनिल कुमार तिवारी इस से पूर्व रांची पुलिस लाइन में कार्यरत थे,नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करने के बाद से थाना परिसर में नए थाना प्रभारी को बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का ताता लगा हुआ है।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा सरकारी स्कूलों की तरह निजी स्कूलों को भी सुविधा मिले

## राज्य के 890 शिक्षकों को पासवा ने सम्मानित किया




रांची : प्राइवेट स्कूलस एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 12 वां शिक्षक सम्मान समारोह एसडीसी सभागार में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन श्रम मंत्री झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता, राजेश सिंह सन्नी राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस, निशा भगत उपाध्यक्ष पासवा एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, मुमताज आलम, वर्किंग अध्यक्ष मास्टर उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत गान के साथ सिटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में झारखंड के 24 जिलों के लगभग 50 से ज्यादा स्कूल के 890 शिक्षकों को शिक्षा और समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का जश्न मनाने वाला यह कार्यक्रम राज्य भर के शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण था। इसने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से झारखंड के भविष्य को आकार देने में उनके अथक प्रयासों को स्वीकार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता एवं श्रम, निबंधन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने भाषण में सभा में उपस्थित झारखण्ड के कोने कोने से आए हुए शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा की निजी विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्य बिलकुल नही भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा की निजी विद्यालयों की जो भी समस्या है उसे दूर किया जाएगा और सरकारी स्कूल की सुविधा निजी स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों को भी मिले यह मेरा प्रयास रहेगा। आज जो झारखण्ड की शिक्षा बेहतर है उसमे निजी विद्यालयो का भी रोल है। उन्होंने कहा की पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने बिहार/झारखण्ड के निजी विद्यालयों का एक मजबूत संगठन बनाया है। जो सराहनीय है और इनके माध्यम से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है जो और भी सराहनीय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैयद शमायल अहमद ने शिक्षक समुदाय के लिए अनुग्रह और प्रशंसा के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में कहा की हम मंत्री जी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री से मांग करते हैं की पिछले सरकार ने जो निजी स्कूलों को जमीन की बाध्यता लगाई है उसे खत्म किया जाए। निजी स्कूलों को अगर जमीन की बाध्यता खत्म न किया गया तो शिक्षा जगत में गिरावट आजाएगी। शिक्षक ज्ञान और मूल्यों के पथप्रदर्शक होते हैं। शिक्षा प्रदान करने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता समाज में प्रगति की आधारशिला है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश सिन्हा सुन्नी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा के प्रतिवर्ष इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों को शिक्षा जगत में किए गए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहा एवं सम्मानित करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद को बहुत-बहुत बधाई दी एवं उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। पासवा के राज्य महासचिव मसूद कच्छी ने अपने संबोधन में मुख्यातिथि, विष्टि अतिथि का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हमारी संस्था पासवा निजी स्कूलों के शिक्षको को सम्मान देने का कार्य करती है। शिक्षक एक समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति होता है जो विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में शिक्षा देता है। वे शिक्षा के मूल अध्यापन के साथ-साथ विद्यार्थियों के विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें समझाने और स्पष्ट करने में मदद करते हैं। शिक्षकों की महत्ता समाज के लिए अनमोल है। इनके अलावा तौफीक हुसैन, बीएनपी बरनवाल,प्रदीप कुमार, मुमताज आलम, गौतम, ग्यासुद्दीन, हुसैन अंसारी, साबिर हुसैन, मो उस्मान, अंसारुल्लाह, अरविंद कुमार, महताब अंसारी, मो अर्श ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन पासवा के राज्य अध्यक्ष मो उस्मान ने किया। नेशनल एंथम के साथ कार्यक्रम का स्मापन्न हुआ।

## जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार की ओर से गुरु सम्मान समारोह का आयोजन





बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सूर्यकुंड में जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग के सचिव सुनील कुमार एवं उनकी टीम की ओर से गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि बरही डीएसपी सुरजीत कुमार, झारखंडी एकता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, समिति के अध्यक्ष धनेश्वर राणा, दिलीप कुमार गुप्ता, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता, गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, आर्ष कन्या गुरुकुल के डायरेक्टर आचार्य कौटिल्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आये सैकड़ों सरकारी सेवा से सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षिकाएं, सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओ को अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र, पुस्तक एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में कोई नहीं ले सकता है। गुरु हमारे मार्गदर्शक होते हैं जो शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण करते हैं। सुनील कुमार ने कहा कि समाज सेवा एवं शिक्षकों के प्रति आदर-भाव की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद एवं अपने पिता स्व रामसहाय रजक (पूर्व शिक्षक) से मिला है।कहा कि लोगो की समस्या व समाधान हेतु बरकट्ठा में सामाजिक सहायता केंद्र खोला गया है।क्षेत्र के जन समस्याओं को नियमानुसार जनकल्याण हेतु लोगों की समस्याओं का समाधान एवं सरकारी योजनाओं से जोड़कर युवाओं को रोजगार से भी जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर जेबीकेएसएस नेता गौतम कुमार, समन ठाकुर, शिक्षक संघ अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, शिक्षक यमुना साव, राजेंद्र प्रसाद यादव, रामचन्द्र प्रसाद, राजकुमार यादव, दिलीप पासवान, एजाज अहमद, दशरथ साव,अशोक दास, विनय कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जल जमाव के कारण अपने ही घर में तीन दिनों से कैद हुए मानगो शांति कॉलोनी के लोग ,पूर्व विधायक स्व.टीकाराम माझी का भी परिवार हुआ कैद



जमशेदपुर । मानगो उलीडीह टैंक रोड़ स्थित शांति कॉलोनी के लोग अपने ही घर में तीन दिनों से कैद है । मानगो नगर निगम के द्वारा कई वर्षो से नाली बनाने की मांग को पूरा नहीं करने के कारण लगातार बारिश के कारण पूरा मोहल्ला तालाब बन गया है । लोगों का संपर्क मुख्य सड़क से पूरी तरह टूट चुका है स्थानीय निवासी प्रभास दास ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दिया मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को प्रभास दास ने बताया की दो वर्ष पूर्व भी बारिश के समय बस्ती वासियों इसी तरह की समस्या से जूझना पड़ा था उस समय नगर निगम के अधिकारी मौके में पहुंचकर दो महीने के अंदर नाली का निर्माण करवाने की बात कहते हुए समस्या के समाधान हेतु तत्काल मोटर पंप लगाकर पानी का निकास करवाया था लोगों को पूरा भरोसा था कि नगर निगम के उच्च अधिकारी आए हैं और पंप लगवाकर पानी निकलवाए हैं तो निश्चित रूप से नाली का निर्माण हो जाएगा लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी इंच नाली का निर्माण नहीं हुआ । जल जमाव के कारण बच्चे विद्यालय और ट्यूशन नहीं जा पा रहे हैं पर अब त्यौहार के दिन महिलाएं पुरुष बाजार करने नहीं जा पा रहे हैं साथ ही घर में बीमार पड़े लोग डॉक्टर के पास नहीं जा पा रहे हैं महामारी फटने की आशंका से लोग भयभीत है । जमे हुए पानी में लोगों ने सांप को देखा जिसे और भयभीत हो गए हैं । मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को दिया साथ ही विकास सिंह ने कहा कि मामले का स्थाई समाधान नहीं होने पर स्थानीय लोगों के साथ मानगो नगर निगम में तालाबंदी की जाएगी । मौके में मुख्य रूप से विकास सिंह ,अजय लोहार, मदन मोहन दंडपत,गौतम दंडपत, प्रभास दास, विष्णु भक्त, तापस दास, प्रभास सिन्हा, रॉबिन सिन्हा, सुदीप सिन्हा, इला रानी हलदर, शांतनु हलदर, शांति मांझी, सुशील कुमार, दिलीप धीवर, तापस धीवर, संजीव कुमार मुख्य रूप से मौके में मौजूद थे ।

## विधायक ने विश्रामपुर में चार करोड़ 78 लाख के सड़क व पुल का किया शिलान्यास



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने आज विश्रामपुर में चार करोड़ 78 लाख 15 हजार के दो योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें सिगसिगी ग्राम पंचायत के ओरिया मोड़ से झगरुआ खुंटीसोत नदी तक डेढ़ करोड़ का पक्की सड़क और गोदरमा लारंगाहा गांव के पास भेलावा नदी पर दो करोड़ 78 लाख का पुल निर्माण कार्य शामिल हैं। श्री चंद्रवंशी ने दोनो योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ते हुए शिलापट्ट का अनावरण कर के किया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास का असली पैमाना होता है। इसीलिए विश्रामपुर विस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया। क्षेत्र के हर नदी नालों पर पुल-पुलिया का निर्माण कराया। अब क्षेत्र का हर प्रमुख सड़क बन चुका है। सभी नदी नाले पर पुल का भी निर्माण हो चुका है। क्षेत्र के लोगों के पास कोई छोटी बड़ी कच्ची सड़क दिखाई दे तो हमे सूचित करें। उसे भी पक्का बनवाया जायेगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,नरसिंह चौबे,शिवबंश मिश्रा,जवाला गुप्ता,सुनील कुमार चौधरी,दामोदर यादव,सत्यनारायण सोनी,रजनीश चंद्रवंशी,विजय पेंटर,सच्चिता मेहता,विकाश चंद्रवंशी,उपेंद्र तिवारी,धीरन तिवारी,संजय तिवारी,रामानंद तिवारी,धर्मेंद्र राम,किरण देवी,अर्चना देवी,बबिता देवी,सबिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने भलूही में नवनिर्मित माता सबरी मंदिर का किया उद्घाटन,किया पूज़ा अर्चना



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नप के भलुही गांव में नव निर्मित माता सबरी मंदिर का उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने माता सबरी की मूर्ति का अनावरण करते हुए पूजा अर्चना भी किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा की हमारे लिए सभी जात धर्म के लोग एक परिवार जैसा है। सभी महापुरुष और सभी के देवी देवता भी मेरे लिए एक समान हैं। इसलिए सभी देवी देवताओं का मंदिर बनवाकर उनकी प्रतिमा स्थापित कर रहा हूं। हमारा प्रयास है कि भारत की सभी पुरानी गौरवशाली धार्मिक सांस्कृतिक इतिहास संजो कर रखा जाए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में दर्जनों मंदिरों का निर्माण कराया। इसके अलावा कई संतों,महापुरुषों का प्रतिमा लगवाया। जिसमे माता सबरी,संत शिरोमणि रविदास,बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर का प्रतिमा शामिल हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र यादव ने कहा की भारत की संस्कृति में कोई छोटा बड़ा नही है,यहां सभी लोग एक बराबर हैं। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक श्री चंद्रवंशी को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,सुनील चौधरी,दामोदर यादव,सत्यनारायण सोनी,रजनीश चंद्रवंशी,सचिता मेहता,विकाश चंद्रवंशी,उपेंद्र तिवारी,धीरन तिवारी,संजय तिवारी,रामानंद तिवारी,तिवारी,धर्मेंद्र राम,विजय पेंटर,किरण देवी,अर्चना देवी,बबिता देवी,सबिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।


### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (समाज कल्याण शाखा)

**सूचना**

विज्ञापन **PR No– 334886** दिनांक–05.09.2024 एव कार्यालय ज्ञापांक–803 / स0क0 दिनांक–05.09.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में आंगनबाडी केन्द्रों में उपस्थित होने वाले 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक स्वेटर (Hoodie) (Winter Uniform) आपूर्ति हेतु प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा के तकनिकि शर्त के कंडिका–14 एवं निविदा जमा करने की तिथि में निम्न संशोधन किया जाता है :–

| कंडिका सं० | प्रकाशित विज्ञापन की शर्त | संशोधित शर्त |
|---|---|---|
| 14 | निविदादाता / OEM को किसी भी सरकारी / अर्द्धसरकारी कार्यालय / संस्थान में विगत तीन वर्षो में गर्म पोशाक के आपूर्ति का कार्यादेष प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा, साथ ही कार्य अनुभव से संबंधित ससमय कार्य सम्पादन का Work Completion Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा निविदादाता को गर्म पोशाक के आपूर्ति हेतु कम से कम रूपया–10000000.00 (एक करोड) का Single क्रय / आपूर्ति आदेश निर्गत होना अनिवार्य होगा। | निविदादाता / OEM को किसी भी सरकारी / अर्द्धसरकारी कार्यालय / संस्थान में गर्म पोशाक के आपूर्ति का कार्यादेष प्रमाण पत्र एवं कार्य अनुभव से संबंधित ससमय कार्य सम्पादन का Work Completion Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा निविदादाता को गर्म पोशाक के आपूर्ति हेतु कम से कम रूपया–9500000.00 (पंचान्बे लाख) का Single क्रय / आपूर्ति आदेश निर्गत होना अनिवार्य होगा। |

- इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता / एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन मुहर बन्द लिफाफे में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–25 / 09 / 2024 को पूर्वाहन / अपराहन 12:00 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–25 / 09 / 2024 को 03:00 बजे पूर्वाहन / अपराहन में जिला स्तरीय क्रय समिति / निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा।

**पूर्व में प्रकाशित निविदा इस हद तक संशोधित समझा जाय।**

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

**PR 335900 Women, Child Development & Social Security(24-25)#D**

उपायुक्त, कोडरमा



### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, खूँटी
### (समाज कल्याण शाखा)

Email ID – dswo-khunti@jharkhandmail.gov.in

**(अति अल्पकालीन निविदा)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में खूँटी जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय / आपूर्ति निर्धारित दर पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 30.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, खूँटी में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा उसी दिवस को 3.30 बजे जिला स्तरीय क्रय / निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खूँटी में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि स्वेटर के नमूने के साथ भाग लेंगे। विस्तृत जानकारी जिले का वेबसाईट khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

**PR.NO.335915 District(24-25):D**

उपायुक्त, खूँटी



### असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय,खूँटी।

ई–निविदा संख्या :– 2282 दिनांक :– 18.09.2024

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

सदर अस्पताल, खूँटी एवं सर्जेंसी के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए उच्च गुणवता के मशीन उपकरण, उपस्कर एवं Surgical Equipment आदि के आपूर्ति हेतु मूल्य निर्धारण / क्रय हेतु निबंधित निर्माताओं या उनके अधिकृत आपूर्तिकर्ता / विक्रेताओं / प्रतिष्ठानों / प्राधिकृत एजेंसियों से दिनांक–04.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से तकनिकी विवरणी सभी व्यौरे तथा शर्तों सहित ई–निविदा विवरणी आदि अधिकृत वेबसाईट http:// Jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक–**23.09.2024** देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन / शुद्धि पत्र वेबसाईट http:// Jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 335885 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

## अचानक गन्ने के खेत से निकला बाघ, जबड़े में दबाकर 500 मीटर घसीटकर ले गया

बेतिया. वीटीआर के जंगल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को एक बार फिर बाघ का डर सताने लगा है। साल 2022 में हुई घटना एक बार फिर लोगों के जेहन में ताजा होने लगी है। दरअसल, मंगलवार को बेतिया के गौनहा प्रखंड के वीटीआर के मानपुर वन क्षेत्र से एक बाघ निकलकर नजदीक के खेत में पहुंच गया। यहां बकरी चरा रहे इंद्रदेव महतो पर हमला कर दिया। जिस समय बाघ ने हमला किया, उस वक्त इंद्रदेव अपनी पत्नी कांति देवी के साथ खेत में बैठकर खैनी बना रहा था। हालांकि, बाघ को देखकर कांति देवी ने वहां से भागकर अपनी जान बचा ली। बाघ ने इंद्रदेव को 500 मीटर दूर गन्ने के खेत में घसीट कर ले गया। ग्रामीण पहुंचे तो शव छोड़कर बाघ भाग गया। तब तक इंद्रदेव के गर्दन से लेकर छाती तक की चमड़ी की पूरी परत हटा चुकी थी। गांव वालों ने बताया कि 'हम लोग डरे हुए हैं। वन विभाग की टीम लगातार ड्रोन से बाघ को ट्रैक करने में जुटी है।'

## पंचतत्व में विलीन हुए पप्पू यादव के पिता

पटना. पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के पिता चंद्रनारायण यादव का पार्थिव पंचतत्व में विलीन हो गया है। मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया। वो 80 साल के थे। चंद्र यादव का पार्थिव शरीर देर शाम पटना AIIMS से उनके पैतृक गांव मधेपुरा के खुर्दा गांव पहुंचा। मधेपुरा में आनंद मार्ग में रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम दाह संस्कार किया गया। पप्पू यादव ने पिता को मुखाग्नि दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पप्पू यादव को फोन कर उन्हें सांत्वना दी है। वहीं, पप्पू यादव ने कहा कि मेरा सबकुछ खत्म हो गया। पिता के जाने के बाद मेरे पास कुछ नहीं बचा। पिछले कुछ दिनों से वो बीमार चल रहे थे। 8 सितंबर को उन्हें पटना AIIMS में एडमिट कराया गया था। निधन की जानकारी सांसद पप्पू यादव ने खुद सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने लिखा- पापा नहीं रहे। एक और पोस्ट में उन्होंने लिखा- 'मेरी दुनिया उजड़ गई। मेरे सृजनकर्ता, आदर्श, मेरे विचार केंद्र, मेरे प्रेरणा श्रोत, मेरे पथ प्रदर्शक, मेरी शक्ति के उत्स पिताजी नहीं रहे। पापा आपके बिना मैं कुछ नहीं।'

## डूबे छात्र का दूसरे दिन मिला शवःखोजबीन के दौरान परिजनों को किशोर के मिले कपड़े, घर से घूमने निकला था

आरा(भोजपुर). भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के जैसीडीह गांव में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव जैसीडीह गांव स्थित पुल के समीप आहर से मंगलवार को बरामद किया गया है। मृत छात्र पीरो थाना क्षेत्र के जैसीडीह गांव निवासी संतोष पासवान का 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार उर्फ गंगा है एवं आठवीं कक्षा का छात्र था। मृत छात्र के दादा परशुराम पासवान ने बताया कि सोमवार की शाम करीब चार बजे वह घर से निकला था। इसी बीच वह गांव में स्थित पुल के समीप आहर में गिरकर डूब गया। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जब परिजन दूसरे दिन मंगलवार को खोजबीन करने के लिए गांव में ही स्थित आहर के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उसका शर्ट पुल पर है और पुल में निकले सरिया में उसका शव फंसा हुआ है। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने चार बहन व एक भाई में छोटा था। अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। उसके परिवार में मां दीपाकाली देवी एवं चार बहनें हैं।

## करम डाली विसर्जन के साथ करमा पर्व का समापनःजमुई में आदिवासी महिलाओं ने मनाया पर्व

जमुई. जमुई जिले के सिमुलतल्ला इलाके की आदिवासी महिलाओं और युवतियों द्वारा बुधवार को करम डाली के विसर्जन के साथ करमा पर्व संपन्न हुआ। हिंदू रीति रिवाज से आदिवासी महिलाएं भाई और पिता के दीर्घायु होने की कामना के साथ करमा पर्व को मनाया। परंपरागत परिधान में नृत्य और करमा गीत गाकर त्योहार को चार चांद लगा दिया।बड़ी संख्या में महिला,युवती और छोटे छोटे बच्चे पहाड़ के तराई क्षेत्रों में फूल तोड़ने के क्रम में गीत गाकर करमा पर्व का समापन किया। तीन दिनों तक चले इस पर्व को भाई बहन के अटूट प्रेम के पर्व करमा को लेकर गांवों में सुबह से ही चहल पहल देखने को मिली। बता दें कि सिमुलतल्ला इलाके के डहुआ, पटुआ और चकाई के हरला, बेंद्रा आदि इलाके में इस पर्व को लेकर काफी धूमधाम से मनाया गया है। सड़कों पर करम की डाली रखकर नृत्य करते हुए नजर आई तो कहीं अपने घर में युवतियों ने करम डाल की पूजा करके अपने भाइयों के लिए मंगल कामना की। इसके अलावा इस बार करमा पूजा में जमुई जिले में 6 बच्चियों की तालाब और पोखर में फुल तोड़ने और पूजा के लिए मिट्टी लाने के दौरान डूबकर मौत हो गई थी।

## खाना बनाने के दौरान झुलसी महिला की मौतः बेतिया में पुलिस ने कराया पोस्टमॉर्टम

बेतिया. बेतिया में गैस रिसाव से लगी आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। महिला का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था। घटना जिले के पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के मधुरी गांव की है। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इसके साथ ही जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि मृतका की पहचान मधुरी गांव निवासी सोनेलाल महतो की 32 साल की पत्नी सोनी देवी के रूप में की गई है। उन्होंने आगे कहा कि परिजनों के आवेदन पर यूडी केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दरअसल 7 सितंबर की सुबह सोनी देवी अपने घर में खाना बना रही थी। उसी समय अचानक गैस सिलेंडर से रिसाव होने लगा और आग लग गई। इसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान सोनी की मौत हो गई।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर जीविका दीदियों ने किया प्रदर्शनःसीतामढ़ी में जमकर की नारेबाजी

सीतामढ़ी. सीतामढ़ी में जीविका समूह की दीदियों ने डुमरा प्रखंड के मुरादपुर स्थित संकुल स्तरीय जीविका कार्यालय में 10 सूत्री मांगों को लेकर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जीविका दीदियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर कहा कि सभी जीविका को नियुक्ति और पहचान पत्र सरकार की ओर से मिलना चाहिए। मानदेय कॉन्ट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगना चाहिए। इसके साथ ही सभी कैडर का मानदेय कम से कम 25000 होना चाहिए। ऑफिस से सभी को हटाने की धमकी दी जाती है। ऑफिस धमकी देना बंद करे। इसके साथ ही तीन साल पुराने जीविका दीदी का ऋण माफ होना चाहिए। परियोजना में तीन साल पूरा करने वाले कैडरों के लिए सरकार की ओर से स्टाफ के रूप में पदोन्नति मिलनी चाहिए। सभी कैडरों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ, अवकाश, महिला कैडरों को विशेष अवकाश देना की व्यवस्था की जाए। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों जीविका दीदी शामिल हुई। अंत में संकुल स्तरीय संघ के अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा गया।

## पुलिसकर्मी ने युवक को पीटा, अस्पताल में भर्ती

मधुबनी. मधुबनी के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के बसैठ में डायल 112 की पुलिस पर युवक की बेरहमी से पिटाई करने का मामल सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बसैठ चौक को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार युवक गाय लेकर सड़क से गुजर रहा था। इस दौरान साहरघाट थाना क्षेत्र के डायल 112 की पुलिस टीम बसैठ से साहरघाट की तरफ लौट रही थी। इस बीच बसैठ के लोहा पुल के पास सड़क पर गाय जा रही थी। इससे पुलिस की गाड़ी रुक गई और पुलिस कर्मी गुस्सा हो गए। पुलिस ने गुस्से में गाय लेकर जा रहे युवक राहुल कुमार की पिटाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को पुलिस ऐसे पीट रही थी, जैसे उसने कोई अपराधी कर दिया हो। जब युवक बेहोश हो गया तो उसे सड़क किनारे छोड़कर पुलिस चली गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घायल युवक को स्थानीय डॉक्टर ने दरभंगा लेकर जाने की सलाह दी है। बताया जा रहा है कि युवक के सीने की हड्डी टूट गई है। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने डीकेबीएम और एसएच-52 को जाम कर दिया।

# हत्या की, टॉयलेट में दफनाया ऊपर से प्लास्टर कियाःआरोपी ने डेकोरेशन के बहाने घर बुलाया था

नालंदा. नालंदा में एक व्यक्ति की लोढ़े से सिर कूचला, फिर कुदाल से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। फिर उसके शव को शौचालय में दफनाया। इसके बाद शव के ऊपर सीमेंट से प्लास्टर कर दिया। वारदात के दो दिन बाद पुलिस ने शव को बरामद किया है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के दामोदर गांव के रहने वाले संतोष कुमार (40) के रूप में हुई है। हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि घटना के समय आरोपी अपने कपड़े उतार दिया, ताकि खून के धब्बे और निशान उसके कपड़ों पर न लग जाए। डीएसपी ने बताया कि17 सितंबर को संतोष कुमार की पत्नी सुजाता देवी ने हिलसा थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान आरोपी विक्कू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। बुधवार को शव बरामद कर लिया है। मृतक संतोष कुमार नालंदा में ही डेकोरेशन का काम करता है। तीन दिन पहले (15 सितंबर) को वह अपने बेटे रोहित के साथ गांव से तीन किलोमीटर दूर आरोपी विक्कू चौधरी के घर मरांची गांव गया था। विक्कू ने उसे डेकोरेशन के लिए बुलाया था। यहां से विक्कू दोनों को 13 किमी दूर हिलसा ले गया। मृतक के बेटे का कहना है कि आरोपी अपने मौसा के घर ले गया। रात हो जाने की वजह से तीनों वहीं रुक गए। हत्या से पहले विक्कू ने दोनों को चिकन चावल खिलाया। फिर सोने के कुछ देर बाद विक्कू ने संतोष की हत्या कर दी और घर के शौचालय में चार फीट गड्ढा खोदकर दफना दिया। आरोपी ने वारदात के अगले दिन मृतक के बेटे की भी पिटाई की और उसे बेहोशी की हालत में झाड़ियों में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, उसने हत्या क्यों की इसका पता अभी नहीं चल पाया है। घटना हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदौत गांव की है।

### बेटा बोला- सुबह पिता को खोजा, तो विक्कू मारपीट करने लगा

मामले को लेकर मृतक के बेटे रोहित ने बताया, मैं अपने पिता के साथ डेकोरेशन का सामान लेकर आरोपी के घर गया था। वह हम दोनों को हिलसा ले गया। कहा- वहां मेरे मौसा का घर है। डेकोरेशन का सामान भी वहीं रख देंगे। वहां पहुंचने के बाद रात हो गई। हमलोग चिकन चावल खाने के बाद सो गए।

रोहित ने बताया कि मैं किसी तरह गांव से बाहर आया और एक व्यक्ति से मदद मांगकर डायल-112 पुलिस की मदद से हिलसा थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### पूछताछ में आरोपी ने कबूला अपना जुर्म

मृतक के भाई राकेश पटेल ने बताया कि विक्कू चौधरी कुछ दिन पहले संतोष कुमार के पास आया था। उसने कहा कि घर में पूजा और शादी है। उससे डेकोरेशन को लेकर बातचीत तय हुई थी। जिसके बाद संतोष डेकोरेशन के सामान के साथ विक्कू के घर गया था। संतोष का शव जगलाल चौधरी के घर से बुधवार की सुबह मिली। संतोष की डेड बॉडी आरोपी के निशानदेह पर बरामद की गई है। मृतक के परिवार वाले आशंका जता रहे कि डेकोरेशन का सामान हथियाने के लिए उसने मर्डर किया है। सामान करीब 3 लाख रुपए का है, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### पैसे के लेनदेन में की गई हत्या

हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पता चला कि विक्कू चौधरी से संतोष 50 हजार रुपया लिया था। लेकिन रुपया नहीं दे रहा था। फिर विक्कू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुदाल से काटकर हत्या की है। आरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी विक्कू को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही डेकोरेशन का सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने सामने आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने लोढ़ी से सिर कूच कर हत्या की है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि हत्या के बाद लाश को शौचालय में छिपाया है। जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# गणपति दर्शन के लिए उमड़ी 20 हजार लोगों की भीड़ः गुलाबबाग के राजा से मांगी सुख समृद्धि की दुआएं, भुवनेश्वर के प्राचीन मंदिर की थीम पर पंडाल

पूर्णिया. दस दोनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद गुलाबबाग के राजा बुधवार को शहरवासियों विदा लेंगे। । विदाई से ठीक पहले मंगलवार रात गुलाबबाग के राजा की हवन पूजन और भव्य आरती की गई। बप्पा के एक झलक पाने भर को भक्तों की लंबी कतार लगी रही। गुलाबबाग में मुख्य मार्ग से लेकर पूजा पंडाल और मेला ग्राउंड में भक्तों का रेला रहा। अंतिम दिन 20 हजार से अधिक लोग बप्पा के दर्शन करने पहुंचे। जिसमें लोगों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। भुवनेश्वर के प्राचीन मंदिर की थीम पर डेवलप किए गए पूजा पंडाल का लोगों ने दीदार किया। बप्पा के दर्शन किए और सुख समृद्धि की कामना की।



बप्पा के दर्शन के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

गुलाबबाग के बप्पा के दर्शन करने के लिए कोई परिवार संग, कोई दोस्तों के संग तो कोई अकेला पहुंचा। शाम ढलते ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया और रात भर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम दिखाई दिया। युवाओं की टोली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। पंडाल के साथ सेल्फी और फोटो लेने के लिए यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बीच होड़ मची। मौका आखिरी था, ऐसे में बप्पा के दर्शन करने पहुंचने वाले लोग लोगों ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया।

जानकारी देते हुए पंडित संजय झा, पंचानंद झा और पुजारी नितेश मिश्र ने कहा कि गुलाबबाग में गणपति महोत्सव का आगाज कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के विजय के बाद हुआ था। उस समय से यहां हर साल महोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। गरीबों के कल्याण और मानव जीवन के संकट को दूर करने वाले गुलाबबाग के राजा हैं। ऐसे में यहां न केवल कोसी और सीमांचल बल्कि नेपाल और बंगाल से भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे। लोगों ने दस दिनों तक चलने वाले गणपति महोत्सव का जमकर लुफ्त उठाया।

## औरंगाबाद में बाइक समेत परिवार के 5 लोग डूबेः तीन को ग्रामीणों और गोताखोरों ने बटाने नदी से निकाला

औरंगाबाद. औरंगाबाद में मंगलवार रात करीब 8 बजे एक बाइक सवार परिवार के 5 लोग बटाने नदी में बह गए। सभी देव की ओर से कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम की ओर जा रहे थे। नदी के पुल के पास वैकल्पिक रास्ता है। वहां से गुजरने के दौरान सभी नदीं में डूब गए। पांच लोगों में तीन को स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की सहायता से निकाल लिया गया। तीनों की स्थिति गंभीर है। मां-बेटे लापता हैं। गंभीर लोगों का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घटना अंबा देव पथ की है। ग्रामीणों ने कासमा थाना क्षेत्र के पखनोउर निवासी शीला देवी (45), गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव निवासी संतोष पाल और सत्यम कुमार (2) को बचा लिया। वहीं, संतोष पाल की पत्नी प्रियंका देवी और एक साल का बेटा अभ्यम कुमार लापता है। सभी एक ही परिवार के हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही अंबा अंचलाधिकारी चंद्रप्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई पंकज झा, एसआई सत्येंद्र झा, एसआई औरंगजेब खां सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन में लग गए।

स्थानीय रमेश कुमार पाल ने बताया कि हमलोगों ने तीन लोगों को निकाला। जिनका इलाज कुटुंबा रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है। यह सभी एक ही बाइक पर सवार होकर महुआ धाम की ओर जा रहे थे। एसडीआरएफ की टीम पहुंच रही है। लापता प्रियंका देवी और पुत्र अभ्यम कुमार की खोजबीन की जा रही है। रात साढ़े 11 बजे खोजबीन की गई।

## ससुराल से 100मीटर दूर कुएं में मिली विवाहिता की लाशः पांच माह पहले हुई थी शादी

आरा(भोजपुर). भोजपुर में तीन दिन से लापता विवाहिता का शव ससुराल से 100 मीटर की दूरी पर कुएं में मिली। मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मायके वालों का कहना है कि दहेज में बाइक और सोने की चेन मांगी जा रही थी। मृतका कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव निवासी चंदन ओझा की 19 वर्षीय पत्नी सोनी देवी है। पांच माह पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वालों ने मायके वालों को फोन पर बताया कि सोनी कहीं भाग गई है। मायके वालों को शक हुआ तो वे लोग ससुराल पहुंचे। तब मामले का खुलासा हुआ। मामला ओझवलिया गांव का है। शाहपुर थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी और मृतका के भाई अमरकांत दुबे ने बताया कि अपनी बहन सोनी देवी की शादी इसी वर्ष 24 अप्रैल को कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव निवासी स्व. गजाधर ओझा के पुत्र चंदन ओझा से की थी। उसका पति दिल्ली में रहकर गाड़ी चलाता है। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी सास और ससुराल के अन्य सदस्य बाइक और सोने की चैन की मांग करने लगे। उसे प्रताड़ित किया जाता था। फोन पर बात नहीं करने दिया जाता था। रक्षाबंधन के दिन उससे फोन पर बात की थी तो उसने कहा कि मुझे घर नहीं ले चलोगे। तब उसके पति ने कहा कि था नहीं जाएगी।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने 211 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यासः कैमूर में ग्रामीण बोले-हमें कई समस्या रखनी थी, सीएम के सामने नहीं जाने दिया

कैमूर. कैमूर में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे जहां 211 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मां मुंडेश्वरी धाम परिसर स्थित बिहार के इकलौते वन्य प्राणी इको पार्क का उन्होंने उद्घाटन किया जो 14 एकड़ में 10 करोड़ रुपए की लागत से बना था। उसके बाद मुंडेश्वरी में दर्शन पूजन किया। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से रामगढ़ प्रखंड के तियरा पहुंचे, जहां विभिन्न विभागों द्वारा लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम में मीडिया और जनता से दूरी बनाए रखी, लेकिन ग्रामीण काफी नाराज दिखे।इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को जाने की



इजाजत नहीं दी गई थी। सभी लोगों को घरों में प्रशासन ने कैद रखा। उनके जाने के बाद जनता ने काफी भड़ास निकाली। कहा कि हमारे गांव में आकर मुख्यमंत्री हम ही से नहीं मिले हमारी समस्याओं को नहीं सुने। तियरा गांव के महेंद्र कुमार और रवि कुमार बताते हैं कि मुख्यमंत्री हमारे गांव में आए थे हमने टीवी पर तो देखा है लेकिन उनको नजदीक से नहीं देखा। लेकिन प्रशासन के लोगों द्वारा हम लोगों को देखने तक नहीं दिया गया। हम लोगों की कई समस्याएं थी जिसमें नदी पर पुल बनाना, श्मशान के लिए भूमि, बच्चों के खेलने के लिए खेल मैदान लेकिन मिलने तक नहीं दिया गया कि हम लोग अपनी बातों को उन तक पहुंचा पाए। बेचनी कुंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि नीतीश कुमार जब गांव में आए तो पुलिस वाले हम लोगों को भगा दिए हैं। ना हम लोग उनको देख भी नहीं पाए।

## समस्तीपुर में डॉक्टरों की एक दिवसीय ट्रेनिंगःनवजात को सांस लेने में दिक्कत होने पर बताया उपाय, कृत्रिम सांस देकर बचाएं जिंदगी

समस्तीपुर. समस्तीपुर में नवजात बच्चों में सांस में दिक्कत के कारण हो रही परेशानी को लेकर सदर अस्पताल में बुधवार को एनआर की ट्रेनिंग दी गई। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर एस के चौधरी ने कहा कि जन्म के तुरंत बाद अगर नवजात बच्चों में सांस लेने में कठिनाई हो रही है, बच्चा रो नहीं रहा है तो कृत्रिम सांस देना चाहिए। इससे बच्चों के जीवन को बचाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नवजात श्वसन संकट सिंड्रोम (NRDS) तब होता है, जब बच्चा का फेफड़ा पूरी तरह से विकसित नहीं होते है। पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं दे पाते हैं। इससे सांस लेने में कठिनाई होती है। यह आमतौर पर समय से पहले जन्मे बच्चों को प्रभावित करता है। इसे शिशु श्वसन संकट सिंड्रोम, हाइलाइन झिल्ली रोग



या सर्फेक्टेंट की कमी से होने वाला फेफड़े का रोग भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर ऐसी स्थिति में बच्चे का इलाज तो कर लेते हैं, लेकिन सामान MBBS डॉक्टर इसे करने में असमर्थ होते हैं। सभी डॉक्टर इस बात को समझें। इसको लेकर यह ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित की गई है। इस ट्रेनिंग के दौरान डॉक्टर को बताया गया कि किस तरह से नवजात को कृत्रिम सांस देना चाहिए ताकि उसके जीवन को बचाया जा सके। इस विधि को अपना कर हम नवजातों के मृत्यु दर को भी काम कर सकते हैं। जन्म के बाद सांस लेने में दिक्कत के कारण नवजात में मौत की संभावना बनी रहती है। अगर तुरंत इस पर ध्यान नहीं दिया जाए, तो नवजात की मौत भी हो सकती है। ट्रेनर के रूप में डॉक्टर नागमणि राज के अलावा डॉक्टर राजेश कुमार, डॉ इश्रत, डॉ आशुतोष ने सदर अस्पताल के सभी एमबीबीएस डॉक्टर को नवजातों में होने वाले सांस की समस्या के बारे में विस्तृत रूप से ट्रेनिंग दी। ट्रेनरों ने बताया कि इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य नवजातों के जीवन की रक्षा करना है ताकि मृत्यु दर को काम किया जा सके। जहां बता दे की सांस लेने में परेशानी के कारण जन्म लेने वाले बच्चों में दो फ़ीसदी तक बच्चों की मौत हो जाती है।

## बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री 26 को आएंगे गयाः सुनाएंगे भागवत कथा

गया. पितृपक्ष के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री 26 सितंबर को गयाजी धाम पहुंचेंगे। वे यहां अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगे। साथ ही उन्हें भागवत कथा भी सुनाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वे बोधगया के सम्बोधि रिसोर्ट में ठहरेंगे और वहीं विधि-विधान से भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराया जाएगा। साथ ही उसी रिसोर्ट परिसर में वे भागवत कथा भी सुनाएंगे। इस बात की पुष्टि डीएम डॉ. त्यागराजन ने की है। डीएम ने कहा कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के गया आने की औपचारिक सूचना मिली है। इसके अलावा शेष जानकारी उनके पंडा को ही है। इधर, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के तीर्थ पुरोहित गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री और उनके भक्त बड़ी संख्या में गया जी धाम में पिंडदान के लिए पधार रहे हैं। वे हमसे गुरु आज्ञा लेकर भक्तों का पिंडदान कराएंगे। गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने बताया कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के भक्तों के पूर्वजों का अर्पण, तर्पण, पूजा-पाठ, पिंडदान की क्रिया को देव घाट स्थित ओडिशा भवन परिसर में एक साथ कराया जाएगा।

## डकैती करने वाले 5 डकैत गिरफ्तारःसुपौल में 8 दिन पहले हुई थी वारदात

सुपौल. सुपौल के राघोपुर थाना इलाके में बेगाईपट्टी में 10 सितंबर को बदमाशों द्वारा डकैती मामले में पुलिस ने पांच अपराधियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय में पीसी की। उन्होंने बताया कि 10 तारीख को राघोपुर थाना इलाके के बेगाईपट्टी निवासी मो.अयूब के घर पर अपराधी हथियार से लैस होकर पहुंचे और मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित गृहस्वामी ने राघोपुर थाना में कांड संख्या 323/24 दर्ज करवाया। इस मामले में बीरपुर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी का सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत ही 5 अपराधियों को राघोपुर थाना इलाके से गिरफ्तार किया गया, जो बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उन लोगों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन लोगों ने बीते 10 सितंबर को मो अयूब के घर में डकैती की घटना में शामिल होने की बात स्वीकारी है। उनके पास से एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, तलवार, चाकू, 12 तीर और 6 मोबाइल बरामद किया गया है।

## बिहार में ध्वस्त हो रहे पुल-पुलिया में इंजीनियर दोषीः भाजपा के विधान परिषद सदस्य का बयान

जमुई. बिहार के अलग-अलग जिलों में पुल पुलिया ध्वस्त हो रहा है। इसको लेकर भाजपा के विधान परिषद सदस्य प्रमोद कुमार चंद्रवंशी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसके जिम्मेदार राज्य सरकार नहीं बल्कि उसे बनाने वाले इंजीनियर और अभियंता दोषी है। साथ ही कहा कि लालू यादव के कार्यकाल के दौरान बने पुल से पुलिया ही ध्वस्त हुए हैं। दरअसल, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी मुंगेर से शेखपुरा जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने ये सारी बातें कहीं हैं। बुधवार को बीजेपी विधान परिषद सदस्य जमुई नगर परिषद क्षेत्र के कल्याणपुर वार्ड नंबर 21 निवासी धनंजय कुमार चंद्रवंशी के आवास पर आए थे। यहां आगामी 22 सितंबर को आयोजित होने वाले चंद्रवंशी ललकार सम्मेलन में शामिल होने के लिए समाज के लोगों से अपील कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि लालू के जमाने में अनोखा कानून था। यह सब उस समय बने होंगे। साथ ही दो दिन पहले ही जिले के सोनो प्रखंड अंतर्गत बरनार नदी पर बने बेली पुल क्षतिग्रस्त होने और खैरा प्रखंड के नरियाना मांगो बंदर पुल क्षतिग्रस्त सहित बिहार के अन्य जिलों में भी पुल पुलिया ध्वस्त होने के सवाल पर कहा कि जब भी पुल पुलिया बनता



है तो इंजीनियर और कार्यपालक को रिपोर्ट भेजना होता है। इसमें मिट्टी की जांच की जाती है। बहुत प्रक्रिया होती है। सारा कार्य उनको करना होता है न कि सरकार का तो पुल-पुलिया गिर रहा है जो उनका दोषी इंजीनियर और कार्यपालक है। जिनके खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रमोद चंद्रवंशी ने राजनीति गलियारे में नीतीश कुमार के दोबारा आरजेडी के साथ सरकार बनाने के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव भाजपा नीतीश कुमार के साथ गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ेगी। सरकार भी एनडीए की बनेगी। साथ ही भाजपा और जदयू के नेताओं के बयानबाजी के सवाल पर भाजपा के विधान परिषद सदस्य प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि एक घर में पांच भाई होते हैं। अलग-अलग बयानबाजी देते हैं, तो क्या परिवार टूट जाता है। नहीं सभी एक साथ मिलकर आगामी 2025 विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

# बेगूसराय में बाढ़ से परेशान लोग, हालत विकरालः60 से अधिक स्कूल हुए जलप्लावित

बेगूसराय. गंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण बेगूसराय में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति काफी विकराल हो गई है। बेगूसराय की एक लाख से अधिक की आबादी बाढ़ प्रभावित हो गई है। 60 से अधिक स्कूल में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिसके कारण वहां शिक्षण कार्य मुश्किल हो गया है। सबसे परेशानी की बात यह है कि आज से प्राथमिक और मध्य विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू है। ऐसे में बाढ़ प्रभावित विद्यालय में परीक्षा शुरू नहीं हो सकी है। वहीं, दियारा क्षेत्र के 125 विद्यालयों को 21 सितंबर तक के लिए बंद कर दिया गया है। डीएम तुषार सिंगला ने



बताया कि गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने और नदी की धारा तेज रहने के कारण स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के जीवन और स्वास्थ्य पर संभावित खतरा को देखते हुए 21 सितंबर तक बछवाड़ा, बलिया, मटिहानी, साहेबपुर कमाल, शाम्हो और तेघड़ा प्रखंड के 125 विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा डीएम के पास छुट्टी देने का प्रस्ताव भेजा गया है। इस दौरान बाढ़ प्रभावित विद्यालयों में निर्धारित अर्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा भी स्थगित रहेगा। संबंधित विद्यालय में अर्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की सूचना बाद में निर्गत की जाएगी। सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि विद्यालय के सभी सामग्री को सुरक्षित स्थान पर रख दें। राज्य शिक्षा परियोजना को भी इसकी सूचना दी गई है। चमथा दियारा और बलिया के दियारा इलाके में आज जहां शिक्षक भी स्कूल नहीं पहुंच सके, वहीं साहेबपुर कमाल, शाम्हो, मटिहानी, बरौनी, तेघड़ा आदि प्रखंड क्षेत्र की भी स्थिति बदहाल हो गई है। यहां 25 हजार एकड़ से अधिक में लगी फसल डूब गई है। ग्रामीण में एक बार फिर गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ाने के कारण भय का माहौल बन गया है। चमथा दियारा इलाके में आने वाले 50 से अधिक शिक्षक आज विद्यालय नहीं जा सके। यह लोग दादुपुर पुल होकर विद्यालय जाते थे, लेकिन वहां पानी अधिक बढ़ जाने और नाव की व्यवस्था नहीं रहने के कारण सभी शिक्षक वापस लौट गए हैं। इन लोगों ने इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दी। मध्य विद्यालय समसीपुर दियारा के शिक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि नाव की व्यवस्था नहीं है। पैदल भी स्कूल नहीं जा सकते हैं। प्रशासनिक स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। आज से एग्जाम शुरू हो रहा है। हमलोगों को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया था। इसके कारण काफी समस्या है। शिक्षकों ने कहा कि हमलोग पुल पर फंसे हुए हैं। जाने का कोई उपाय नहीं है। अपनी हाजरी बनाने के लिए परेशान हैं। प्रखंड शिक्षा अधिकारी के पास अपनी समस्या को लेकर जा रहे हैं। वह जो बताएंगे उसके अनुसार काम करेंगे। स्कूल में 3-4 फीट पानी आ गया है। गार्जियन को कहा गया है कि अपने बच्चों को घर में रखें।

## कीट और रोगों के प्रकोप से फसल खराब, अभी और बढ़ेंगे टमाटर के दाम

नई दिल्ली,(ईएमएस)। प्याज और खाद्य तेल के बाद अब टमाटर की कीमतें घर का बजट बिगाड़ रही हैं। टमाटर के भाव और बढ़ सकते हैं वजह है नासिक में टमाटर की फसल कीटों और रोगों के प्रकोप से खराब हो रही है। निफाड क्षेत्र के किसान सरपेन्टाइन लीफ माइनर नामक कीट से परेशान हैं, जो टमाटर के साथ अन्य सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। यह कीट लिरियोमाइजा ब्रासिका मक्खी का लार्वा है, जो पत्तियों को खाकर पौधों को कमजोर कर देता है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक नासिक जिले के टमाटर के खेतों में कीटों और रोगों का प्रकोप बढ़ गया है। यह आर्थिक नुकसान की स्थिति तक पहुंच गया है। इस स्थिति को इकनॉमिक थ्रेशहोल्ड लेवल कहा जाता है, जहां फसलों को बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने की जरुरत होती है लेकिन पर्याप्त प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र अब टमाटर की बुवाई में भी पिछड़ गया है। नासिक में टमाटर की औसत खेती करीब 21 हजार हेक्टेयर में होती है, जिसमें प्रति हेक्टेयर 30 टन का उत्पादन होता है। पिंपलगांव से दिल्ली, मध्य प्रदेश, असम और हरियाणा समेत कई बाजारों में टमाटर की सप्लाई की जाती है, जबकि कुछ मात्रा बांग्लादेश और पाकिस्तान को निर्यात किया जाता है। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में धान की फसल लीफ फोल्डर कीट से प्रभावित है। वहीं यूपी के सीतापुर जिले में गन्ने में लाल सड़न यानी गन्ने का कैंसर की समस्या देखी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल आलू और प्याज की बुवाई कम हो रही है। 2.89 लाख हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र में से केवल 1.55 लाख हेक्टेयर में टमाटर बोया गया है, जबकि आलू की बुवाई 0.41 लाख हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र में से सिर्फ 0.30 लाख हेक्टेयर में हुई है। वहीं, प्याज की बुवाई भी अपेक्षाकृत कम है।

## बोइंग का फैसला बंद करेगी हायरिंग, पैसा बचाने कर्मचारियों की करेगी छंटनी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दुनिया की दिग्गज विमान निर्माता बोइंग ने हायरिंग बंद कर दी है और कैश बचाने अस्थायी छंटनी करने का भी फैसला लिया है। बोइंग ने कर्मचारियों से कहा कि बिजनेस मुश्किल में है। कंपनी की छंटनी की बात को लेकर करीब 33 हजार बोइंग कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कंपनी के सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने कर्मचारियों से कहा कि वे पैसा बचाने के लिए 10 कदम उठा रहे हैं, जिसमें छंटनी, हायरिंग पर रोक, मैनेजरों का इंक्रीमेंट खत्म करना, और यात्रा को केवल जरुरी स्थिति में सीमित करना शामिल है। ब्रायन के मुताबिक छंटनी का असर कर्मचारियों के साथ अधिकारियों पर भी पड़ेगा। अगले कुछ हफ्तों में इसका पूरा विवरण दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल ने हमारी रिकवरी की कोशिशों को चोट पहुंचाई गई है। बोइंग के करीब 33 हजार कर्मचारियों ने पिछले शुक्रवार से हड़ताल शुरू की थी। कंपनी की और से कर्मचारियों को ऑफर दिया था कि उनकी सैलरी चार साल में 25 फीसदी बढ़ा दी जाएगी। हालांकि, कर्मचारी यूनियन की डिमांड थी कि उनकी सैलरी हर साल 10फीसदी बढ़ाई जाए। कंपनी और यूनियन के बीच सरकार ने मध्यस्थता की कोशिश की। इसको लेकर बैठक होने वाली है। यूनियन कर्मचारियों के बीच सर्वे करा रही है कि उन्हें अपने नए कॉन्ट्रैक्ट में क्या चाहिए।

## फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर कंगना को नोटिस, 5 दिसंबर तक मांगा जवाब

चंडीगढ़,(ईएमएस)। चंडीगढ़ की एक कोर्ट ने फिल्म 'इमरजेंसी' में सिखों की छवि खराब करने के आरोप में दर्ज शिकायत के आधार पर बीजेपी की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत और अन्य को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने वकील रविंदर सिंह बस्सी की याचिका पर सुनवाई करने के बाद ये नोटिस जारी किया है। प्रतिवादियों को 5 दिसंबर तक अपना जवाब देने को कहा गया है। वकील बस्सी ने याचिका में आरोप लगाया कि कंगना और अन्य प्रतिवादियों ने फिल्म 'इमरजेंसी' में सिखों की छवि खराब करने की कोशिश की है। खासतौर पर अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार को आतंकवादी के रूप में चित्रित कर उन्हें निशाना बनाया है। बस्सी ने याचिका में आरोप लगाया कि आरोपियों ने इतिहास के उचित तथ्यों और आंकड़ों का अध्ययन किए बिना सिखों के बारे में गलत अवधारणा चित्रित की है और सिख समुदाय के जत्थेदार के खिलाफ गलत और झूठे आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार अलग राज्य की मांग कर रहे थे जो पूरी तरह से झूठ है और यह सिर्फ सिखों और अकाल तख्त जत्थेदारों की छवि को खराब करने के लिए दिखाया गया था। इस कृत्य और आचरण से सामान्यतः सिख समुदाय और अभिसाक्षी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

## वैवाहिक रेप मामलों को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह जटिल प्रश्न से जुड़ी याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा कि लेकिन कोई पति अपनी पत्नी को जो नाबालिग नहीं है, यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है तो क्या उसे अभियोजन से छूट मिलनी चाहिए? एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुईं वकील इंदिरा जयसिंह ने सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि इन याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने बताया कि मामलों में आंशिक रूप से सुनवाई हुई है और सुनवाई के बाद अगले दो दिनों में कार्यों का आकलन किया जाएगा। सीजेआई ने कहा आज और कल होने वाली सुनवाई से हमें पता चल जाएगा, जिसके बाद हम निश्चित रूप से वैवाहिक रेप मामलों को सूचीबद्ध करने पर विचार करेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 जुलाई को कानूनी प्रश्न पर याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। सीजेआई ने संकेत दिया था कि मामलों में 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। आईपीसी की धारा 375 के अपवाद खंड के तहत किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ अगर पत्नी नाबालिग नहीं हो, यौन संसर्ग या यौन कृत्य रेप नहीं है। भारतीय दंड संहिता को निरस्त कर दिया गया है और अब उसकी जगह बीएनएस ने ले ली है। यहां तक कि नए कानून के तहत भी अपवाद दो से धारा 63 (रेप) में कहा गया है कि अपनी पत्नी जो 18 साल से कम उम्र की नहीं हो, के साथ यौन संसर्ग या यौन कृत्य रेप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी के वयस्क होने पर पति को जबरन यौन संबंध बनाने पर अभियोजन से सुरक्षा प्रदान करने से संबंधित आईपीसी के प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 जनवरी, 2023 को केंद्र से जवाब मांगा था। 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इसी मुद्दे पर बीएनएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली ऐसी ही याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा कि हमें वैवाहिक रेप से संबंधित मामलों को सुलझाना होगा। इससे पहले केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं और सरकार को इन याचिकाओं पर अपना जवाब दायर करना होगा।

# हरियाणा में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में 7 वादे:महिलाओं को हर महीने 2 हजार, 500 में गैस सिलेंडर; जातिगत सर्वे कराएंगे

**चंडीगढ़ः** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बुधवार (18 सितंबर) को मेनिफेस्टो जारी कर दिया। दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे रिलीज किया। इसमें कांग्रेस ने 7 पक्के वादे किए हैं। खड़गे ने बताया कि मेनिफेस्टो 53 पन्नों का है। इसके बारे मं विस्तार से चंडीगढ़ में बताएंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए देंगे। बुढ़ापा पेंशन बढ़ाकर 6 हजार की जाएगी। MSP गारंटी कानून और 300 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए भी घोषणा की। 2 लाख नौकरियां दी जाएंगी। ओल्ड पेंशन स्कीम भी लागू करेंगे।

मेनिफेस्टो रिलीज करने के दौरान हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और पूर्व विधायक गीता भुक्कल मौजूद रहीं। इसमें कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला शामिल नहीं रहे। इनके अलावा कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के ऑब्जर्वर राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, अजय माकन, पंजाब से नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा मौजूद रहे।



### खड़गे ने कहीं 3 अहम बातें

**1. बजट को देखते हुए 7 वादे किए**

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 7 गारंटियां अनाउंस की हैं। इन गारंटी को हम लागू करेंगे। इसलिए इनका नाम हमने सात वादे-पक्के इरादे रखा है। हमारा मेनिफेस्टो 53 पन्नों का है। इन वादों को हम पक्का निभाएंगे। इसके लिए एआईसीसी ऑफिस से ये घोषणा कर रहे हैं। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि हमारे सात वादे जो हैं, इनका खासकर सात वर्गों में बंटवारा किया है। हमने सारे वादे बजट को देखते हुए किए हैं।

**2. हरियाणा में एक्सप्रेस इंजन लगाएंगे**

हरियाणा एक विकसित राज्य था, लेकिन बीजेपी ने केंद्र सरकार के इशारे पर चलने के कारण ये बर्बाद हो गया है। देश में नंबर वन रहने वाला राज्य बीजेपी ने खराब कर दिया है। ट्रेन में 2 इंजन लगते हैं। एक आगे लेकर जाता है दूसरा पीछे लेकर जाता है। ऐसी ही यहां बीजेपी की डबल इंजन सरकार है। ऐसी सरकार से अब जनता का मोह भंग हो चुका है। बीजेपी ने 2014 से लेकर 2024 तक हरियाणा की जो बर्बादी की है, इसको हम रिपेयर करेंगे। ये डबल इंजन लगाते हैं, हम एक्सप्रेस इंजन लगाएंगे।

**3. अच्छा काम न करने पर खट्टर को हटाया**

मनोहर लाल खट्टर को सीएम कुर्सी से हटाने के मामले में खड़गे ने कहा कि जो हरियाणा के 9.5 साल तक सीएम रहे, वह आजकल दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनको इसलिए हटाया गया क्योंकि वह अच्छा काम नहीं कर रहे थे। कोई 6 महीने में आकर तीर नहीं मारता। मोदी जी के यहां उन्हीं को आशीर्वाद मिलता है, जो वहां झुकता है। अब जो ये कांग्रेस के पक्ष में परिणाम आ रहे हैं, वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम है। बीजेपी की जो इस समय सरकार है, वह लोगों के लिए दूरदर्शन की तरह हैं। वही दिखाया जाता है तो जो मोदी जी कहते हैं। मोदी जी उन्हीं को मिलते हैं, जो सिलेक्टेड हैं। वह सिलेक्टेड मीडिया, सिलेक्टेड जर्नलिस्ट से ही मिलते हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहीं बड़ी बातें...

**हरियाणा को नंबर वन बनाएंगे**

उदयभान ने कहा मेनिफेस्टो की चेयरमैन गीता भुक्कल ने पूरे देश से मेनिफेस्टो मंगाकर हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सात गारंटियों को शामिल किया है। आपको पता है कि जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे, तब हरियाणा एक नंबर पर था। अब एक बार फिर से कांग्रेस हरियाणा को एक नंबर बनाएगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया था। इस संकल्प पत्र में भाजपा द्वारा सताए हुए हर वर्ग के लिए वादे हैं।

**महिलाओं को कांग्रेस सशक्त बनाएगी**

कांग्रेस महिलाओं को शक्ति देगी। बीजेपी के शासन में महिलाओं के अपहरण, बलात्कार, शोषण जैसे अपराधों में नंबर वन बना हुआ है। महिलाओं को कांग्रेस सशक्त बनाने के लिए 2000 हजार रुपए प्रति माह देगी। ये पैसा 18 वर्ष से 60 साल तक देगी। बीजेपी के शासन में सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए तक पहुंच गई है, कांग्रेस राहत देते हुए 500 रुपए में सिलेंडर देगी।

**बुजुर्गों-दिव्यांगों को 6 हजार रुपए पेंशन**

बीजेपी और जेजेपी ने 5100 रुपए पेंशन देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने अपना यह वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को हर माह 6 हजार रुपए पेंशन देगी। इसके साथ ही कर्मचारियों को राहत देते हुए ओपीएस बहाल करेगी।

**युवाओं को पक्की नौकरियां देंगे**

युवाओं को कांग्रेस बेहतर भविष्य देगी। इसलिए अपने घोषणा पत्र में भर्ती विधान के तहत 2 लाख सरकारी नौकरी देगी। इसके साथ ही नशा मुक्त माहौल युवाओं को देगी।

# कोलकाता रेप-मर्डर, डॉक्टरों का हड़ताल खत्म करने से इनकार: ममता बनर्जी से फिर मीटिंग की मांग की, कहा-आधी जीत हुई

**कोलकाताः** कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ममता से एक और मीटिंग की मांग करते हुए चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत को ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अभी तक सभी मांगें नहीं मानी गई हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार से पुलिस कमिश्नर और हेल्थे सेक्रेटरी को हटाने समेत 5 मांगें की थीं। इसके लिए वे 40 दिन से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

16 सितंबर को जूनियर डॉक्टर और ममता के बीच मीटिंग हुई थी। इसमें ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मान ली थीं। उन्होंने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाया था। उनकी जगह मनोज वर्मा को कमिश्नर बनाया गया। बुधवार सुबह प्रदर्शन जारी रखते हुए डॉक्टरों ने कहा- अभी आधी जीत हुई। हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम का इस्तीफा जरूरी है। अस्पतालों में थ्रेट कल्चर खत्म करने की मांग भी अभी नहीं मानी गई है। इसलिए सीएम से एक और मीटिंग की मांग की है। मनोज पंत को लिखे मेल में डॉक्टरों ने कहा- पिछली बैठक में हमारी मांगों के चौथे और पांचवें पॉइंट पर चर्चा पूरी नहीं हो पाई थी, जो अस्पतालों की सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। सीएम ने टास्क फोर्स बनाने की बात कही थी। हम चाहते हैं कि आज की मीटिंग में टास्क फोर्स के सदस्य भी हो।




**ममता-डॉक्टरों की मीटिंग को लेकर 7 दिन तक टकराव**

डॉक्टरों और ममता की मीटिंग को लेकर कोलकाता में 7 दिन तक टकराव चला था। 4 कोशिशें नाकाम होने के बाद 16 सितंबर को ममता और डॉक्टरों के डेलिगेशन की सीएम हाउस में बैठक हुई। इस बैठक में ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मानी थीं और कहा था कि काम पर वापस लौटें। डॉक्टरों और सीएम की 16 सितंबर की मीटिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग के भी 4 और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर डॉ. कौस्तुव नायक को स्वास्थ्य-परिवार कल्याण का डायरेक्टर बनाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टर डॉ. देबाशीष हलदर को पब्लिक हेल्थ का ओएसडी बनाया गया है। त्रिपुरारी अथर्व को डीईओ का डायरेक्टर चुना गया। इसके अलावा 5 और पुलिस अधिकारियों के पद भी बदले गए। जावेद शमीम एडीजी कानून व्यवस्था, विनीत गोयल एडीजी और आईजी स्पेशल टास्क फोर्स, ज्ञानवंत सिंह एडीजी और आईजी इंटेलिजेंस ब्यूरो, दीपक सरकार नॉर्थ कलेक्टर, अभिषेक गुप्ता सीओ ईईआर सेकंड बटालियन का नाम शामिल है।

### सीबीआई बोली- पुलिस ने 2 दिन तक अहम सबूत जब्त नहीं किए

सीबीआई ने बुधवार सुबह बताया कि कोलकाता पुलिस ने आरोपी संजय कपड़े समेत अन्य चीजों को जब्त करने में दो दिन लगा दिए। ये सबूत केस के लिए अहम हो सकते थे। दरअसल, रॉय को पुलिस ने 10 अगस्त को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस के एसएचओ अभिजित मोंडल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई संजय और घोष-मोंडल के कनेक्शन की जांच कर रही सीबीआई ने बताया कि घोष और मोंडल पर दुर्भावनापूर्ण इरादे से केस के सबूतों को नष्ट करने का आरोप है।

# किसानों को तोहफा, आय बढ़ाने के लिए पीएम आशा योजना को मंजूरी

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों की आय और दालों तथा तिलहनों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 35,000 करोड़ रुपये की 'पीएम-आशा योजना' को मंजूरी दी. कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान – पीएम-आशा के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं.

### रबी सत्र के लिए सब्सिडी के प्रस्ताव को मंजूरी

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सत्र के लिए फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों के लिए 25,475 करोड़ रुपये की सब्सिडी के प्रस्ताव को मंजूरी दी. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की कैबिनेट ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए एक के बाद एक योजनाओं को मंजूरी दी है. आज एनपीके उर्वरकों के लिए 24,475 करोड़ रुपये की सब्सिडी आवंटित की गई है. पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक कीमतों में जो व्यवधान चल रहा है – और मध्य पूर्व और रूस-यूक्रेन में संघर्षों को ध्यान में रखते हुए, हमारे किसानों को इन सब से अप्रभावित रखने के लिए, आज कैबिनेट में पोषक तत्व आधारित सब्सिडी आवंटित करने का यह निर्णय लिया गया है. मंत्रिमंडल ने रबी सत्र 2024 (अक्टूबर, 2024 से मार्च, 2025 तक) के लिए पीएंडके उर्वरकों पर पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दी. रबी सत्र 2024 के लिए अस्थायी बजटीय जरूरत लगभग 24,475.53 करोड़ रुपये होगी. इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को सब्सिडी-युक्त, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है. सरकार उर्वरक निर्माताओं/ आयातकों के जरिये किसानों को सब्सिडी कीमत पर 28 किस्मों के पीएंडके उर्वरक उपलब्ध करा रही है.

# छत्तीसगढ़ में सीएएफ जवान ने साथियों पर फायरिंग की:2 जवानों की मौत, 2 घायल

**बलरामपुरः** छत्तीसगढ़ में बुधवार को छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स (सीएएफ) के जवान ने खाने के दौरान मिर्च नहीं देने पर सर्विस राइफल से फायरिंग कर दी। एक जवान की मौत गोली लगने और दूसरे की मौत सदमे में हो गई। वहीं, दो जवान घायल हैं। इनमें एक के दोनों पैरों में बुलेट धंसी हैं, दूसरे को छूते हुए निकल गई। कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों को भर्ती कराया गया है। मामला बलरामपुर जिले के सामरी थाना इलाके भुताही कैंप का है। गोली चलाने वाले जवान का नाम अजय सिदार है। वह सीएएफ की 11वीं बटालियन में तैनात है। गोलियां चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे जवानों ने अजय को काबू में किया।



### खाना खाने के दौरान विवाद

शुरुआती जांच में पता चला कि अजय सिदार खाना खाने बैठा था। उसने खाना परोसने वाले जवान रूपेश पटेल से मिर्च मांगी। मिर्च देने से मना करने पर रूपेश और अजय में कहा-सुनी हो गई। इस दौरान वहां मौजूद गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला ने रूपेश पटेल का सपोर्ट किया तो बहस और बढ़ गई। गुस्से में आकर अजय सिदार खाना छोड़कर उठा और अपनी इंसास राइफल से रूपेश पटेल पर गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अजय ने अंबुज शुक्ला के पैरों पर भी फायरिंग की। इस दौरान वहां मौजूद जवान राहुल बघेल ने अजय सिदार को पकड़कर काबू में किया। अंबुज शुक्ला को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

### एक जवान की मौके पर मौत, दूसरे ने रास्ते में तोड़ा दम

बलरामपुर एएसपी शैलेश पांडेय (नक्सल ऑपरेशन) ने बताया कि घटना के दौरान मौजूद जवान संदीप पांडेय सदमा लगने से गिर गया। उसे कुसमी स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था, इस दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. सतीश पैकरा के मुताबिक, मृतक जवान संदीप पांडेय के शरीर पर गोलियों के निशान नहीं मिले हैं। जब उसे अस्पताल ला रहे थे, उस दौरान नाक से खून निकल रहा था। आशंका है कि उसका ब्लड प्रेशर बढ़ा, जिससे हार्ट फेल या ब्रेन हेमरेज हो गया।

## मध्य प्रदेश में बारिश का तांडव, 640 लोगों की मौत

भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश में मानसून ने इस बार भारी तबाही मचा दी है। राज्य में अब तक 640 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जो बारिश से संबंधित घटनाओं में मारे गए हैं। यह आंकड़ा उन शवों का है, जो बरामद हो चुके हैं। इस साल मानसून ने राज्य में 15 प्रतिशत अधिक बारिश की है, जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी पैदा हो गई है और जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले सप्ताह, 12 सितंबर को, राज्य के विभिन्न हिस्सों में चलाए गए बचाव अभियानों के दौरान 14 शव बरामद हुए थे। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखकर राज्य सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को छुट्टी पर नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा हैं कि 30 सितंबर तक राज्य में बारिश की संभावना बनी हुई है, और इस स्थिति को देखकर सभी प्रशासनिक कर्मियों को अत्यंत सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस साल की मानसून सीजन में 1 जून से 17 सितंबर तक प्रदेश में 1040.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश का आंकड़ा 905.3 मिलीमीटर होता है। यानी इस बार बारिश का आंकड़ा 15 प्रतिशत अधिक है। केवल रीवा जिले को छोड़कर, बाकी सभी जिलों में औसत या औसत से अधिक बारिश हुई है।

# रुस में फंसे भारतीयों में से एक वापस लौटा, पीएम मोदी का माना आभार

अवंतीपोरा,(ईएमएस)। मोदी सरकार की पहल के बाद रूस में फंसे 45 भारतीयों को छुड़ाकर वापस देश लाया गया है। वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जल्द ही 50 और लोगों को वापस लाने की कोशिश की जा रही हैं। इन भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में शामिल कर लिया गया था। ये लोग अपनी मर्जी से यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस की तरफ से लड़ने सेना में शामिल हुए थे लेकिन अब वह वापस लौटना चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से इस मुद्दे पर बातचीत की थी। पुतिन ने उन्हें वापस भारत भेजने का आश्वासन भी दिया था।

रुप से रिहा होने वाले भारतीयों में दक्षिण कश्मीर के अवंतीपोरा जिले के रहना वाला आजाद यूसुफ भी शामिल है, जिसने युद्धग्रस्त क्षेत्र में फ्रंटलाइन युद्ध प्रशिक्षण के दौरान गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गया था। मोदी सरकार की पहल के बाद वह वापस अपने घर लौट रहा है और इस बात से खुश है कि वह करीब दो साल बाद अपने परिवार से मिल पाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आजाद ने बताया कि रूसी कमांडर ने रुसी और टूटी-फूटी अंग्रेज़ी में कुछ नाम पढ़े और फिर हमसे कहा भारतीय वापस जाओ। हमें यकीन ही नहीं हुआ कि वह वास्तव में हमारी आज़ादी के बारे में बात कर रहा था। रूसी अधिकारी ने पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक का जिक्र किया, जिसमें कहा गया कि इससे उनकी यात्रा की स्थिति प्रभावित हुई है। आज़ाद ने कहा कि उसने कुछ ऐसा कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी से मुलाकात की और अब आपका अनुबंध रद्द हो रहा है। पीएम मोदी के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए उसने कहा कि मुझे लगता है कि यह पीएम मोदी की रूस यात्रा थी जिसने उसे सुरक्षित घर पहुंचने में मदद की।

आजाद ने बताया कि छह अन्य भारतीय रंगरूटों के साथ अकल्पनीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हम भाषा नहीं बोल सकते थे और मदद के लिए कोई नहीं था. अपने प्रशिक्षण के कुछ ही दिनों बाद मेरे पैर में गोली लग गई और मुझे 18 दिन तक अस्पताल में बिताने पड़े। यह एक कयामत की तरह था।

# राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच, कांग्रेस का प्रदर्शन:रेल राज्य मंत्री समेत 4 नेताओं की पुलिस से शिकायत; अठावले बोले- राहुल का पासपोर्ट रद्द हो

**दिल्लीः** राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच देने वाले भाजपा और सहयोगी दल के नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से शिकायत की। कांग्रेस नेता अजय माकन ने तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू समेत 4 नेताओं की शिकायत की। माकन ने कहा- जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, इसलिए कुछ लोग देश की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस के विरोध के बीच राहुल के खिलाफ भाजपा और उसके एक अन्य सहयोगी नेता ने फिर बयान दिया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की प्रतिष्ठा को गिराते हैं, उनका पासपोर्ट रद्द होना चाहिए। वहीं भाजपा सांसद अनिल बोंडे ने कहा- राहुल की जीभ काट लेनी चाहिए।




### राहुल के खिलाफ बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के नेताओं के 3 बयान...

1. तरविंदर सिंह मारवाह : दिल्ली में राहुल गांधी के घर के बाहर 11 सितंबर को भाजपा ने प्रदर्शन किया था। इस दौरान भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह पर राहुल को मारने की धमकी देने का आरोप लगा। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'बीजेपी नेता खुलेआम देश के नेता प्रतिपक्ष को हत्या की धमकी दे रहा है। ये बेहद गंभीर मामला है। ये भाजपा की नफरत की फैक्ट्री का प्रोडक्ट है। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। पीएम मोदी अपनी पार्टी के इस नेता की धमकी पर चुप नहीं रह सकते।

2. केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टूः केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने 15 सितंबर को कांग्रेस लीडर राहुल गांधी को आतंकवादी बताया। उन्होंने कहा कि 'राहुल गांधी हिंदुस्तानी नहीं हैं। उनको भारत से प्यार भी नहीं है। राहुल ने पहले मुसलमानों का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वे अब सिखों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, 'राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं। उनको पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। देश की एर्जेंसियों को उन पर नजर रखनी चाहिए।' दरअसल, राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी और कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं।

कांग्रेस का जवाबः केंद्रीय मंत्री के बयान पर पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जिसने राहुल गांधी के आगे-पीछे घूमकर अपना राजनीतिक करियर बनाया, वो सत्ता के लालच में विरोधियों की गोदी में बैठ कर सस्ते बयान दे रहा है। रवनीत बिट्टू को शास्त्रों में आस्तीन का सांप कहा गया है।

3. संजय गायकवाड़ः 16 सितंबर को महाराष्ट्र के बुलढाणा से विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा, 'राहुल गांधी पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। उन्हें इसका इनाम मिलेगा, जो भी राहुल की जीभ काटेगा, उसे 11 लाख रुपए दिए जाएंगे।' संजय ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में संविधान खतरे में होने का फर्जी नैरेटिव सेट कर वोट हासिल किए। आज वे आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पिछड़े वर्ग, ओबीसी और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहती है। बुलढाणा में संजय पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

4. यूपी के मंत्री रघुराज सिंहः बीजेपी नेता और यूपी के मंत्री रघुराज सिंह ने 16 सितंबर को इंदौर में सार्वजनिक तौर पर कहा था कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'भारत के नंबर वन आतंकवादी' हैं। राहुल गांधी के सिख वाले बयान पर हंगामा राहुल गांधी पिछले दिनों अमेरिका दौरे पर थे। भारत में आरक्षण कब तक चलेगा, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था, "कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे।

रांची, गुरुवार, 19 सितंबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com


## पेजर धमाके अर्थात इजराइल-हमास युद्ध का विस्तार

रुस और यूक्रेन के बीच जारी जंग युद्धबंदियों की अदला-बदली से थमती नजर तो आई है, लेकिन इजरायल और हमास के बीच जारी जंग किसी सूरत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल 07 अक्टूबर 2023 को हमास के द्वारा किए गए इजराइल पर हमले के बाद से यह जंग बराबर जारी है। गाजा पट्टी और उसके आस-पास युद्ध का भयावह मंजर लगातार देखने को मिल रहा है। मानवता को मानों जमींदोज कर युद्ध के तमाम नियमों को ताक पर रख, एक-दूसरे पर हमले किए जा रहे हैं। इन हमलों में कौन मर रहा और कौन हताहत हो रहा, इससे भी किसी को मानों कोई सरोकार नहीं रह गया है। युद्ध की विभीषिका में शांति के कपोत भी मारे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपील के बावजूद कहीं से कोई हमलों की कमी होती नजर नहीं आ रही है। हद तो यह है कि हमले ऐसी जगहों पर भी किए गए, जिन्हें बच्चे, बूढ़ों और महिलाओं के रहने और इलाज के लिए चिंहित किया गया था। इन हमलों में संयुक्त राष्ट्र की टीम के साथ काम करने वाले भी अपनी जान गंवाते नजर आए हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजराइली हमलों में अब तक करीब 42 हजार 957 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 80फीसदी फिलस्तीनी नागरिक बताए गए हैं। इस युद्ध में सबसे अधिक फिलस्तीन को नुक्सान उठाना पड़ रहा है। ऐसे अंधे युद्ध की चारों ओर निंदा तो हो रही है, लेकिन इस युद्ध को रोका कैसे जाए और किस तरह से न्याय करते हुए कानून का राज लाया जाए कहना मुश्किल हो रहा है। खासतौर पर तब जबकि इजराइल-हमास युद्ध को विस्तार देने वाली ताकतें लगातार सफल होती जा रही हैं। इस कारण गाजा पट्टी व अन्य आस-पास के इलाकों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हमले का तरीका नया है, जिससे इस युद्ध में अन्य देशों के शामिल होने के पुख्ता सुबूत भी मिलने लगे हैं।

यहां बताते चलें कि लेबनान और उसके हिजबुल्लाह लड़ाकों पर एक नए तरह से पेजर धमाकों से हमला किया गया है। इसके तहत लेबनान और सीरिया के अनेक शहरों में इस्तेमाल हो रहे हजारों पेजर अचानक धमाकों के साथ फट गए। इसमें एक दर्जन के करीब लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों की तादाद में लोग जख्मी हुए हैं। इससे साफ हो गया है कि इजराइल और लेबनान सीमा पर अब हमले और तेज हो जाएंगे। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि बम की तरह इस्तेमाल किए जाने वाले पेजर बनाने वाली कंपनी को आखिर दुश्मन देश के रणनीतिकारों ने कैसे साध लिया, जो हिजबुल्लाह को धूल चटाने के लिए एक बड़ा हमला करने में कामयाब हो गए। कहा तो यही जा रहा है कि इस हमले के पीछे इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद का हाथ हो सकता है। इसकी पुख्ता वजह भी है, क्योंकि मोसाद पर हमास के हमले के बाद लगातार फेल होने के दाग लगते रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक दुनिया के विशेषज्ञों की मानें तो पेजर एक साधारण रेडियो डिवाइसेस है, जिसे संक्षिप्त संदेश या सिग्नल हासिल करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। रेडियो फ्रिक्वेंसी के जरिए कार्य करने वाले इन पेजरों पर एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल करते हुए रिमोट से उड़ाया जा सकता है। इसी आधार पर पेजर को एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। सवाल यह है कि पेजर बनाने वाली कंपनी ने इसे हथियार का रुप दिया या किसी और ने ऐसा करके बड़े हमले को अंजाम दिया, यह देखने वाली बात है। वैसे तो शांतिप्रिय विश्व के लिए यह अपनी तरह की पहली विभत्स घटना मानी जा रही है, लेकिन दावा यह भी है कि इजराइल ने इससे पहले भी कंपनियों के प्रोडक्शन लाइन को प्रभावित करने का काम किया है।

दरअसल ईरान को मिसाइल देने वाली कंपनी के मिसाइलों में यूं ही स्टक्सनेट का इस्तेमाल सितंबर 2023 में किया गया था। यह भी सॉफ्टवेयर को प्रभावित करता है और एक बड़ा विस्फोट करने का कारण बनता है। मतलब साफ था कि ईरान मिसाइलें बनाता और जब वह सैन्य डिपो में रखता, तो ये वहीं फट जातीं। तब ईरान ऐसे हमले से खुद को बचाने में कामयाब रहा, लेकिन पेजर मामले में हिजबुल्लाह फंस गया। सेलफोन में आईईडी लगाकर विस्फोट करने के मामले पहले भी हुए हैं, लेकिन पेजर हमला पहली बार हुआ है। इसके दूरगामी परिणामों को देखते हुए ही सबसे पहले पेंटागन ने ऐसे किसी हमले में उसके हाथ होने से साफ इंकार कर दिया है। दरअसल अमेरिका यह बात बहुत अच्छी तरह समझ चुका है कि इस युद्ध की आग अब उसे भी किसी भी पल झुलसा सकती है। इससे पहले कि युद्ध का विस्तार अन्य देशों की शांति को भंग करे, इसे रोकने के पर्याप्त और ईमानदार प्रयास होने ही चाहिए। अंततः युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है।

## आँखे नम हुई निराकार ब्रह्म गणपति की विदाई में

श्री गणेश जी निराकार ब्रह्म हैं जो भक्त के उपकार हेतु एक अलौकिक आकार में स्थापित हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, वह भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र हैं।गणपति विसर्जन, गणेश चतुर्थी के समापन का प्रतीक है, जब भक्त अपने घरों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन करते हैं। यह समारोह गणेश चतुर्थी के अंतिम दिन, जिसे अनंत चतुर्दशी कहा जाता है, बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। विसर्जन का अर्थ है मूर्ति को जल में प्रवाहित करना, जो समुद्र, नदी, तालाब या अन्य जल निकायों में किया जाता है। इस दिन लोग गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा की मूर्तियों को विसर्जन स्थल तक ले जाते हैं। इसके दौरान गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहते हैं। विसर्जन से पहले गणेश जी की आरती की जाती है और उनसे अगले वर्ष पुनः लौटने का आह्वान किया जाता है। यह परंपरा गणेश जी के प्रतीकात्मक रूप से अपने लोक में लौटने और सभी भक्तों की बाधाओं को दूर करने का प्रतीक है।गणेशोत्सव के अंतिम दिन, भक्तों ने भावुकता और श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी। अनंत चतुर्दशी पर, ढोल-नगाड़ों, गानों और नाच-गाने के साथ बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन किया गया।दस दिनों तक यह उत्सव पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, और अनंत चतुर्दशी के दिन इसका समापन गणेश विसर्जन के साथ होता है यह दिन बहुत ही भावुक और महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि भक्त गणपति बप्पा को विदा करते हैं और उनसे अगले वर्ष जल्दी लौटने की प्रार्थना करते हैंहर कोई बप्पा की विदाई के समय "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयकारे लगाता है, जिससे वातावरण भक्ति और उमंग से भर जाता है पुराणों में उनके 64 अवतारों का वणर्न है। सतयुग में कश्यप व अदिति के यहां महोत्कट विनायक नाम से जन्म लेकर देवांतक और नरांतक का वध किया। त्रेतायुग में उन्होंने उमा के गर्भ जन्म लिया और उनका नाम गुणेश रखा गया। सिंधु नामक दैत्य का विनाश करने के बाद वे मयुरेश्वर नाम से विख्यात हुए। द्वापर में माता पार्वती के यहां पुनः जन्म लिया और वे गणेश कहलाए। ऋषि पराशर ने उनका पालन पोषण किया और उन्होंने वेदव्यास के विनय करने पर सशर्त महाभारत लिखी। उन्हें गजानन इसलिए कहा गया कि उनके सिर को भगवान शंकर ने काट दिया था। बाद में उनके धड़ पर हाथी का सिर लगा कर उन्हें पुनः जीवित किया गया। अग्रपूजक कैसे बने : एक बार देवताओं में धरती की परिक्रमा की प्रतियोगिता हुई जिसमें जो सबसे पहले परिक्रमा करके आ जाता उसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता। प्रतियोगिता प्रारंभ हुई परंतु गणेश जी का वाहन तो मूषक था तब उन्होंने अपनी बुद्धि का प्रयोग किया और उन्होंने अपने माता पिता शिव एवं पार्वती की ही परिक्रमा कर ली। ऐसा करके उन्होंने संपूर्ण ब्रह्माण्ड की ही परिक्रमा कर ली। तब सभी देवों की सर्वसम्मति और ब्रह्माजी की अनुशंसा से उन्हें अग्रपूजक माना गया। इसके पीछे और भी कथाएं हैं। पंच देवोपासना में भगवान गणपति मुख्य हैं।गणेशजी की पसंद का प्रिय भोग मोदक लड्डू, प्रिय पुष्प लाल रंग के फूल, प्रिय वस्तु दुर्वा (दूब), प्रिय वृक्ष शमी-पत्र, केल, केला आदि हैं। केसरिया चंदन, अक्षत, दूर्वा अर्पित कर कपूर जलाकर उनकी पूजा और आरती की जाती है। उनको मोदक का लड्डू अर्पित किया जाता है। उन्हें रक्तवर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं।गणेश चतुर्थी के मौके पर भक्त अपने घर पर बप्पा को लेकर आते हैं। उनकी खूब सेवा करते हैं, जिससे उनका आशीर्वाद और प्यार परिवार पर बना रहे। उसके बाद उनको बहुत ही भारी मन से अलविदा कहना का समय आता है। नदियों या पानी वाली जगह पर प्रतिमा का पूजा-पाठ के साथ विसर्जन होता है। इस दौरान भक्त ढोल-नगाड़ों के साथ उनको अलविदा कहते हैं भगवान गणेश जी का वाहन मूषक है. मूषक बनने की वजह से जुड़ी कई कथाएं प्रचलित हैंः एक कथा के मुताबिक, गजमुखासुर नाम के असुर से युद्ध के दौरान गणेश जी ने अपने दांत से उस पर वार किया था. गजमुखासुर घबराकर मूषक बनकर भाग गया. गणेश जी ने उसे अपने पाश में बांध लिया और उसे क्षमा मांगने के बाद अपना वाहन बना लिया गणेशजी जल तत्व के अधिपति, बुधवार और चतुर्थी के स्वामी और केतु एवं बुध के ग्रहाधिपति गणेश जी के प्रभु अस्त्र पाश और अंकुश है। वे मूषक वाहन पर सवार रहते हैं।

## हरियाणा चुनाव : सत्ता का चक्रव्यूह

> "यहाँ तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पूर्व हल्के नारायणगढ़ के भाजपा प्रत्याशी को भी किसानों ने कुछ गावों में घुसने नहीं दिया और नारेबाजी कर उन्हें वापस जाने के लिये मजबूर किया। इसी तरह अनिल विज को भी अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। उधर कांग्रेस पार्टी जो कुछ समय पहले तक राज्य में क्लीन स्वीप करती दिखाई दे रही थी उसमें अब डैमेज कंट्रोल की ज़रुरत आ पड़ी है। इसका मुख्य कारण है पार्टी की भीतरी गुटबाजी व इसके कारण पैदा होने वाले विवाद। दरअसल पिछले दिनों हरियाणा में तेज़ी से एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कथित रूप से कोई भूपेंद्र हुड्डा समर्थक बुज़ुर्ग, कुमारी शैलजा के बारे में जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करता सुनाई दिया।"

निर्मल रानी

गत 16 सितंबर को हरियाणा में नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार राज्य में 190 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के कई बाग़ी उम्मीदवार भी शामिल हैं। इनमें सिरसा विधानसभा की सीट ऐसी भी है जहां बीजेपी प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। रोहतास जांगड़ा ने मीडिया को बताया कि पार्टी के कहने पर ही उन्होंने पर्चा दाख़िल किया था और पार्टी के कहने पर ही उन्होंने अपना नाम वापस भी ले लिया है। क़यास लगाये जा रहे हैं कि सिरसा विधानसभा सीट पर अब भाजपा हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री गोपाल कांडा को अपना समर्थन दे सकती है। ख़बर यह भी है कि इस सौदेबाज़ी के तहत गोपाल कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी रानियां सीट पर अपने उम्मीदवार के बजाये भाजपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। अंबाला की दो विधानसभा सीटों को लेकर भी कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। अम्बाला शहर की सीट पर भाजपा ने यहां से दो बार विधायक रहे असीम गोयल को तीसरी बार भी मैदान में उतरा है। गोयल, नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में पहली बार राज्य मंत्री भी बनाये गए हैं। कांग्रेस के दो मज़बूत बाग़ी उम्मीदवारों पूर्व विधायक जसबीर मलोर तथा युवा नेता हिम्मत सिंह के नामांकन पत्र भरने की वजह से असीम गोयल के लिये तीसरी बार भी यह सीट जीतना आसान लग रहा था। परन्तु नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन सांसद दीपेंद्र हुडा ने स्वयं अंबाला पहुंचकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह के पक्ष में इन दोनों कांग्रेस नेताओं के नामांकन वापस करा दिये। इसके बाद अब यह माना जा रहा है कि निर्मल सिंह की जीत का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

उधर अम्बाला छावनी की सीट पर गत छः बार के विधायक रहे पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उनका मुक़ाबला वैसे तो कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी से है जो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। परन्तु इसी सीट पर चित्रा सरवारा भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। चित्रा सरवारा कांग्रेस के अंबाला शहर के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की बेटी हैं। 2019 तक चौधरी निर्मल सिंह कांग्रेस में थे। बाद में कांग्रेस छोड़कर कुछ समय के लिये आम आदमी पार्टी में भी शामिल हुये। कुछ समय पूर्व ही पिता-पुत्री की पुनः घर वापसी हुई है। चित्रा 2019 में भी विज के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़कर 44 हज़ार वोट ले चुकी थीं इसलिये इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रही थीं। परन्तु पार्टी ने एक ही ज़िले से पिता पुत्री को एक साथ टिकट न देने का निर्णय तो लिया। परन्तु जिस सक्रियता से निर्मल सिंह के विरुद्ध लड़ने जा रहे दो बाग़ियों के नाम वापस कराये गये उसी तरह स्वयं निर्मल सिंह की बेटी ने अपना नामांकन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी के पक्ष में वापस क्यों नहीं लिया इस बात को लेकर रहस्य बना हुआ है। बहरहाल नामांकन वापस लेने के बाद अब 90 विधानसभा के लिये 5 अक्टूबर को होने वाले इस चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 1031 प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यतः कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का ज़िक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी रेवड़ी कल्चर को ज़िम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये। हालांकि प्रधानमंत्री के इस आरोप का जवाब देने के लिये कांग्रेस की ओर से अगले ही दिन पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने चंडीगढ़ में एक प्रेस वार्ता की। चिदंबरम ने कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को सिरे से ख़ारिज किया और कहा कि प्रधान मंत्री मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। उल्टे चिदंबरम ने हरियाणा की भाजपा सरकार से ही बेरोज़गारी, क़र्ज़ और किसानों के मुद्दों पर आंकड़ों के साथ सवाल किये। उधर तीसरी बार सत्ता में वापसी को आतुर दिखाई दे रही भाजपा के प्रत्याशियों को अनेक विधानसभा क्षेत्रों में जनता ख़ासकर किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पूर्व हल्क़े नारायणगढ़ के भाजपा प्रत्याशी को भी किसानों ने कुछ गावों में घुसने नहीं दिया और नारेबाज़ी कर उन्हें वापस जाने के लिये मजबूर किया। इसी तरह अनिल विज को भी अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। उधर कांग्रेस पार्टी जो कुछ समय पहले तक राज्य में क्लीन स्वीप करती दिखाई दे रही थी उसमें अब डैमेज कंट्रोल की ज़रुरत आ पड़ी है। इसका मुख्य कारण है पार्टी की भीतरी गुटबाज़ी व इसके कारण पैदा होने वाले विवाद। दरअसल पिछले दिनों हरियाणा में तेज़ी से एक वीडिओ वायरल हुआ जिसमें कथित रूप से कोई भूपेंद्र हुड्डा समर्थक बुज़ुर्ग, कुमारी शैलजा के बारे में जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करता सुनाई दिया। यह वीडिओ कांग्रेस विरोधियों द्वारा यही कहकर प्रसारित की गयी कि यह कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा है। हालांकि इस आपत्तिजनक वीडिओ के वायरल होने के बाद स्वयं हुडा ने रोहतक में पत्रकारों से बात की और कहा कि -शैलजा उनकी बहन हैं और पार्टी की एक सम्मानित नेता हैं। कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता है, और ऐसे लोगों के लिए पार्टी के अंदर कोई जगह नहीं है। जाति, धर्म के आधार पर लोगों को आपस में लड़वाना बीजेपी का काम है। हुडा ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी शख़्स ऐसी बात नहीं कह सकता है। दरअसल कुमारी शैलजा राज्य की सबसे वरिष्ठ दलित महिला नेता तथा इस वर्ग की मुख्यमंत्री पद की इकलौती दावेदार हैं। परन्तु कांग्रेस ने जिन 89 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं उनमें 72 प्रत्याशी अकेले भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक बताये जा रहे हैं जबकि सिरसा से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रही पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के केवल 9 समर्थक प्रत्याशी ही टिकट हासिल करने में कामयाब हुये हैं। गोया टिकट वितरण से ही हुड्डा ख़ेमे का पल्ला भारी है। अब देखना यह होगा कि कई क्षेत्रों में बाग़ियों के चुनाव लड़ते तथा शैलजा ख़ेमे के साथ साथ उन पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दलित समाज में उपजे रोष के बीच हुड्डा ख़ेमे पर लगभग आश्रित नज़र आती कांग्रेस अपने बल पर भाजपा से सत्ता छीन सकेगी या फिर हरियाणा को 2019 की ही तरह राज्य में चुनाव लड़ रहे इनेलो,जजप,बसपा आज़ाद समाज पार्टी या विजयी होकर आने वाले अन्य स्वतंत्र निर्वाचित सदस्यों की बैसाखी की सरकार मिलेगी ?

## 'एक देश एक चुनाव' अमृतकाल की अमृत उपलब्धि बने

> "कोंडोरसेट ने फ्रांसीसी समाज के अन्य प्रबुद्ध सुधारों की भी वकालत की, जैसे कि आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार, प्रोटेस्टेंटों को नागरिक अधिकार प्रदान करना और दासता का उन्मूलन। अपनी पत्नी सोफी डी ग्राउची (जिनसे उन्होंने 1786 में विवाह किया) के साथ, कोंडोरसेट ने पेरिस के उदार अभिजात वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सैलून चलाया, जहाँ इन मुद्दों पर चर्चा की गई, साथ ही नए अमेरिकी गणराज्य की प्रगति और राजनीतिक रूप से सुधारित फ्रांस में प्रांतीय विधानसभाओं की भविष्य की भूमिका पर भी चर्चा की गई। फ्रांसीसी क्रांति के शुरुआती चरण के दौरान कोंडोरसेट सोसाइटी ऑफ थर्टी और सोसाइटी ऑफ 1789 (जिसके सदस्यों में मार्क्विस डे लाफायेट और ड्यूपॉट डी नेमोर्स शामिल थे) में अन्य उदारवादी सुधारकों के साथ शामिल हो गए।"

ललित गर्ग

नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने 'एक देश एक चुनाव' के अपने चुनौतीपूर्ण संकल्प को लागू करने की बात कहकर राजनीतिक चर्चा को गरमा दिया है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती एवं चुनावी प्रक्रिया को अधिक प्रासंगिक एवं कम खर्चीला बनाने के लिये 'एक देश एक चुनाव' पर चर्चा होती रही है। इसको लेकर भाजपा जिस तरह बेझिझक होकर तेजी से आगे बढ़ रही है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा कि केंद्र को सहयोगी दलों का पूरा समर्थन मिल रहा। दो बड़े दलों में से एक जेडीयू ने मोदी के 'एक देश एक चुनाव' वाले इरादे पर सहमति जता दी है। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है और उसके इस आशावाद में देश को एक नई दिशा मिल सकेगी। भारत की वर्तमान चुनावी प्रणाली में निहित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा एक संभावित समाधान के रूप में उभरी है। शासन के सभी स्तरों- पंचायत, नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय- में एक साथ चुनाव कराने से लागत (खर्च)-प्रभावशीलता और प्रशासनिक दक्षता से लेकर बेहतर शासन और नीति निरंतरता तक कई लाभ मिल सकते हैं। यह नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को आकार देने का मुख्य आधार बन सकता है एवं आजादी के अमृतकाल की एक अमृत उपलब्धि बनकर सामने आ सकता है।

भले ही स्पष्ट बहुमत के अभाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। लेकिन भाजपा की सरकार इतनी भी कमजोर नहीं है कि अपने चुनावी वायदों एवं विकासमूलक कार्ययोजनाओं को लागू न कर सके। नरेन्द्र मोदी जैसा साहसी एवं करिश्माई नेतृत्व है तो उसके द्वारा देशहित की योजनाओं में आने वाले अवरोध वह दूर कर ही लेंगे। एक दशक की विकासमूलक कार्यशैली के बाद अब भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर अपनी योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है। भले ही भाजपा-सरकार कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को साहसिक निर्णय लेने वाली पार्टी के रूप में एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को आकार देने के लिये तत्पर हो गयी है। इसके लिए सरकार ने पक्ष-विपक्ष के सभी नेताओं से एक साथ आने का अनुरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित में है। निश्चिय ही 'एक देश एक चुनाव' की योजना को लागू करना राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खर्चीले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। विगत लोकसभा चुनावों में कुल सरकारी खर्च 6600 करोड़ रुपये आया था जो भारत जैसे विविधतापूर्ण विशाल देश को देखते हुए भले ही जायज कहा जाये, लेकिन बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले ऐसे भारी-भरकम खर्चे देश की अर्थ-व्यवस्था पर बोझ तो डालते ही है।

भारत में भ्रष्टाचार की जड़ भी महंगी होती चुनाव व्यवस्था है क्योंकि जब करोड़ों रुपये खर्च करके कोई विधानसभा या लोकसभा का प्रत्याशी जनप्रतिनिधि बनेगा तो वह विजयी होने के बाद सबसे पहले अपने भारी खर्च की भरपाई करने की कोशिश करेगा। अतः असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करने पर सभी राजनैतिक दलों में एक सन्नाटा पसर जाता है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष को अपने राजनीतिक हितों की बजाय देशहित को सामने रखकर इस मुद्दे पर आम सहमति बनानी चाहिए। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न को भी सामने रखकर इस पर सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत हमेशा से राजनीतिक विचारधाराओं, विविध संस्कृतियों और विशाल आबादी का मिश्रण रहा है। हर गुजरते चुनाव चक्र के साथ, राष्ट्र लोकतांत्रिक उत्साह का महाकुंभ देखता है, जहाँ लाखों लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। हालाँकि, इस जीवंत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बीच, विभिन्न स्तरों-स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय-पर चुनावों के समन्वय को लेकर बहस ने हाल के वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक दशक के शासन एवं पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में 'एक देश, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने 'एक देश, एक चुनाव' को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ परामर्श किया और संभावित अनुशंसाओं के साथ आम लोगो एवं न्यायविदों के विचार आमंत्रित किये।

## दिल्ली में आप की आतिशबाजी

राकेश अचल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 वे जन्मदिन पर देश में आतिशबाजी हुई या नहीं,लेकिन दिल्ली में आम आदमीपार्टी ने जमकर आतिशबाजी की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी को अपनाउत्तराधिकारी बनाकर प्रधानमंत्री जी को अनूठा उपहार दिया गया है। कालकाजी विधानसभा सीट से विधायक आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। आतिशी को 09 मार्च 2023 को पहली बार मंत्री बनाया गया था। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद उन्हें केजरीवाल कैबिनेट में एंट्री मिली थी। आतिशी के दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने से और कुछ हो या न हो किन्तु भाजपा की राजनीति को ग्रहण जरूर लग गया है। भाजपा की मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली ,झारखंड ,और बंगाल के मुख्यमंत्रियों को अपना निशाना बनाया था लेकिन तीनों ही भाजपा के शिकंजे से निकल गए। तीन में से दो हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को हालांकि जेल यात्रा करना पड़ी लेकिन ममता बनर्जी अभी तक बची हुई है । सन्देशखाली और कोलकात की वारदात भी उनका बाल-बांका नहीं कर सकी। अब भाजपा खीज चुकी है,उसकी बौखलाहट सार्वजनिक हो चली है। दिल्ली में नेतृत्व परिवर्तन यद्यपि भाजपा सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर बनाया गया दबाब ही है, लेकिन केजरीवाल की वक्र चाल ने भाजपा के अब तक के किये कराये पर पानी फेर दिया। आम आदमी पार्टी की सियासत अब दोराहे पर है और भाजपा भी। उसे साबित करना है कि उसका नहले पार दहला कारगर है या नहीं? अब आम आदमी पार्टी की ही नहीं भाजपा और गैर भाजपा गठबंधन की राजनीति में भी बदलाव साफ़ नजर आएगा। आतिशी को दिल्ली की कमान मिलने से आम आदमी पार्टी के वो नेता भी कहीं पीछे छूट गए हैं जिनका अरविंद केजरीवाल से रिश्ता पार्टी की स्थापना से भी पुराना है। केजरीवाल के इस्तीफे से खाली हुए शून्य को तो आतिशी के जरिए भर दिया गया है ,लेकिन भारी-भरकम मंत्रालयों का कार्यभार संभाल रहीं आतिशी को नई जिम्मेदारी मिलने से कैबिनेट में जगह खाली हो गई है। यानी नए नेताओं की दिल्ली की सरकार में एंट्री तय है. दूसरी तरफ भले ही अगले चुनाव तक आतिशी मुख्यमंत्री रहें, लेकिन संगठन की दृष्टि से भी उनके कद में इजाफा तय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री होने के नाते वो पहली पंक्ति की नेता हो जाएंगी, प्रमुख स्टार कैंपेनर भी बन जाएंगी। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अब भाजपा के खिलाफ अभियान छेड़ने के लिए परम स्वतंत्र है। अब उनकी लड़ाई का रुख भी बदल जायेगा । अब केजरीवाल भाजपा की बेईमानी और अपनी ईमानदारी को लेकर राजनीति में अपनी जगह बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन ये काम वे अकेले नहीं कर सकते। उन्हें भी इस अभियान में ईमानदारी के साथ पेश आते हुए कांग्रेस की बैशाखी का इस्तेमाल करना पडेगा। कहते हैं न कि - अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता । इसी तरह अकेले अरविंद केजरीवाल भाजपा का बाल-बांका नहीं कर सकते। वर्ष 2024 के आम चुनाव में भाजपा का जो भी नुक्सान हुआ वो कांग्रेस के नेतित्व वाले गठबन्धन की एकजुटता की वजह से हुआ ,केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का उसमें कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं है। आम आदमी पार्टी पंजाब से आगे ही नहीं बढ़ पायी। यहां तक कि दिल्ली में भी उसे लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री आतिशी में कितना आतिश है ये फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनावों में स्पष्ट हो जाएगा।

# पितरों की आत्मा के मोक्ष के लिए पिंडदान है जरूरी

**सनातन धर्म में 16 दिन पूर्वजों के लिए माने जाते हैं। मान्यता है कि अगर पितरों की आत्मा को मोक्ष नहीं मिला है, तो उनकी आत्मा भटकती रहती है। इससे उनकी संतानों के जीवन में भी कई बाधाएं आती हैं, इसलिए पितरों का पिंडदान जरूरी माना गया है।**

हिंदू धर्म में पितृपक्ष के दौरान पिंडदान किया जाता है। इस समय अपने पितरों को याद कर उनके नाम पर पिंडदान होता है। पिंडदान के लिए गया में फल्गु नदी के तट को सबसे अच्छा माना जाता है। यहां पिंडदान की प्रक्रिया पुनपुन नदी के किनारे से प्रारंभ होती है। कहा जाता है कि गया में पहले अलग-अलग नामों की 360 वेदियां थी, जहां पिंडदान किया जाता था। इनमें से अब 48 ही बची है। वर्तमान समय में इन्हीं वेदियों पर लोग पितरों का तर्पण और पिंडदान करते हैं। यहां की वेदियों में विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के किनारे और अक्षयवट पर पिंडदान करना जरूरी माना जाता है। इसके अतिरिक्त वैतरणी, प्रेतशिला, सीताकुंड, नागकुंड, पांडुशिला, रामशिला, मंगलागौरी, कागबलि आदि भी पिंडदान के लिए प्रमुख हैं। आइए आपको बताते हैं कि पिंडदान को हिंदू धर्म में जरूरी क्यों माना गया है और इसकी सही हिंदू मान्यता के अनुसार किसी वस्तु के गोलाकर रूप को पिंड कहा जाता है। प्रतीकात्मक रूप में शरीर को भी पिंड माना गया है। पिंडदान के समय मृतक की आत्मा को अर्पित करने के लिए जौ या चावल के आटे को गूंथकर बनाई गई गोलात्ति को पिंड कहते हैं।

## श्राद्ध की मुख्य विधि

श्राद्ध की मुख्य विधि में मुख्य रूप से काम होते हैं- पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मण भोज। दक्षिणाविमुख होकर आचमन कर अपने जनेऊ को दाएं कंधे पर रखकर चावल, गाय के दूध, घी, शक्कर एवं शहद को मिलाकर बने पिंडों को श्रद्धा भाव के साथ अपने पितरों को अर्पित करना पिंडदान कहलाता है। जल में काले तिल, जौ, कुशा एवं सफेद फूल मिलाकर उससे विधिपूर्वक तर्पण किया जाता है। मान्यता है कि इससे पितर तृप्त होते हैं। इसके बाद ब्राह्मण भोज कराया जाता है।

## पितरों का स्थान

पंडों के मुताबिक, शास्त्रों में पितरों का स्थान बहुत ऊंचा बताया गया है। उन्हें चंद्रमा से भी दूर और देवताओं से भी ऊंचे स्थान पर रहने वाला बताया गया है। पितरों की श्रेणी में मृत पूर्वजों, माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानी सहित सभी पूर्वज शामिल होते हैं। व्यापक दृष्टि से मृत गुरु और आचार्य भी पितरों की श्रेणी में आते है।





# पितृपक्ष में पशु-पक्षियों को दें भोजन

पितृपक्ष प्रारंभ हो गये हैं। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार पितृपक्ष के 16 दिनों तक हमारे पूर्वज धरती पर आकर हमें आशीर्वाद देते हैं। ये पितृ पशु पक्षियों के माध्यम से हमें देखने आते हैं। जिन जीवों तथा पशु पक्षियों के माध्यम से पितृ आहार ग्रहण करते हैं वो हैं - गाय, कुत्ता, कौवा और चींटी।

श्राद्ध के समय इनके लिए भी आहार का एक अंश निकाला जाता है, तभी श्राद्ध कर्म पूर्ण होता है। श्राद्ध करते समय पितरों को अर्पित करने वाले भोजन के पांच अंश निकाले जाते हैं - गाय, कुत्ता, चींटी, कौवा और देवताओं के लिए। इन पांच अंशों का अर्पण करने को पञ्च बलि कहा जाता है। सबसे पहले भोजन की तीन आहुति कंडा जलाकर दी जाती है1 श्राद्ध कर्म में भोजन के पूर्व पांच जगह पर अलग-अलग भोजन का थोड़ा-थोड़ा अंश निकाला जाता है। गाय, कुत्ता, चींटी और देवताओं के लिए पत्ते पर तथा कौवे के लिए भूमि पर अंश रखा जाता है। फिर प्रार्थना की जाती है कि इनके माध्यम से हमारे पितर प्रसन्न हों।



कुत्ता जल तत्त्व का प्रतीक है ,चींटी अग्नि तत्व का, कौवा वायु तत्व का, गाय पृथ्वी तत्व का और देवता आकाश तत्व का प्रतीक हैं। इस प्रकार इन पांचों को आहार देकर हम पंच तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। केवल गाय में ही एक साथ पांच तत्व पाए जाते हैं। इसलिए पितृ पक्ष में गाय की सेवा विशेष फलदाई होती है। मात्र गाय को चारा खिलने और सेवा करने से पितरों को तृप्ति मिलती है साथ ही श्राद्ध कर्म सम्पूर्ण होता है।

पितृ पक्ष में गाय की सेवा से पितरों को मुक्ति मोक्ष मिलता है। साथ ही अगर गाय को चारा खिलाया जाय तो वह ब्राह्मण भोज के बराबर होता है1 पितृ पक्ष में अगर पञ्च गव्य का प्रयोग किया जाय, तो पितृ दोष से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही गौदान करने से हर तरह के ऋण और कर्म से मुक्ति मिल सकती है। पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज और पितर धरती पर उतरते हैं और हमें देखते हैं। एक बार पितर खुश हो जाएं तो वो आर्शीवाद देते हैं, जिसे मनोकामना पूर्ति होती है। पितृपक्ष काल को शुभ नहीं मानते। इसलिए इस दौरान हर शुभ कार्य वर्जित है, जैसे कि शादी, घर की खरीदारी या शिफ्टिंग, शादी की खरीदारी आदि। ठीक उसी प्रकार, जैसे कि घर में किसी परिजन की मत्यु के बाद घर में एक खास अवधि के लिए सभी मांगलिक कार्य रोक दिए जाते हैं। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इस दौरान हमारे पितर हमसे आत्मिक रूप से जुड़े होते हैं, पूजन नियम के जरिए हमें उनसे आशीर्वाद लेनी चाहिए। पितृपक्ष के दौरान अपनी आदतों और शौकों पर थोड़ों नियंत्रण कर पितरों को खुश किया जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में हर तरह के शुभ कार्य से अपना ध्यान हटाकर अपने पितरों से जुड़ाव महसूस करना चाहिए।

## गाय की सेवा से मिलता है पितरों का आशीर्वाद

कहा जाता है कि पितृपक्ष में पितृगण पितृलोक से धरती पर आ जाते हैं। इस समयावधि में पितृलोक पर जल का अभाव हो जाता है। इसलिए पितृपक्ष में पितृगण पितृलोक से भूलोक आकार अपने वंशजो से तर्पण करवाकर तृप्त होते हैं। इसलिए जब व्यक्ति पर कर्जा हो तो वो खुशी मनाकर शुभकार्य कैसे सम्पादित कर सकता है। पितृऋण के कारण ही पितृपक्ष में शुभकार्य नहीं किए जाते।

# पिंडदान क्यों और कैसे किया जाता है? जानें क्या कहता है गरुड़ पुराण

**पिंडदान करना हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण रिवाज माना जाता है. यह अनुष्ठान मृतक की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है. गरुड़ पुराण में इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है. पिंडदान हिंदू धर्म में पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान होता है. इसका उद्देश्य पितरों की आत्मा को तृप्त करना और उन्हें सुख और मोक्ष प्रदान करना होता है. पिंडदान मुख्य रूप से किसी की मृत्यु के बाद, श्राद्ध पक्ष, अमावस्या, या पवित्र स्थलों जैसे गया, वाराणसी, प्रयाग आदि में किया जाता है. इस अनुष्ठान में "पिंड" (गोलाकार चावल के लड्डू) अर्पित किए जाते हैं, जो मृतक की आत्मा का प्रतीक माने जाते हैं.**

## पिंडदान क्यों किया जाता है?

**पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिए**
हिंदू धर्म में माता-पिता का ऋण बहुत बड़ा माना जाता है. मान्यता है कि पिंडदान करने से यह ऋण उतरता है और व्यक्ति को पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है.

**आत्मा की शांति के लिए**
मान्यता है कि पिंडदान करने से मृतक की आत्मा को शांति मिलती है और वह अगले जन्म के लिए मुक्त हो जाती है.

**मोक्ष की प्राप्ति**
ये भी माना जाता है कि पिंडदान करने से मृत पूर्वजों की आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है, और वह सभी सुखों से परिपूर्ण हो जाती है

**पितृदोष निवारण के लिए**
मान्यता है कि यदि किसी व्यक्ति की कुंडली मे पितृदोष है, तो पिंडदान करने से यह दोष दूर हो जाता है.

**पुण्य प्राप्ति के लिए**
मान्यता है कि पिंडदान करने से व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है और उसके जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है.

**कुल कल्याण के लिए**
कुल की रक्षा और कल्याण के लिए भी पिंडदान किया जाता है. मान्यता है की पिंडदान करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद देते हैं, जिससे कुल का कल्याण होता है.

**वंश वृद्धि**
पिंडदान से वंश में वृद्धि होती है और जीवन में समृद्धि आती है. परिवार में कोई बाधा या अशांति नहीं रहती.

## पिंडदान कैसे किया जाता है?

पिंडदान करने के लिए सबसे पहले पिंड चावल, जौ का आटा, तिल,



दूध और घी से पिंड बनाए जाते हैं. इन पिंडों का रूप गोलाकार होता है, जो जीवन और मृत्यु के चक्र का प्रतीक होता है. पिंडदान से पहले श्राद्ध कर्म किया जाता है, जिसमें पंडित द्वारा विधिवत रूप से मंत्रोच्चार और हवन किया जाता है. इसके माध्यम से पितरों को आह्वान किया जाता है. पिंडदान के दौरान ये पिंड जल, कुशा, और तिल के साथ पवित्र स्थान पर अर्पित किए जाते हैं. ऐसा माना जाता है कि ये पिंड पितरों तक पहुंचते हैं और उनकी आत्मा को तृप्ति मिलती है. पिंडदान के साथ तर्पण भी किया जाता है, जल और काले तिल का तर्पण पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है. पिंडदान के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराना और दान देना भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है. इसमें अन्न, वस्त्र, और दक्षिणा का दान करने की परंपरा है.

## गरुड़ पुराण में पिंडदान का महत्व




गरुड़ पुराण में पिंडदान का विशेष उल्लेख मिलता है. गरुड़ पुराण के अनुसार, अच्छे या बुरे कर्मों के आधार पर पिंडदान करने से मृत आत्मा को स्वर्ग या नरक की प्राप्ति होती है और वह पितृलोक में शांति प्राप्त करती है. इसे करने से मृतक की आत्मा की तृप्ति होती है और उनके जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होने की संभावना भी बढ़ जाती है. हिंदू धर्म में पिंडदान को पितरों के लिए सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण दान माना जाता है. पिंडदान करने से "पितृ ऋण" से भी मुक्ति मिलती है. गरुड़ पुराण के अनुसार, जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसकी आत्मा यमलोक की यात्रा करती है और इस दौरान उसे बहुत कष्टों का सामना करना पड़ता है. पिंडदान और श्राद्ध के माध्यम से आत्मा को इस कष्ट से मुक्ति मिलती है और उसे मोक्ष की ओर बढ़ने में सहायता मिलती है. गरुड़ पुराण के मुताबिक, आत्मा को पुर्नजन्म में 40 दिन का समय लगता है.

# इन पवित्र स्थानों पर पिंडदान करने से पितरों को मिलता है मोक्ष

**पिंडदान हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण कर्म है, जो पितरों की आत्मा की शांति और उनके मोक्ष प्राप्ति के लिए किया जाता है। वैसे तो ज्यादातर लोग अपने घर में ही पिंड दान करते हैं लेकिन इसके लिए भारत में कई ऐसे पवित्र स्थान हैं, जहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यहां इस लेख में हम आपको उन्हीं स्थानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाकर आप भी अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कर सकते है।**

## वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

दुनियाभर में बनारस को सबसे प्राचीन शहरों में गिना जाता है। इसे महाकाल की नगरी और मोक्ष की नगरी भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां गंगा नदी के तट पर पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है। इसी के चलते पितृपक्ष में यहां काफी भीड़ होती है।

## हरिद्वार (उत्तराखंड)

उत्तराखंड के खूबसूरत से शहर हरिद्वार को देश के पवित्र शहरों के नाम से जाना जाता है। यहां भी गंगा तट है, जिस वजह से ऐसी मान्यता है कि यहां पर पिंडदान करने से पूवर्जों की आत्मा को शांति मिलती है और आत्मा को मोक्ष भी प्राप्त होता है।

## गया (बिहार)

बिहार में स्थित गया धाम श्राद्ध कर्म करने के लिए सबसे अहम स्थान बताया जाता है। यहां देशभर से लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए आते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां फल्गु नदी पर आज भी विष्णु जी का निवास है, जिस वजह से इस पवित्र स्थान पर पिंडदान करने से पूर्वजों को शांति मिलती है।

## बद्रीनाथ (उत्तराखंड)

बद्रीनाथ धाम में पिंडदान करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है और यहां पिंडदान से पितरों की आत्मा को मुक्ति प्राप्त होती है। ये स्थान अलकनंदा तट पर बसा है, जहां ब्रह्म कपाल घाट है। इसी घाट पर पिंडदान करना अच्छा माना जाता है।



## इस चीज के बिना अधूरा होता है श्राद्ध, नहीं मिलती पितरों की आत्मा को शांति! हरिद्वार के ज्योतिषी ने बताया महत्व

धार्मिक ग्रंथो के अनुसार पितृपक्ष के दिनों में अपने पितरों और पूर्वजों के श्राद्ध कर्म, पिंडदान, तर्पण आदि करने से उन्हें शांति और मोक्ष आदि की प्राप्ति होती है. अपने पितरों की आत्मा को मोक्ष देने के लिए व्यक्ति उनका श्राद्ध कर्म विधि विधान के साथ करता है. मत्स्य पुराण और गरुड़ पुराण के अनुसार बताई गई विधि के अनुसार ही व्यक्ति को अपने पितरों का श्राद्ध कर्म करना चाहिए. नाराज पितरों को मनाने और पितृ दोष को खत्म करने के लिए शास्त्रों में बताई गई विधि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध कर्म, पिंडदान या अन्य कर्मकांड करने का विधान बताया गया है.

पुराणों के अनुसार पितृपक्ष के दिनों में पितरों के श्राद्ध कर्म, तर्पण, पिंडदान आदि कार्यों में पवित्र कुशा का बहुत अधिक महत्व होता है. यदि श्राद्ध कर्म में कुशा का उपयोग ना किया जाए, तो पितरों को शांति नहीं मिलती है. गरुड़ पुराण के अनुसार पवित्र कुशा के बिना पितरों का श्राद्ध अधूरा रहता है. कुशा में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास रहता है. इसलिए पितृ पक्षों में श्राद्ध पूर्ण करने के लिए कुशा का उपयोग जरूर किया जाता है. वहीं कुशा का महत्व आदि अनादि काल में देवताओं और राक्षसों में हुए समुद्र मंथन से जुड़ा हुआ है.

पितृ पक्ष में कुशा के उपयोग होने के बारे में ओर अधिक जानकारी लोकल 18 को देते हुए हरिद्वार के विद्वान ज्योतिषी पंडित श्रीधर शास्त्री ने बताया कि यदि पितरों के श्राद्ध में कुशा की अंगूठी हाथ में पहनकर और कुशा के आसान का उपयोग नहीं किया गया तो श्राद्ध पूर्ण नहीं माना जाता हैं. शास्त्रों में कुशा को बहुत पवित्र बताया गया है साथ ही पितरों का श्राद्ध पूर्ण करने के लिए श्राद्ध कर्म, तर्पण, पिंडदान आदि करते समय दाएं हाथ की अनामिका उंगली में कुशा की अंगूठी बनाकर पहनी जाती है और श्राद्ध की सभी क्रियाएं कुशा के आसन पर बैठकर ही की जाती हैं.

## अयोध्या ( उत्तर प्रदेश )

श्रीराम की नगरी अयोध्या सरयू नदी के तट पर बसी है। इस नदी के किनारे भी पिंडदान करना काफी अच्छा माना जाता है। पितृपक्ष के मौके पर पूर्वजों के श्राद्ध व पिंडदान के लिए सरयू के तट पर आयोजन होता है। यहां पंडित विधिविधान से पूजा कराते हैं। ऐसे में आप भी यहां जाकर अपने पूर्वजों की शांति के लिए पूजा करा सकते हैं।

# लेबनान में पेजरों में हुए धमाकों में 11 की मौत, हजारों घायल

### मोसाद की प्लानिंग: ताइवान में बने 5 हजार पेजरों में था 3 ग्राम विस्फोटक



बेयरुत(ईएमएस)। बीती रात लेबनान में हुए पेजरों में धमाकों से 11 लोगों की मौत हुई और 9 हजार घायल हुए हैं। इस घटना ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। हमले के तार इजरायल से जोड़े जा रहे हैं। हालांकि, इजरायल की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इसी बीच खबरें ये भी हैं कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने 5 हजार पेजरों में छोटे विस्फोटक शामिल कर दिए थे।

आंकड़े बता रहे हैं कि लेबनान के अलग-अलग हिस्सों में हिजबुल्ला के कुछ सदस्यों समेत 11 लोगों की मौत हुई है। साथ ही करीब 9 हजार लोग घायल हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि कोडेड मैसेज मिलने के बाद 3 हजार पेजर फट गए। एक अन्य सुरक्षा सूत्र ने बताया है कि नए पेजरों में 3 ग्राम तक विस्फोटक था, जिसका हिजबुल्ला को महीनों तक पता ही नहीं चला। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 'हैंडहेल्ड पेजर' के नये ब्रांड पहले गर्म हुए, फिर उनमें विस्फोट हो गया। अधिकारी ने बताया कि इसमें उसके कम से कम दो सदस्यों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह ने पहले समूह के सदस्यों को सेलफोन न रखने की चेतावनी देते हुए कहा था कि उनका इस्तेमाल इजराइल की तरफ से उनकी गतिविधियों पर नजर रखने और लक्षित हमले करने के लिए किया जा सकता है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी अस्पतालों को आपातकालीन रोगियों को भर्ती करने के लिए सतर्क रहने और पेजर रखने वालों से खुद को पेजर से दूर रखने को कहा है। मंत्रालय ने स्वास्थ्य कर्मियों से वायरलेस उपकरणों का उपयोग करने से बचने को भी कहा है।रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान के सुरक्षा सूत्रों और अन्य सूत्रों ने बताया है कि मोसाद ने ताइवान में बने 5 हजार पेजरों में छोटे विस्फोटक लगा दिए थे। ये पेजर हिजबुल्ला ने कुछ महीनों पहले ही ऑर्डर किए थे। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि इस घटना की योजना कई महीनों पहले से बनाई जा रही थी। इस घटना के बाद हिजबुल्ला ने इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।लेबनान सिक्युरिटी से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि समूह ने ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो से 5 हजार बीपर्स ऑर्डर किए थे। खबरें हैं कि इस साल ही ये लेबनान पहुंचे थे। पेजर मॉडल एपी 924 अन्य पेजरों की तरह मैसेज भेज सकता है और रिसीव कर सकता है, लेकिन इससे कॉल नहीं किया जा सकता। बातचीत में पहले दो सूत्रों ने बताया था कि हिजबुल्ला के लड़ाके इजरायल की तरफ से लोकेशन ट्रैकिंग से बचने के लिए पेजर्स का इस्तेमाल करते थे।

### लेबनान-सीरिया में पेजर विस्फोट में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं

लेबनान और सीमावर्ती सीरिया के कुछ इलाकों में पेजर में सिलसिलेवार ब्लास्ट हुए। वहीं, इस मामले पर अमेरिका ने कहा कि लेबनान में हुए पेजर विस्फोटों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। वॉशिंगटन ने इजराइल और लेबनान के बीच तनाव के लिए एक कूटनीतिक समाधान का रास्ता निकाला है। हिजबुल्लाह ने लेबनान में पेजर विस्फोट का इजराइल को दोषी माना है और उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का वादा किया है। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ने की आशंका है। पेंटागन के प्रवक्ता और वायुसेना के मेजर जनरल पैट्रिक राइडर ने कहा कि जहां तक मेरी जानकारी है, इसमें अमेरिका शामिल नहीं है। मैं फिर से कहना चाहूंगा कि हम इस पर नजर रख रहे हैं। अमेरिका ने कहा कि इस मामले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि अमेरिका इन घटनाओं में शामिल नहीं था और उसे नहीं पता कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। अमेरिका को इस घटना के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी।

### व्यंग्यकार यूसुफ बोले-इजरायल तुम जीत गए

फिलिस्तीन के मुखर समर्थक मिस्र के व्यंग्यकार बासेम यूसुफ ने इजराइल पर निशाना साधा है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद ने हिजबुल्लाह सदस्यों द्वारा मंगवाए गए पांच हजार पेजर में विस्फोटक लगाया था। मंगलवार को लेबनान में हजारों वायरलेस डिवाइस फट गए, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और तीन हजार से ज्यादा घायल हुए हैं। इजरायल के आलोचक यूसुफ ने कहा कि एक देश की सनक की वजह से उनके फोन, उनके बच्चों के टैबलेट और यहां तक कि उनके सिक्यूरिटी डिवाइसेज जैसे रोजमर्रा के उपकरण टाइम बम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों मासूमों लोगों की जान लेने वाले इजरायल तुम जीत गए। एक भी राजनेता या देर रात तक इस बारे में बात नहीं करते? क्या इनमें से कोई भी खबर जिक्र करने के लायक नहीं है? इसमें कुछ भी मजेदार नहीं निकल सकता? पूरा देश वास्तव में बंधक है, पूरी दुनिया बंधक है। लेबनान के अलावा, मंगलवार को सीरिया में भी करीब 100 विस्फोट हुए। लेबनान में देश के राजदूत मोजतबा अमानी पेजर विस्फोटों में घायल हुए हजारों लोगों में शामिल हैं। हिजबुल्लाह ने इजराइल की इस हरकत की निंदा की है और इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है। यह पहली बार नहीं है कि मिस्र के व्यंग्यकार ने इजराइल के खिलाफ बोला हो। इस साल की शुरुआत में नई दिल्ली में यूसुफ ने गाजा में हमास के खिलाफ चल रहे युद्ध को लेकर इजराइल पर हमला किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि इजराइल द्वारा बनाई गई वैकल्पिक वास्तविकता लोगों को गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों के साथ जो कुछ भी हो रहा है, उसे ठीक मानने के लिए प्रेरित कर रही है।



पोलैंड में आई बाढ़ के बीच ही पानी में से निकलते हुए लोग।



पुर्तगाल में जंगल की आग को अपने घर की बालकनी से देखती हुई दो महिलाएं।

## हमास को छोड़िए.....अब हिजबुल्ला को खत्म करने में जुटा इजरायल

तेहरान,(ईएमएस)। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच की जंग लगातार तेज होती जा रही है। इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर जोरदार हमला कर एक फुटेज जारी किया है जिसमें लेबनान में हिजबुल्ला के अलग अलग ठिकानों पर हमला किया गया है। हमला दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य ठिकानों पर हुआ है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि गाजा में युद्ध के लिए उनके टारगेट को बढ़ाया गया है। लेबनानी सीमा के पास के इलाकों से भागे इजरायलियों को उनके घरों में वापस लौटने में सक्षम बनाना शामिल है। इजरायल द्वारा गाजा पर युद्ध शुरू करने के बाद से इजरायली सेना और ईरान समर्थित लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के बीच लगभग हर दिन सीमा पार से गोलीबारी होती रही है।

अमेरिका क एक शीर्ष दूत ने लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ लड़ाई को बढ़ाने पर इजरायल को चेतावनी दी है। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तरी सीमा क्षेत्रों से निकाले गए इजरायलियों को उनके घरों में वापस लाने के लिए सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र रास्ता बची है। अमेरिका का ये बयान उसकी बढ़ती चिंता को दिखाता है कि गाजा में संघर्ष फैल सकता है।

यमन के ईरान-समर्थित विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल मध्य इजराइल के एक खुले क्षेत्र में गिरी, जिससे उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई हमले के सायरन बज उठे। इजराइल ने इसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई का संकेत दिया है। हमले में किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन इजराइली मीडिया ने कुछ वीडियो प्रसारित किए हैं जिनमें दिख रहा है कि बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लोग शरण लेने के लिए भाग रहे हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि इसके तुरंत बाद सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो गया। मध्य इजराइल के एक ग्रामीण क्षेत्र में आग की लपटें देखी जा सकती थीं।

## बच्चे का नाम बदलो, अदालत को कहना पड़ा

काहिरा (ईएमएस)। दुनिया में सभी मां बाप अपने बच्चों के नाम बड़े ही प्यार से रखते हैं। बच्चे को उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर लोग इसतरह के नाम रखते हैं जिनका मतलब खास हो। लेकिन हाल में ब्राजील से मामला सामने आया है, इसमें एक कपल ने जब अपने नवजात बच्चे का नाम रखा, तब मामला अदालत में ही चला गया। इतना ही नहीं अदालत ने बच्चे का नाम कैंसिल करवा दिया।

यहां एक कपल ने बेटे का नाम पिये रखा। ये एक ऐतिहासिक कैरेक्टर जो मिस्र का पहला ब्लैक फिरौन था। पिये ने 25वें राजवंश की स्थापना में मदद कर 30 वर्षों तक मिस्र पर शासन भी किया था। लेकिन अदालत ने इसपर हस्तक्षेप कर डर जताया कि असामान्य नाम के कारण बच्चे को जिंदगीभर के लिए बुली होना पड़ सकता है। अदालत ने बच्चे के नाम के सांस्कृतिक उद्देश्य को किनारे करते हुए इस तरह फैसला दिया कि कुछ भी हो बच्चे को भविष्य में इस तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में मोदी की इंट्री, ट्रंप ने दावा किया- मोदी मुझसे मिलने आ रहे हैं



वाशिंगटन(ईएमएस)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंट्री अब अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हो गई है। ये इसलिए कहा जा रहा है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप सीना ठोककर कह रहे हैं कि पीएम मोदी मुझसे मिलने अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने मिशिगन के फ्लिंट में अपने चुनावी अभियान के एक कार्यक्रम में बैठक की घोषणा की है। इस बैठक में वह भारत के साथ अमेरिकी व्यापार संबंधों के बारे में बातचीत कर रहे थे। हालांकि यह मुलाकात कहां होगी इसकी जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया था। इसके मुताबिक पीएम मोदी अमेरिका में क्वॉड बैठक में हिस्सा लेने के साथ-साथ कई दूसरे कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ट्रंप से भी मुलाकात कर सकते हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति रहते 2017 से 2021 के दौरान पीएम मोदी और ट्रंप में एक मजबूत साझेदारी नजर आई थी। इस दौरान ह्यूस्टन में हाउडी मोदी और भारत में नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यक्रम भी आयोजित हुए थे जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था।

पीएम नरेंद्र मोदी विलमिंगटन, डेलावेयर में चौथे क्वाड लीडर्स समिट में हिस्सा लेंगे जिसकी मेजबानी 21 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्वाड समिट में नेता पिछले एक साल में क्वाड द्वारा हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों को उनके लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए आने वाले साल के लिए एजेंडा तय करेंगे। वहीं 22 सितंबर को पीएम मोदी न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय की एक सभा को भी संबोधित करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वह एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और जैव प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के सीईओ के साथ भी बातचीत करेंगे। इसके अलावा मोदी 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय बेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधान है। शिखर सम्मेलन में बड़ी संख्या में वैश्विक नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान मोदी कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप और पीएम मोदी के रिश्ते ने अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। दोनों नेताओं ने खास तौर से रक्षा और रणनीतिक मामलों में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया था। व्यापार संबंधी विवादों के बावजूद उनकी साझेदारी मजबूत रही, जिसने क्वाड जैसी पहल के माध्यम से सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा दिया।

## एक साल पहले हादसे का शिकार पनडुब्बी की पहली तस्वीर आई सामने

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। टाइटन पनडुब्बी हादसे के एक साल बीत जाने के बाद समुद्र तल से पनडुब्बी की पहली बार तस्वीर सामने आई है। जून 2023 में टाइटैनिक का मलबा देखने के समय टाइटन पनडुब्बी समुद्र में पानी के नीचे हादसे का शिकार हो गई थी। एक विस्फोट में पनडुब्बी में सवार सभी लोगों की मौत हो गई थी। ताजा तस्वीर में पनडुब्बी की पिछली टेल कोन 3775 मीटर की गहराई पर तलहटी में बाहर की तरफ निकली दिखाई दे रही है। यह तस्वीर पिछले साल हादसे के बाद पनडुब्बी की खोज के दौरान रिमोट से चालने वाले वाहन से ली गई।

पनडुब्बी टाइटन पिछले साल 18 जून को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड के तट पर उत्तरी अटलांटिक महासागर में टाइटैनिक को देखने के अभियान पर रवाना हुई थी। इसमें कंपनी ओशनगेट के सीईओ स्टॉकटन रश, फ्रांसीसी खोजकर्ता पॉल हेनरी नारेगेओलेट, ब्रिटिश व्यवसायी हैमिश हार्डिंग, पाकिस्तानी-ब्रिटिश बिजनेसमैन शहजाद दाउद औन उनके बेटे सुलेमान सवार थे। पानी में उतरने के करीब दो घंटे बाद ही जहाज पोलर प्रिंस से संपर्क टूट गया। समय पर वापस नहीं आने के बाद अधिकारियों को सतर्क किया और पनडुब्बी को खोजने के लिए अभियान शुरू किया गया।



हादसे को लेकर यूएस कोस्ट गार्ड ने दो सप्ताह की लंबी सुनवाई की है। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि उस दिन क्या गलत हुआ और टाइटन का निर्माण करते समय ऑपरेटर ओशनगेट ने क्या प्रक्रिया अपनाई? सुनवाई में जहाज और पनडुब्बी के बीच हुए संपर्क के बारे में जानकारी दी गई। डेढ़ घंटे बाद जब टाइटन ने 3341 मीटर की गहराई पर था, तब वह जहाज को संदेश भेजने में सक्षम था। इसके छह सेकंड बाद 3346 मीटर की गहराई पर टाइनट को आखिरी बार पिंग किया। इस दौरान टाइटन और मदरशिप के बीच कोई संवाद नहीं हुआ, जिससे पनडुब्बी पर किसी परेशानी या आपातकाल का संकेत मिलता हो। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया था कि समुद्र के अंदर दबाव के चलते पनडुब्बी में एक विस्फोट हुआ जिसमें पनडुब्बी में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। तीन घंटे तक खोज करने के बाद आखिरकार अमेरिकी कोस्ट गार्ड को बुलाया गया। चार दिनों तक चले अभियान में एक रिमोट से चलने वाले वाहन ने टाइटैनिक से करीब 500 मीटर दूर टाइटन के कुछ हिस्सों वाले मलबे के क्षेत्र की खोज की।

## अफगानिस्तान के महावाणिज्य दूत ने किया पाकिस्तान के राष्ट्रगान का अपमान

पेशावर (ईएमएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक नया विवाद पैदा हो गया है, हुआ यूं कि जब अफगान महावाणिज्य दूत हाफिज मोहिबुल्लाह शाकिर ने पेशावर में पाकिस्तान के राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होने से इंकार कर दिया। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर द्वारा आयोजित रहमत-उल-आलमीन सम्मेलन में घटी, जहां राष्ट्रगान बजते समय शाकिर और उनके सहयोगी अपनी सीटों पर बैठे रहे।

इस प्रोटोकॉल उल्लंघन ने पाकिस्तानियों को गुस्सा कर दिया है। पाकिस्तान के विशेषज्ञ और राजनीतिक विश्लेषक इस राजनयिक शिष्टाचार का उल्लंघन और मेजबान देश के प्रति अपमान मान रहे हैं।

इतना ही नहीं पाकिस्तान में इस मुद्दे को लेकर गंभीर प्रतिक्रिया सामने आ रही है। विशेषज्ञों ने शाकिर को देश से निष्कासित करने की मांग कर खैबर पख्तूनख्वा सरकार की आलोचना की है, जिसने उस राजनयिक को आमंत्रित किया जो पाकिस्तान के राष्ट्रगान की गरिमा का सम्मान नहीं करता। विदेश मंत्रालय से आग्रह किया गया है कि वह इस घटना पर संज्ञान ले और राजनयिक मानदंडों के उल्लंघन के खिलाफ औपचारिक डेमार्शे जारी करें।

यह विवाद तब खड़ा हुआ है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संबंध पहले से ही तनावपूर्ण चल रहे हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से दोनों देशों के रिश्ते ठीक नहीं हैं। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगान सरकार तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पनाह दे रही है, जो पाकिस्तान में आतंकवादी हमले कर रहा है। पाकिस्तान ने तालिबान से टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, लेकिन तालिबान प्रशासन इस पर गंभीर नहीं दिख रहा है। इसके जवाब में, तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान की जमीन पर भी आतंकी सक्रिय हैं, जो हमले कर रहे हैं।

इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के प्रवक्ता बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने कहा है कि वे अफगान राजनयिकों के साथ संपर्क में हैं और उचित कार्रवाई के लिए सलाह दी जाएगी।

## स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स आज अंतरिक्ष में ही मनाएंगी बर्थडे

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। सुनीता विलियम्स जो इस समय स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण अपने दोस्त के साथ स्पेस में फंसी हुई हैं। उन्हें धरती पर लौटने में अभी चार-पांच महीने और लग सकते हैं। अपने साथ विल्मोर के साथ चुनौतियों का सामना कर रहीं सुनीता अंतरिक्ष यात्री 19 सितंबर को धरती से करीब 400 किलोमीटर दूर अपना 59वां जन्मदिन मनाएंगी। इससे पहले भी वह स्पेस में अपना बर्थडे मना चुकी हैं। सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को हुआ था। वह भारत के अहमदाबाद (गुजरात) से ताल्लुक रखती हैं और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिए से अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। उनसे पहले कल्पना चावला ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

जून 1998 में उनका अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ और ट्रेनिंग शुरू हुई। सुनीता विलियम्स जो अमेरिका के अंतरिक्ष मिशन पर गई हैं। वह सितंबर-अक्टूबर 2007 में भारत भी आई थीं। जून, 1998 से नासा से जुड़ी सुनीता ने अभी तक कुल 30 अलग-अलग विमानों में 3 हजार हजार घंटे से ज्यादा उड़ान भरी है। साथ ही सुनीता सोसायटी ऑफ एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट्स, सोसायटी ऑफ फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर्स और अमेरिकी हेलिकॉप्टर एसोसिएशन जैसी संस्थाओं से भी जुड़ी हुई हैं। सुनीता विलियम्स नौसेना पोत चालक, हेलीकाप्टर पायलट, परीक्षण पायलट, पेशेवर नौसैनिक, तैराक, पशु-प्रेमी, मैराथन धाविका और अब अंतरिक्ष यात्री एवं विश्व-कीर्तिमान धारक हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से उन्हें नेवी कमेंडेशन मेडल, नेवी एंड मरीन कॉर्प अचीवमेंट मेडल, ह्यूमैनिटेरियन सर्विस मेडल जैसे कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। सुनीता को 2008 में भारत सरकार द्वारा विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## पहले शेख हसीना को भगाया अब मोहम्मद यूनुस के पीछे पड़े बीएनपी के कार्यकर्ता

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश के लोग क्या चाहते हैं ये उन्हे खुद नहीं मालूम। पहले शेख हसीना के खिलाफ मोर्चा खोला और उन्हे देश से ही बाहर कर दिया। अब अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के पीछे बीएनपी के लोग पड़े हैं। यूनुस के नेतृत्व में बनाई गई अंतरिम सरकार के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को हजारों लोग ढाका की सड़कों पर उतर आए, जिनमें मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकर्ता और नेता भी शामिल थे। ये प्रदर्शनकारी जल्द चुनाव करवाकर लोकतांत्रिक ढंग से नई सरकार बनाने की मांग कर रहे थे। मोहम्मद यूनुस को शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश की बागडोर सौंपी गई थी। उनका नेतृत्व अस्थायी सरकार का था, जिसका उद्देश्य देश में सुधार और स्थायित्व लाना था। हालांकि, यूनुस की सरकार ने अभी तक चुनाव की कोई स्पष्ट समयसीमा जारी नहीं की है, जिससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है। यूनुस ने हाल ही में कहा था कि वह तब तक सत्ता में रहेंगे, जब तक लोग ऐसा चाहेंगे, लेकिन चुनाव की तारीख को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया। बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान ने कहा कि उनकी पार्टी ने शुरू में यूनुस सरकार द्वारा प्रस्तावित सुधारों का समर्थन किया था, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुधार तभी सार्थक होंगे जब लोगों को अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। रहमान ने कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही देश में राजनीतिक सशक्तिकरण सुनिश्चित कर सकते हैं।हालांकि, यूनुस की अंतरिम सरकार ने निर्वाचन आयोग और अन्य संस्थानों में सुधार की कई योजनाएं पेश की हैं, लेकिन चुनाव की तारीख घोषित न करने से विपक्ष और जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बांग्लादेश की जनता और राजनीतिक दल अब जल्द से जल्द चुनाव की मांग कर रहे हैं, ताकि लोकतांत्रिक सरकार का गठन हो सके। यूनुस की अंतरिम सरकार को अभी 100 दिन भी नहीं हुए हैं, लेकिन चुनाव न कराने को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बीएनपी के कार्यकर्ता और नेता ढाका में पार्टी मुख्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और चुनाव कराने की मांग करते हुए नारे लगाए। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी ने शुरू में तीन महीने के भीतर चुनाव कराने की मांग की थी, लेकिन बाद में सुधार लागू करने के लिए अंतरिम सरकार को समय देने की बात कही थी। अब बीएनपी का रुख बदलता नजर आ रहा है, और पार्टी जल्द चुनाव चाहती है।

## टॉप-10 अमीरों की सूची से बाहर हुए मुकेश अंबानी, अब 12 वें पायदान पर

न्यूयॉर्क,(ईएमएस)। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी एक स्थान फिसल कर अब 12वें स्थान पर आ गए हैं। अब टॉप-10 अरबपतियों में उनकी एंट्री थोड़ी मुश्किल हो गई है। दूसरी ओर गौतम अडानी एक बार फिर 15 स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह भी एक पायदान फिसल कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि इस साल कमाई के मामले में दूसरे नंबर पर एनवीडिया के मालिक जेनसेन हुआंग हैं। इनकी दौलत इस साल 57.4 अरब डॉलर बढ़ी है। दुनिया के 14वें नंबर के अरबपति की कुल संपत्ति 101 अरब डॉलर है। इनके बाद लैरी एलिसन ने 55.5 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका नेटवर्थ 178 अरब डॉलर है और ये दुनिया 5वें सबसे बड़े रईस हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा रैंकिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी अब 112 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 12वें पोजीशन पर हैं। उन्हें पीछे छोड़कर अमानसियो ओरटेगा दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इनकी संपत्ति 113 अरब डॉलर हो गई है। मंगलवार को मुकेश अंबानी की संपत्ति जहां 335 मिलियन डॉलर बढ़ी तो वहीं अमानसियो के नेटवर्थ में 1.24 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। यह अंतर ही उन्हें अंबानी से आगे कर दिया। अरबपतियों की लिस्ट में एलन मस्क 249 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ पहले पोजीशन पर बरकरार हैं। हालांकि, कमाई के मामले में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग टॉप पर हैं। जुकरबर्ग ने इस साल एलन मस्क के मुकाबले तीन गुना कमाया है। एलन मस्क ने अपने नेटवर्थ में इस साल जहां 20 अरब डॉलर जोड़े हैं वहीं, जुकरबर्ग ने 62.4 अरब डॉलर। जुकरबर्ग 190 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के तीसरे सबसे बड़े रईस हैं। इनके उपर जेफ बेजोस हैं, जिनका नेटवर्थ 209 अरब डॉलर है।

## मुझ पर जानलेवा हमला...शायद भगवान चाहते हैं कि मैं इस देश को बचाऊं : ट्रंप



न्यूयॉर्क,(ईएमएस)। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जान लेने की दूसरी कोशिश की गई। उन्होंने पहली बार हमले पर कहा, शायद भगवान चाहते हैं कि मैं इस देश को बचाऊं। ट्रंप ने बताया कि उन्हें गोल्फ खेलने के दौरान अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी लेकिन वे समझ नहीं सके कि क्या हुआ? उन्होंने कहा कि सीक्रेट सर्विस ने उन्हें गोल्फ कार्ट से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ट्रंप ने कहा, मैं अपने कुछ दोस्तों के साथ गोल्फ खेल रहा था, यह रविवार की सुबह थी और बहुत शांतिपूर्ण, सुंदर मौसम था, अचानक हमने हवा में गोलियां चलने की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि करीब चार या पांच गोलियां चलीं लेकिन मैं कुछ समझ नहीं सका।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, सीक्रेट सर्विस को तुरंत पता चल गया कि यह गोलियां थीं और उन्होंने मुझे पकड़ लिया। ट्रंप ने यह जानकारी एक ऑनलाइन इंटरव्यू में दी। ट्रंप ने कहा, हम कार्ट्स में सवार हो आगे बढ़े। हम उस रास्ते से हट गए। पूर्व राष्ट्रपति ने सीक्रेट सर्विस के सुरक्षाकर्मियों की तारीफ कर कहा कि एजेंट्स ने शानदार काम किया, इसमें कोई शक नहीं। उन्होंने कहा,हमने जो गोलियां की आवाजें सुनीं, वे सीक्रेट सर्विस द्वारा चलाई गई थीं। ट्रंप ने कहा कि वे खेल (गोल्फ) जारी रखना चाहते थे, लेकिन उन्होंने यहां से चले जाने का फैसला किया।

ट्रंप ने कहा कि जुलाई में हुई हत्या की नाकाम कोशिश के विपरीत, जिसमें दर्शकों में से एक व्यक्ति मारा गया था, इस बार परिणाम बहुत बेहतर रहा।

दरअसल पेंसिलवेनिया में खुले मैदान में आयोजित रैली में ट्रंप की हत्या का असफल प्रयास हुआ था। ट्रंप ने उस महिला की तारीफ की, जो एक नागरिक है, जिसने कथित संभावित शूटर का पीछा किया और उसके वाहन की तस्वीरें लीं। उन्होंने कहा कि महिला ने अभूतपूर्व काम किया। ट्रंप ने कहा, कितने लोगों में इतनी समझ होगी कि वे उसका (आरोपी) पीछा करें और उसके ट्रक के पीछे की तस्वीरें लें, वह भी लाइसेंस प्लेट नंबर के साथ जिससे पुलिस को उस व्यक्ति का पता लगाने में मदद मिल सके।

पूर्व राष्ट्रपति ने घटना में आरोपी रायन वेसली राउथ को बहुत खतरनाक व्यक्ति कहा। राउथ, ने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करने वाली एक राजनीतिक कार्रवाई समिति को दान दिया था और पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग भी लिया था। आरोपी ने एक पुस्तक में लिखा था कि ईरान ट्रंप की हत्या करने के लिए स्वतंत्र है। राउथ को सोमवार को संघीय अदालत में पेश किया गया। उस पर अवैध रूप से बंदूक रखने और एसकेएस-स्टाइल राइफल से सीरियल नंबर मिटाने का आरोप लगाया गया। वह एक सजायाफ्ता अपराधी है।

# यहां बनती हैं बनारसी साड़ियां

**बनारसी हस्तकला का इतना बड़ा व महत्वपूर्ण केंद्र इतने कोने में क्यों? आखिर इसकी शुरूआत कहां कैसे हुई? इस हुनर को बनारस से मुबारकपुर तक पहुंचानेवाले रफीउद्दीन के पुत्र कारीगर मुहम्मद सईद अब भी मौजूद है मुबारकपुर में परंतु वृद्धावस्था् कारण अग सिर्फ तानेबाने का ही काम करते है। अपने बचपन में 1924 से अपने पिता के पास बनारस रह कर बरकतुल्लाह के कारखाने में बनारसी साडी बनाने का काम सीखते रहे साथ ही मुबारकपुर के कुछ और बच्चों को भी उन्होनें अपना हुनर दिखाया। 1932 में मुबारकपुर में इसकी शुरुआत हुई शुरू में तो सारा काम हाथ से ही होता था। लेकिन अब बिजली से चलने वाली आधुनिक मशीनो का उपयोग होने लगा है। बुनाई अभी भी कुछेक बुनकर हाथ से ही हैडलूम पर शटल के जरिये करते है।**





बनारसी साड़ियां हिन्दुस्तान में ही नहीं विश्व में ख्याति अर्जित कर चुकी हैं बनारसी साडियों के निर्यात से हमारा मुल्क करोड़ों की विदेशी मुद्रा कमाता है। बनारसी साडी का जिक्र आते ही वाराणसी की वह प्राचीन धार्मिक छवि आंखों के सामने आ जाती है जिसके लिए पवित्र नगरी काशी प्रसिद्ध है। बनारस की भूल भूलैयावाली गलियों में न जाने कब एक अद्धितीय हस्तकला का जन्म हुआ और उसका विस्तार आसपास के गांवों कस्बों से होता हुआ दूर दूर तक साडी के ताने -बाने की तरह फैलता गया इसी के साथ जन्म होता है एक गुमनाम बस्ती का-मुबारकपुर कौन जानता था कि बनारसी साडी के 70 प्रतिशत के योगदान की जिम्मेदार होगी वह गुमनाम बस्ती, जिसका अपना कोई वजूद नहीं, जिसकी अपनी कोई पहचान नहीं जिसे हिन्दुस्तान में तो क्या उप्र में भी कम ही लोग जानते होगे। बनारस से तकरीबन 125 किमी दूर आजमगढ उप्र का बहुचर्चित जिला है इसी जिले में 17 किमी उतर प्रदेश की ओर है यह गुमनाम बस्ती। जो शटल की आवाजों के बीच गांव की अपनी पुरानी शक्ल छोड कर अब कस्बे से म्युनिसिपैलिट में बदल गयी है, लेकिन अब भी अपनी असलियत से दूर नहीं कुछ सडकें तो अभी भी कच्ची है। परंतु मुबारकपुर के बाजार का क्षेत्र पक्की सडकेंा के जाल से घिर चुका है। बसों, टैक्सियों व मोटर गाडियों के शोर, खपरैल घरों सें लेकर कुछ अधपके-पक्के मकान व आधुनिक इमारतों के बीच हरी भरी खेती व जगह-जगह पर मस्जिदें कुछ अत्यंत पुराने मंदिर कहीं कुछ हवेलियां जो अब शनै-शनै धराशायी होती जा रही है -ये सब इस बस्ती की पुरानी यादें ताजा करती है।

विनोद मिश्रा के अनुसार मुबारकपुर 18 अप्रेल 1931 को टाउन एरिया बना और 15अगस्त 1974 से चतुर्थ श्रेणी नगरपालिका का रूप धारण कर अब व्यस्त व्यापारिक केंद्र है। यहां 85 प्रतिशत जुलाहे अंसारी मुस्लिम है।

बनारसी हस्तकला का इतना बड़ा व महत्वपूर्ण केंद्र इतने कोने में कयों? आखिर इसकी शुरूआत कहां कैसे हुई? इस हुनर को बनारस से मुबारकपुर तक पहुंचानेवाले रफीउद्धीन के पुत्र कारीगर मुहम्मद सईद अब भी मौजूद है मुबारकपुर में परंतु वृद्धावस्था् कारण अग सिर्फ तानेबाने का ही काम करते है। अपने बचपन में 1924 से अपने पिता के पास बनारस रह कर बरकतुल्लाह के कारखाने में बनारसी साडी बनाने का काम सीखते रहे साथ ही मुबारकपुर के कुछ और बच्चों को भी उन्होनें अपना हुनर दिखाया। 1932 में मुबारकपुर में इसकी शुरूआत हुई शुरू में तो सारा काम हाथ से ही होता था। लेकिन अब बिजली से चलने वाली आधुनिक मशीनो का उपयोग होने लगा है। बुनाई अभी भी कुछेक बुनकर हाथ से ही हैडलूम पर शटल के जरिये करते है। पावरलूम पर भी लोगों ने बनारसी साडी बनाने की कोशिश की पर व्यर्थ रही, इसीलिए तो एक औसत साडी में बुनकर को कम से कम 3 से 4 दिन लगाने पडते हैं। यदि वह डो रिया के साथ काम करे। डोरिया एक छोटे बच्चे को कहते है। जो कारीगर के करघे पर बैठता है और बॉर्डर बुनने में कारीगर की मदद करता है। इस प्रकार बचपन से ही वह इस हुनर को सीखता है। जो बाद में उसकी रोजी रोटी का जरिया बनता है। यही वजह है कि मुबारक पुर में बच्चों की पढाई पर खास ध्यान नहीं दिया जाता डोरिया ही कारीगर का दाहिना हाथ होता है। इस प्रकार डोरिया व कारीगर के मध्य पिता पुत्र जैसा स्नेह पैदा हो जाता है। कारखानों में यदि कारीगर के साथ डोरिया न हो तो इनका चलना बडा मुश्किल होता है। कच्चा माल बढिया होना जरूरी

बनारसी साडी की खूबसूरती में डिजाइन तो अहम रोल अदा करता ही है। कच्चे माल की क्वालिटी का उम्दा होना भी लाजमी है कच्चे माल में रेशम व जरी या तार की आवश्यकता पडती है यह कच्चा माल वैसे मुबारकपुर में भी मिलता है। लेकिन इसकी कीमत में काफी फर्क होता है। इसलिए ज्यादातर कारखाना चलाने वाले संपन्न कारीगर कच्चा माल बाहर से मंगवाते है। तांवे का तार या जरी जिस पर सोने का पानी चढा होता है। जो अमूमन सूरत से आता है। एक बंडल में 300 ग्राम जरी होती है रेशम बेगलूर से मंगाया जाता है।

20 करघो के स्वामी फरूक ने बताया कि साडी बनाने में जो रेशम उपयोग में लाया जाता है। वह दो प्रकार का होता है एक तो पाटबाना जिसमें अमूमन सफेद या पीले रंग का एक तागा होता है इसे बाना अर्थात साडी के चैडे रूख में इस्तेमाल किया जाता है। इसे 700से 1000 रूपये प्रति किलो भाव पर मालदा या बेगलूर से मंगाया जाता है। दूसरी तरह के रेशम को कतान कहते है। यह बेंगलूर से लाया जाता है और साडी में लंबा रूख यानी ताना बनाने के काम आता है यदि साडी मध्यम स्तर या बहुत उंचे स्तर की बनानी हो तो ताना व बाना दोनों में कतान रेशम का ही इस्तेमाल होता है । उच्च कोटि की साडियों में डिजाइने ज्यादा होती है। डिजाइन ज्यादा होने से उसमें कच्चे माल की खपत ज्यादा होती है।





आमतौर पर एक सामान्य साडी की कीमत 1000 से 1500 रूप्ये है जबकि माध्यम स्तर की साडी 2500से 3500 तक पहुंच जाती है वैसे तो बनारसी साडियों की कीमत 20000से लाखों तक की भी आती है बनारसी साडी की कीमत उसमें लगे कच्चे माल की कव्लिटी पर निभैर करती है। साडी की कीमत उसकी डिजाईन के मुताबिक बढती घटती रहती है। तमाम कच्चे माल को तैयार कर उसे ताने बाने का रूप दे कर सुबह से शाम तक कई दिनों की मेहनत के बाद बनारसी साडी शक्ल लेती है। इस प्रक्रिया में डिजाइनर की भूमिका। डोरियों की भूमिका व कारीगर की मुश्किल व कडी मेहनत अहम है। बाजार से कच्चा माल खरीदने के बाद सर्वप्रथम कतान की लच्छी को खोलकर छोटी लच्छी बनाते है फिर उसे रील पर भरते है रील पर चढे इस कतान से ताना बनाया जाता है। ताना अमूमन सफेंद होता है। जरूरत होने पर इसकी रंगाई भी कराई जाती है।

ताना यानि लंबे रूख के धागे जब करघे पर चढ जाते है तो फिर चौडे रूख में इस्तेमाल आने वाले रेशम जिसे पाट बाना कहते है की तैयारी होती है बाने की भी खराई अर्थात लडी बनाना व रंगाई होती है फिर लडी को पंतग उडानेवाले बडे -बडे परेते पर लपेटा जाता है छोटी सीप के आकार की या छोटी नाव के आकार के शीशम की लकडी की छुच्छी या नरी पर बाने को लपेटा जाता हैजिसे शटल के बीच डालकर बुनाई शुरू की जाती है।

डिजाईन के अनुसार साडी में जरी का उपयोग किया जाता है डिजाइन बनाने वाले को ग्राफ मास्टर कहते है जो रोज नयी डिजाइने बनाता है उसे डिजाईन के अनुसार मजदूरी मिलती है डिजाइन को करधे में चढाने के लिए विशेष प्रकार के मोटे कागज का इस्तेमाल किया जाता है इसे पता कहते है इस पत्ते में डिजाइन के मुताबिक जगह-जगह छेद कर दिए जाते है इसे पत्ता काटना कहा जाता है यह काम प्रायः औरते व लडकियां करती है पत्ता कटाई के बाद इसकी सिलाई की जाती है

इतनी कडी मेहनत पर मजदूरी की दर देखी जाये तो बिल्कुल नही के बराबर है हल्की बनारसी साडी पर 300 रूपये मजदूरी मिलती है वही भारी साडी पर कारीगर को 1200से 1500 रूप्ये मिलते है हल्की साडी कारीगर 3-4 दिन में बुन लेता है जबकि भारी साडी में लगभग 10 से 12 दिन लगते हैलेकिन साडी कैसी भी हो डोरिया जो कारीगर का सहयोगी है वह प्रत्येक साडी पर 200 रूप्ये का भागीदार होता है मुबारकपुर में 60 प्रतिशत लोग ऐसे है जिनका स्वयं का करघा है 40 प्रतिशत मजदूरी पर काम करते है।

# कर्ज से बचने करें ये काम

**पूरे दिन जाने-अनजाने हमसे ऐसे कई कार्य हो जाते हैं, जिनके प्रभाव के बारे में बाद में पता चलता है। शास्त्रों में बताया गया है कि सही समय पर सही कार्य करने से ना सिर्फ भगवान की कृपा मिलती है बल्कि आपकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। वहीं कुछ काम ऐसे हैं, जिन्हें भूलकर भी सुबह और शाम के समय नहीं करना चाहिए। इन्हें करने से पैसा और तरक्की दोनों का नाश होता है। यहां जानिए, सुबह शाम कौन से कार्य नहीं करने चाहिए...**



**नाराज हो जाती हैं मां लक्ष्मी**

तुलसी के पत्तों को भूलकर भी शाम के समय नहीं तोड़ना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं। पूजा के लिए सुबह ही पत्ते तोड़कर रख लें। शाम के समय तुलसी के पत्ते तोड़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है।

**दरिद्रता का होता है वास**

शास्त्रों के अनुसार, शाम के समय घर की साफ-सफाई नहीं करनी चाहिए। भूलकर भी घर का कूड़ा शाम को बाहर नहीं फेकना चाहिए। ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जा बाहर चली जाएगी। साथ ही घर में दरिद्रता का वास होने से आप पर कर्ज बढ़ सकता है।

**भगवान की नहीं होती कृपा**

शाम के समय कभी भी नहीं सोना चाहिए, ऐसा करने से पाप लगता है। सुबह और शाम का समय पूजा-ध्यान करने का है। जो लोग इस समय सोते हैं, उन पर भगवान की कृपा नहीं रहती है। हां, बीमार लोग और बच्चे इस नियम से बाहर होते हैं।

**इस दिन करें धन का लेन-देन**

धन से संबंधित कोई भी कार्य करना हो तो आप सोमवार या बुधवार को करें। इन दिनों में किया गया धन का लेन-देने फायदेमंद माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से कर्जा धीरे-धीरे खत्म होने लगता है।

**इस दिन करें व्रत**

लक्ष्मी माता को प्रसन्न करने के लिए सुहागिन महिलाओं को गुरुवार का व्रत करने से लाभ होता है। इस दिन किसी गरीब महिला को सुहाग की सामग्री दान देने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। ऐसा करने से आपके जीवन की सभी समस्याएं धीरे-धीरे खत्म होने लग जाएंगी।

**इससे निशान न बनने दें**

घर की दीवारों या फर्श पर पेंसिल या चॉक आदि का निशान न बनाने दें। ऐसा माना जाता है कि दीवार और फर्श पर बनी ये रेखाएं घर में नकारात्मकता को बढ़ाती है, जिससे आर्थिक तरक्की बाधित होती है और कर्ज बढ़ने की संभावना रहती है।

**रूठ जाती है लक्ष्मी**

घर में सुबह की गतिविधियों की शुरुआत झाड़ू लगाने के बाद ही करनी चाहिए। जैसे, पूजा करना, नाश्ता करना। घर में झाड़ू लगा देने से रातभर की नकारात्मक ऊर्जा घर से बाहर चली जाती है। घर में ताजगी का माहौल बनता है, जिससे परिवार के लोग उर्जावान रहते हैं और हर तरह की तरक्की के लिए ऊर्जा ही तो चाहिए।

# बच्चे घर में अकेले रहते हैं तो इन बातों का ध्यान रखें



**आजकल कई माता-पिता कामकाजी हैं। ऐसे में बच्चे स्कूल से आने के बाद घर में अकेले रहते हैं। इन हालातों में बच्चों की सुरक्षा के लिए कुछ बातों पर ध्यान दें जिससे वह सुरक्षित रहें।**

## मोबाइल जरुर दें

जब बच्चे घर पर अकेले हो तो उनके पास मोबाइल होना बहुत जरूरी है। ऐसी स्थिति में अगर बच्चों कोई समस्या है या फिर आपको बच्चों से कोई बातचीत करनी है तो आप बहुत आसानी से कर सकते हैं। साथ ही आपको इस बात की जानकारी भी मिलती रहेगी कि वो क्या कर रहे हैं और उन्हें किसी चीज की जरूरत तो नहीं है।

## कमरे में बंद न करें

कई बार अभिभावक बच्चों को लेकर पजेसिव हो जाते हैं कि बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से उन्हें कमरे में बंद कर देते हैं, ताकि बच्चे घर से बाहर ना जाए और कोई उनके बच्चों के साथ गलत हरकत ना कर दें।

जबकि ये बहुत गलत अभ्यास है। बच्चों को कभी भी एक कमरे में बंद न करें। किसी तरह की अनहोनी होने पर उनका बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है।

## कुंडी खोलना और बंद करना सिखाएं

इमेरजेंसी के वक्त को देखते हुए बच्चा को घर के दरवाजों की कुंडी खोलना और बंद करना जरूर आना चाहिए। जब अभिभावक घर पर नहीं होते तब कुछ छोटी-छोटी बातों की जानकारी बच्चों के लिए बहुत हो जाता है। यानि कि दरवाजे की कुंडी खोलना और बंद करना बच्चों को जरूर आना चाहिए।

## खाने-पीने की चीजें रखें

जब भी पेरेंट्स घर से बाहर जाए तो टेबल पर या डाइनिंग टेबल पर कुछ खाने पीने की चीजें जरूर रखें। खेल-कूद के कारण बच्चों को जल्दी भूख लग जाती है। किचन में जाना उनके लिए ठीक नहीं होता। ऐसे में खाने-पीने की चीजें पहले ही टेबल पर रख कर जाएं।

## गेम देकर जाएं

अगर आपने घर से बाहर जाते वक्त बच्चों को शैतानी करने की मनाही की है तो बच्चों को कोई गेम या होमवर्क दे कर जाएं। ताकि वह काम में व्यस्त रहें और आप घर से बाहर ज्यादा समय न बिताएं। कोशिश करें आप घर जल्दी आ जाएं और घर से ज्यादा दूर न जाएं।

# आनुवांशिक बीमारी है हीमोफीलिया

**हीमोफीलिया के मरीजों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि वह हड्डियों और मांसपेशियों में सुधार करने वाली एक्सरसाइज करें और अपने वजन को कंट्रोल करें। साथ ही मरीज ऐसी शारीरिक गतिविधि से दूर रहे जिसमें चोट लगने का खतरा हो। इसके अलावा अगर मरीज के दांत से खून निकलता है तो अपने डॉक्टर से सलाह लें**



हीमोफीलिया एक ऐसी आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें हल्की चोट के बावजूद खून बहता रहता है और बहता हुआ यह खून आसानी से जमता नहीं है। ऐसे में किसी एक्सीडेंट या चोट में यह बीमारी कई बार जानलेवा भी साबित हो सकती है, क्योंकि खून का बहना आसानी से बंद नहीं होता और इसी के चलते खून ज्यादा बह जाता है और यह मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

## हीमोफीलिया के कारण

विशेषज्ञों का मानना है कि हीमोफीलिया का सबसे बड़ा कारण है, रक्त में प्रोटीन की कमी जिससे क्लॉटिंग फैक्टर पर असर पड़ता है. दरअसल, खून बहने से रोकने में क्लॉटिंग फैक्टर का काफी प्रभाव पड़ता है। हीमोफीलिया तीन प्रकार के होते हैं, ए, बी और सी।

## हीमोफीलिया का इलाज

हीमोफीलिया का प्राथमिक उपचार फैक्टर रिप्लेसमेंट थेरेपी है, जिसमें क्लॉटिंग फैक्टर को रिप्लेस करने का काम किया जाता है। इस थैरेपी में ब्लड प्लाजमा को एकत्र करके इसे शुद्ध किया जाता है।

हीमोफीलिया के मरीजों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि वह हड्डियों और मांसपेशियों में सुधार करने वाली एक्सरसाइज करें और अपने वजन को कंट्रोल करें। साथ ही मरीज ऐसी शारीरिक गतिविधि से दूर रहे जिसमें चोट लगने का खतरा हो। इसके अलावा अगर मरीज के दांत से खून निकलता है तो अपने डॉक्टर से सलाह लें और ऐसा ब्रश इस्तेमाल करें जो सॉफ्ट हो। इसके अलावा समय-समय पर डॉक्टरी सलाह लेना ना भूलें।

इसके अलावा ब्लड-थिनिंग दवा जैसे कि वार्फरिन और हेपरिन लेने से बचें. एस्पिरिन और इबुप्रोफेन जैसी ओवर-द-काउंटर दवाओं से बचना भी बेहतर है। रक्त संक्रमण के लिए नियमित रूप से परीक्षण करें और हेपेटाइटिस ए और बी के टीकाकरण के बारे में अपने डॉक्टर की सलाह लें।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

### सुबह नौ बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा मैच

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम गुरुवार से यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य अपनी ही धरती पर होने वाली टो टेस्ट मैचों की इस सीरीज को जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी ) अंक तालिका में अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखना रहेगा। भारतीय टीम एक माह के ब्रेक के बाद तरोताजा होकर इस सीरीज में उतरेगी। ऐसे में उसका लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी काफी अच्छी है। इसके बाद भी भारतीय टीम बांग्लादेश को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। कप्तान रोहित शर्मा ने पहले ही कह दिया है कि टीम बांग्लादेश को कम नहीं आंकते हुए अपना ध्यान खेल पर लगाएगी। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम बांग्लादेश ने हाल में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया है जिससे उसके हौंसले बढ़े हुए रहेंगे। पाक दौरे में उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने दबाव के बीच भी बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज की थी। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि भारतीय टीम आज तक बांग्लादेश से नहीं हारी है। भारतीय टीम की ओर से इस सीरीज में वापसी करते हुए विराट कोहली अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे। विराट के अलावा केएल राहुल भी टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए अच्छे प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे।

स्वदेश में 2015 से भारत के शानदार प्रदर्शन में कोहली की अहम भूमिका रही है और उन्होंने सभी गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे हैं पर 2021 से स्पिन के खिलाफ उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। इस दौरान 15 टेस्ट में उनका औसत 30 का रहा है। इसमें वह सुधार करना चाहेंगे। वहीं कप्तान रोहित शर्मा स्पिन के खिलाफ आक्रामक रहे हैं। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ 90 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं पर पिछे दो तीन साल से स्पिनरों के खिलाफ उनके प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और वह 15 मैच में 44 की औसत से रन बना पाए हैं। इस बार बांग्लादेश के पास अच्छे स्पिनर है जिसको देखते हुए विराट और रोहित को संभलकर खेलना होगा।

वहीं केएल राहुल को स्पिनरों ओर तेज गेंदबाजों समान रुप से सहज माना जाता है पर उनका प्रदर्शन भी पिछले तीन साल में स्पिनरों के खिलाफ कमजोर रहा है। इस दौरान राहुल ने स्वदेश में पांच टेस्ट खेले और स्पिनरों के खिलाफ उनका बल्लेबाज औसत केवल 23.40 रहा है।

वहीं बांग्लादेश के पास बाएं हाथ के शाकिब अल हसन और ताइजुल इस्लाम के अलावा ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज के रूप में अच्छे स्पिनर हैं। इन्होंने पाक दौरे में मेजबान टीम की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया था। कार हादसे के बाद वापसी करते हुए पहली बार टेस्ट खेलने जा रहे ऋषभ पंत पर भी इस मैच में सबकी नजरें रहेंगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा पर रहेगी। इस प्रकार भारतीय टीम के पास काफी अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। भारतीय टीम अब यहां लाल मिट्टी की पिच को देखते हुए किस प्रकार के गेंदबाजी संयोजन के साथ उतरती है। ये देखना होगा। ऐसे में आकाश दीप या यश दयाल में से किसी एक को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में अवसर मिल सकता है या तीन स्पिनरों के साथ टीम उतरी तो कुलदीप यादव को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा अक्षर पटेल को अवसर मिल सकता है क्योंकि वह स्पिन के साथ ही निचले क्रम पर अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। भारत के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की ये पहली सीरीज है, ऐसे में उनक लक्ष्य टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं बांग्लादेश की बल्लेबाजी मुश्फिकुर रहीम, लिटन दास, के अलावा नजमुल हुसैन शंटो पर आधारित रहेगी। गेंदबाजी की जिम्मेदारी तेज गेंदबाजों नाहिद राणा और हसन महमूद के अलावा स्पिनर शाकिब और मेहदी हसन मिराज पर अधारित रहेगी। कुल मिलाकर ये सीरीज रोमांचक रहने की उम्मीद है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:

भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, लोकेश राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल।

बांग्लादेशः नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), महमूदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास, मेहदी हसन मिराज, ताइजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तास्किन अहमद, सैयद खालिद अहमद और जाकिर अली अनिक।

### बांग्लादेशी कोच बोले, भारत जैसी शक्तिशाली टीम से खेलना होगा फायदेमंद

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा ने कहा है कि भारत जैसी विश्व की शीर्ष टीम से खेलना उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। हथुरुसिंघा का मानना है इससे बांग्लदेश की टीम अपनी क्षमताओं का सही आंकलन कर पायेगी। हथुरुसिंघा ने कहा कि उनकी टीम गुरुवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है। उनका कहना है कि पाकिस्तान में मिली जीत से बांग्लादेश की टीम उत्साहित है पर वह जानती है कि उसे भारतीय टीम से बेहद कड़ी टक्कर मिलेगी। कोच ने कहा, 'हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेलने से प्रेरणा मिलती है। भारत में उनके खिलाफ खेलना सबसे कठिन चुनौती है। साथ ही कहा कि सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलने से आपको हमेशा यह पता चलता है कि आप कहां खड़े हैं। एक टीम और खिलाड़ी के रूप में आप हमेशा ऐसे अवसर चाहते हैं। हथुरुसिंघा को पिछले साल की शुरुआत में बांग्लादेश का कोच बनाया गया था। हथुरुसिंघा ने कहा कि टीम को अपनी कमजोरियों के बारे में पता है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान पर जीत के कारण इस श्रृंखला से पहले हमारा मनोबल काफी बढ़ा है। उस श्रृंखला में हमने जिस तरह का प्रदर्शन किया और पिछड़ने के बाद जिस तरह से वापसी की वह शानदार रहा। इससे टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ खेलते समय एक अलग तरह का दबाव होता है। हम समझते हैं कि हम कहां खड़े हैं, हम टीम के मजबूत पक्ष और कमजोर कड़ी के बारे में जानते हैं। बांग्लादेश की टीम में इस टीम में आठ विशेषज्ञ बल्लेबाज, छह गेंदबाज और दो हरफनमौला खिलाड़ी शामिल हैं। हथुरुसिंघा ने इसे देश की सबसे संपूर्ण टीम करार दिया।

## गंभीर का साक्षात्कार लेते नजर आये विराट



चेन्नई (ईएमएस)। यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से ठीक पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया है। इसमें विराट कोहली टीम के नए कोच गौतम गंभीर का साक्षात्कार लेते हुए दिख रहे हैं। इन दोनो को एकसाथ देखकर कई लोगों को हैरानी भी हुई क्योंकि पिछले आईपीएल के दौरान इन बीच जमकर बहस हुई थी। बहरहाल अब दोनो के बीच काफी अच्छा तालमेल नजर आ रहा है। ये दोनो ही एक साथ मिलकर भारतीय टीम को और बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने गंभीर के विराट द्वारा लिए इस साक्षात्कर का टीजर भी जारी किया है। इसमें . विराट ने गंभीर से सवाल किया कि आपको जब मैदान पर बल्लेबाजी के दौरान कोई छोड़ता था और आप उसे जवाब देते थे तो ऐसा नहीं लगता था कि इससे आपकी बल्लेबाजी पर प्रभाव पड़ेगा। यह सवाल गंभीर ने उल्टे विराट को ही इसका जवाब देने को कह दिया। उन्होंने कहा, इस सवाल का जवाब तो आप मेरे से बेहतर दे पाएंगे क्योंकि जितनी बार मैंने मैदान पर ऐसा किया होगा उससे कहीं ज्यादा बार आपने किया है। गंभीर की इस बात को सुनकर विराट भी हंसने लगते हैं और कहते हैं कि मैं नहीं कहता यह सही है बस ये चाहता था कोई ऐसा मिल जाए जो मेरी तरफ से ऐसा बोले। विराट और गंभीर देनो ही अपने आक्रामक रवैये के लिए जाने जाते रहे हैं। इससे मैदान पर कई बार इनकी विरोधी टीम के खिलाड़ी से बहस भी होती रही है।



चीन में जापान की ओहोरी आया चीन ओपन बैडमिंटन में रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## एफआईएच पुरस्कारों की दौड़ में भारत के हरमनप्रीत और श्रीजेश

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉक फेडरेशन (एफआईएच) के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। वहीं पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। हरमनप्रीत ने हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक में सबसे अधिक 10 गोल किये थे। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा नीदरलैंड के थिएरी ब्रिंकमैन और जोएप डी मोल वहीं जर्मनी के हेंस मुलर और इंग्लैंड के ज़ैक वालेस भी शामिल हैं। श्रीजेश ने ओलंपिक में असाधारण प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की कांस्य पदक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने स्पेन को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार के लिए उनका मुकाबला नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक, स्पेन के लुइस कैलज़ाडो, जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग और अर्जेंटीना के टॉमस सैंटियागो से होगा।

### वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के दावेदार :

पुरुष : थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड्स), जोएप डी मोल (नीदरलैंड्स), हेंस एम 1/4 लीलर (जर्मनी), हरमनप्रीत सिंह (भारत), ज़ैक वालेस (इंग्लैंड)।

महिलाएं : गु बिंगफेंग (चीन), यिब्बी जानसेन (नीदरलैंड), नाइके लोरेंज (जर्मनी), स्टेफ़नी वैंडेन बोर्रे (बेल्जियम), ज़ैन डे वार्ड (नीदरलैंड)।

### वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार :

पुरुषः पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलज़ाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जीईआर), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना), पीआर श्रीजेश (भारत)।

महिलाएंः क्रिस्टीना कोसेंटिनो (अर्जेंटीना), आइस्लिंग डीहूघे (बेल्जियम), नथाली कुबाल्स्की (जर्मनी), ऐनी वीनेंडाल (नीदरलैंड), ये जिओ (चीन)।

## अभी श्रेयस के लिए टेस्ट टीम में जगह नहीं : बीसीसीआई

मुम्बई (ईएमएस)। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के ताजा बयान से ये साबित हुआ है। इसमें बोर्ड ने कहा है कि अभी श्रेयस की टेस्ट टीम में जगह नहीं बनती है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में असफल होने के बाद ही ही वह टीम से बाहर हैं। दिलीप ट्रॉफी सहित घरेलू टूर्नामेंटों में भी श्रेयस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। बीसीसीआई ने उन्हें केन्द्रीय अनुबंध में भी शामिल नहीं किया है। अय्यर के पास दलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर दावेदारी का अवसर था पर वह वहां भी विफल रहे और बेहद कम रन बना पाये। । बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, इस वक्त श्रेयस के लिए टेस्ट टीम में जगह नहीं है। सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं इसलिए ऐसी कोई जगह नहीं है जिसमें उन्हें रखा जा सके। वहीं दलीप ट्रॉफी में उनके शॉट चयन पर भी सवाल उठे हैं। इसमें वह एक ऐसा शॉट लगाकर आउट हुए जिसकी जरुरत नहीं थी जबकि वह पिच पर जम गये थे और उन्हें अवसर का इस्तेमाल करना चाहिये था। वहीं एक अन्य बोर्ड अधिकारी ने कहा, श्रेयस 1 अक्टूबर से लखनऊ में शुरू होने वाले ईरानी कप के लिए मुंबई की टीम में शामिल किये जा सकते हैं। भले ही उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भी शामिल किया जाये। वह पहले ईरानी कप खेल खेलेंगे और फिर दूसरे टी20 से उपलब्ध हो सकते हैं। सा ही कहा, अगर वह ईरानी कप में भी सफल नहीं होत तो भी उनके पास रणजी ट्रॉफी में रन बनाने का अवसर रहेगा।

## टी20 विश्व कप में खिताब जीतने मानसिक मजबूती बढ़ाने में लगी है भारतीय टीम : हरमनप्रीत



मुंबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि टी20 विश्व कप में जीत के लिए टीम को मानसिक मजबूती पर भी ध्यान देना होगा। जिससे दबाव के क्षणों में टीम न बिखरे। हरमनप्रीत ने कहा कि इसी कारण खिलाड़ी मानसिक सेहत को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इसका परिणाम विश्वकप में देखने को मिलेगा। भारतीय महिला टीम 2020 में टी20 विश्व कप के फाइनल में उपविजेता रही थी। इस बार उसे ग्रुप ए में छह बार की विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ शामिल किया गया है।

हरमनप्रीत ने कहा, हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के अंतिम 3-4 ओवर बेहद अहम होते हैं। कप्तान के अनुसार अंतिम 4-5 ओवर में मानसिक रूप से मजबूत टीम ही जीत जीती है। इसी को देखते हुए भारतीय टीम ने हाल ही में इस पर ध्यान केंद्रित दिया है ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पायें। हरमनप्रीत ने फाइनल में भारतीय टीम के कमजोर प्रदर्शन को लेकर कहा कि उनकी टीम को साल 2020 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 85 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं 2017 वनडे विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से केवल नौ रन से वह जीत नहीं पायी। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे नौ रन से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, हम इन कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में इस बार हम इन बाधाओं को पार करने में सफल रहेंगे। टी20 विश्वकप अक्टूबर में यूएई में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हावी रही है भारतीय टीम

मुम्बई (ईएमएस)। इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1991-92 के बाद से ही पहली बार दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। ये सीरीज एशेज जितनी ही अहम मानी जाती है। ऐसे में इसके शुरू होने से पहले ही दोनों टीमों ओर से बयानबाजी तेज हो गई है। हर कोई अपना पलड़ा हावी और खुद को ट्रॉफी का प्रबल दावेदार बता रहा है। पुराने आंकड़ों पर नजर डालें तो इस सीरीज की शुरुआत के बाद भारत ने अब तक 10 ट्रॉफी जीती है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 5 सीरीज जीती है। वहीं 2003-2004 में एकमात्र सीरीज ड्रॉ रही थी। भारत ने पिछले पांच में चार बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती। कुल मिलाकर देखा जाए तो टीम इंडिया काफी दमदार नजर आ रही है पर ऑस्ट्रेलियाई टीम से इस बार वापसी की उम्मीदें हैं।




ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस मुकाबले को लेकर उत्सुक है। उनका मानना है कि इसमें कोई संदेह नहीं टीम इंडिया दमदार खिलाड़ियों से सजी हुई है लेकिन इस बार घरेलू मैदान में इस बार ऑस्ट्रेलिया टीम जीतेगी। ऑस्ट्रेलियई क्रिकेटर ट्रेविस हेड ने हाल में कहा कि हम एक दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेलते हैं। पिछले कुछ वर्षों से मैं अच्छी फॉर्म में हूं। इसलिए अच्छा खेल पाना हमेशा अच्छा होता है। यह प्रतियोगिता बहुत प्रतिस्पर्धी है। हालांकि इसके लिए तैयारी करने में कोई मुश्किल नहीं होनी चाहिए। इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि भारत का पलड़ा भारी रहेगा। जबकि कप्तान पैट कमिंस ने कहा था कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में कड़ी प्रतिस्पर्धा है और हमेशा से यह मुकाबला 50-50 रहा है। 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद का मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में टेस्ट मैच खेलेंगे।

### सिराज जुनूनी और उर्जावान क्रिकेटर : लाबुशेन

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए कहा है कि मैदान पर वह जुनूनी और उर्जावान है। लाबुशेन के अनुसार वह सिराज से पहली बार एमआरएफ पेस अकादमी में मिले थे। उसके बाद से ही दोनो का करियर तेजी से आगे बढ़ा है। और वे अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीमों से खेल रहे हैं। लाबुशेन ने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में सिराज काफी आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा, वह खेल के प्रति बहुत ऊर्जा और प्यार लेकर आता है। उसे विकसित होते देखना अच्छा लगता है।

सिराज ने अब तक भारतीय टीम की ओर से 27 टेस्ट मैच खेलकर 74 विकेट लिए हैं। अभी वह 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरु हो रही सीरीज के लिए अभ्यास कर रहे हैं। इस साल के अंत में वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नजर आयेंगे। वहीं को लेकर ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि उनकी टीम लैबुशेन, उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ सहित इस सीरीज के लिए पिछले सत्र के अपने शीर्ष छह बल्लेबाजों को बनाये रख सकती है। इसके अलावा टीम में कैमरुन ग्रीन, ट्रेविस हेड और मिशेल मार्श भी रहेंगे।

भारत ने लगभग एक दशक से टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया पर जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। केवल उसे आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियंस ट्रॉफी में हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद से ही भारतीय टीम ने लगातार चार सीरीज जीती हैं।

## भारत- बांग्लादेश मैच के शुरुआत दो दिनों में बारिश से पड़ सकता है खलल

चेन्नई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को यहां के चेपक स्टेडिमय में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनो ही टीमें तैयार हैं। भारतीय टीम एक माह के ब्रेक के बाद इस मैच से खेल में वापसी करेगी। वहीं बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान में जीत के बाद भारत पहुंची है। इस मैच के लिए भारतीय टीम ने नए कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास थी किया है। दो टेस्ट मैचों की ये सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होने के कारण दोनो ही टीमों के लिए बेहद अहम है। ऐसे में कोई भी टीम इसमें वयवधान नहीं चाहती है। वहीं इस मैच से पहले मौसम विभाग की भविष्यवाणी भी आई है। उसके अनुसार पहले और दूसरे दिन 19 और 20 सितंबर को बारिश की संभावना है। इससे मैच में थोड़ी देर के लिए बाधा आ सकती है पर राहत की बात ये है कि इसकी वजह से ज्यादा समय बर्बाद नहीं होगा। 19 सितंबर यानी मैच के पहले दिन शुरुआती एक से डेढ घंटे और दूसरे दिन 20 सितंबर को भी इतनी ही देर बारिश की आशंका जताई जा रही है। अब सवाल यह है कि क्या मैच पूरा हो पाएगा या अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के मैच की तरह ही बारिश से धुल जाएगा। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एक मात्र टेस्ट मैच ग्रेटर नोएडा में रखा गया था पर ये बारिश के कारण नहीं हो पाया।

## भारत-बांग्लादेश सीरीज रद्द करने की मांग

वाराणसी (ईएमएस)। भारत-बांग्लादेश के बीच चेन्नई में 19 सितंबर से शुरु हो रही टेस्ट क्रिकेट सीरीज को लेकर विवाद शुरु हो गया है और इसे रद्द करने की मांग उठने लगी है। वाराणसी के दो संगठनों हिंदू जन जागृति और विश्व हिदू सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस सीरीज को रद्द करने की मांग की है। इन संगठनों का कहना है कि जिस प्रकार से बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। उस हालात में बांग्लादेश की टीम के साथ नहीं खेला जाना चाहिये। विश्व हिन्दू सेना की ओर से कहा गया कि जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बन्द नहीं होती तब तक भारत को बांग्लादेश के साथ खेलना नहीं चाहिये। इस टेस्ट मैच को लेकर विरोध कर रहे हिंदू जन जागृति संगठन के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय जा रहे थे पर पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को संसदीय कार्यालय पहुंचने से पहले ही रोक दिया। हिंदू जन जागृति समिति ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे है, जो तत्काल रोके जाने चाहिये। इससे पहले शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे ने भी इस सीरीज पर सवाल उठाते हुए कहा था कि ये नहीं होनी चाहिये। इसके साथ ही आदित्य ने विदेश मंत्रालय से पूछा था कि बीसीसीआई को इस दौरे की अनुमति क्यों दी गयी।

## एलएलसी अब काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट , इसमें खेलना आसान नहीं : रैना

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा है कि लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों को अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे। लीग का तीसरा सत्र 20 सितंबर से शुरू होगा। इसमें भारत सहित विश्वभर के दिग्गज विकेटर भाग लेंगे। रैना ने कहा कि एलएलसी काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। इसमें आपको अलग अलग जगहों पर अलग अलग विकेटों पर खेलना है। लीग में कई दिग्गज खिलाड़ी खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के लिए ऐसी लीग में खेलना आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप रिटायर हुए और इसमें खेलने आ गए। अब इसके लिए भी काफी प्रतिस्पर्धा है।

रैना ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज को लेकर कहा कि कोहली इसमें वापसी करते हुए जमकर रन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीसी चक्र में भारतीय टीम करीब 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इसमें जमकर रन बनाएंगे। रैना ने भारतीय टीम के कप्तान रोहि शर्मा की भी तारीफ करते हुए कहा कि रोहित ने भारतीय टीम को एक दशक बाद आईसीसी ट्रॉफी जितायी हैं।

## रोहित ने किया राहुल का बचाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले काफी समय ये टीम से बाहर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की प्रशंसा की है। रोहित ने कहा कि कि राहुल बांग्लादेश के खिलाफ दोनो टेस्ट मैच खेलेंगे। उसकी एक खासियत है कि वह स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनो को ही बेहतर तरीके से खेल लेता है। राहुल ने साल 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जमाया और इस साल हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ 86 रन की पारी खेली थी। वहीं इससे पहले दो साल तक वह 12 पारियों में एक बार ही पचास रन के करीब बना पाये थे। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट से पहले कहा ,'आप सभी को पता है कि राहुल की क्या खासियत है। इसलिए हम चाहते हैं कि वह सभी मैच खेले। हम उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चाहते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकाल सकें। उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक बनाया और हैदराबाद में पहले टेस्ट में 80 से ऊपर स्कोर किया। इसके बाद वह चोट के कारण नहीं खेल सका पर उम्मीद है कि अब वह उस लय को बनाये रखेगा।' रोहित ने कहा ,'वह स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों को अच्छी तरह सेखेलता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करेगा। उसके पास अब अच्छा अवसर है।' रोहित ने साथ ही कहा कि पूर्व कोच राहुल द्रविड़ और मौजूद कोच गौतम गंभीर की कार्य शैली अलग है लेकिन उनका नए कोच के साथ अब अच्छा तालमेल हो गया है। रोहित ने कहा, 'जाहिर तौर पर राहुल भाई, विक्रम राठौड़ और पारस म्हाम्ब्रे एक अलग टीम थे। अब हमें पता है कि नया सहयोगी स्टाफ अलग तरीके लाएगा।' नए कोचिंग सदस्यों की शैली अलग है पर इससे कोई समस्या नहीं है।' कोच के तौर पर ये गंभीर की पहली टेस्ट सीरीज है।

## ग्रीन पार्क में दूसरे टेस्ट के लिए टिकटों की बिक्री शीघ्र होगी, स्कूली बच्चों को मिलेगा निशुल्क प्रवेश

कानपुर (ईएमएस)। यहां के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। तीन साल बाद इस स्टेडियम में कोई मैच होने जा रहा है। उससे क्रिकेट प्रशंसकों में बेहद उत्साह है। इस मुकाबले के लिए टिकटों की कीमतें भी तय हो चुकी हैं, और जल्द ही टिकटों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री शुरू होगी। वहीं एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस मैच में बारिश से होने वाली किसी भी बाधा को दूर करने के लिए खास इंतजाम किये गये हैं। इसके तहत अच्छे कवर्स मंगवाए गए हैं और मैदान को जल्दी सुखाने के लिए आधुनिक तकनीक वाली मशीनों को लगाया गया है। इसके अलावा पानी निकलने के लिए ड्रेनेज सिस्टम को भी बेहतर किया गया है। मैच के लिए अलग-अलग स्टैंड और पवेलियन के टिकटों की कीमतें तय कर दी गई हैं। पवेलियन बालकनीः 1500 प्रति दिन, पूरे मैच के लिए 6000 रुपये। वहीं पवेलियन बालकनी ए 2000 प्रति दिन, पूरे मैच के लिए 6000 रुपये। वीआईपी पवेलियनः 5000 प्रति दिन, पूरे मैच के लिए 20000 रुपये। वहीं स्कूली बच्चों को इसमें निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

## एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से

नई दिल्ली (ईएमएस)। लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का तीसरा सत्र 20 सितंबर से खेला जाएगा। इस लीग में केवल पूर्व क्रिकेटर ही खेल सकते हैं। ये लीग 16 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जिसमें कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें, इंडिया कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, कोणार्क सूर्यास, मणिपाल टाइगर्स, सदर्न सुपरस्टार और अर्बनराइजर्स हैदराबाद शामिल हैं। इस लीग के सभी मैच जोधपुर, जम्मू और कश्मीर व सूरत में खेले जाएंगे। इस बार इसमें क्रिस गेल, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, शिखर धवन, मोहम्मद कैफ और दिनेश कार्तिक जैसे स्टार क्रिकेटर भी शामिल हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले शिखर धवन के अलावा दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे दिखेंगे। इसमें छह टीमें के बीच 25 मैच खेले जाएंगे। खिताबी मुकाबला 16 अक्टूबर को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी आधारित इस टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का एक पूल बनाया गया है। एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, 'लीजैंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र शुरू होने वाला है। हमें खुशी है कि इस बार कश्मीर में भी मैच खेल जाएंगे। इससे कश्मीर के लोगों को भी स्टेडियम में मैच देखने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने कहा कि पिछले सत्र में इस लीग को देश में 18 करोड़ लोगों ने देखा था।

# भारत में नवंबर से मिड-दिसंबर तक 35 लाख शादियां होंगी:4.25 लाख करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान

**मुंबई:** भारत में नवंबर से मिड-दिसंबर के बीच 35 लाख शादियों पर 4.25 लाख करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 2023 में इसी अवधि के दौरान 32 लाख शादियां हुईं थीं। 'बैंड बाजा बारात और मार्केट्स' टाइटल वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई के बजट में सोने की इंपोर्ट ड्यूटी यानी आयात शुल्क में कटौती से त्योहारों और शादी के मौसम में बड़े खर्च को बढ़ावा मिलेगा। सोने के आयात शुल्क में हाल ही में 15% से 6% की कटौती से देश भर में सोने की खरीद में ग्रोथ होने की उम्मीद है।

विशेष रूप से आगामी त्योहारों और शादी के मौसम के दौरान सोने की खरीद में बड़ी ग्रोथ देखने को मिल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने की कल्चरल एंड रिलीजियस इंपोर्टेंस और वैल्युएबल इन्वेस्टमेंट के रूप में इसकी स्थिति को देखते हुए, इस कमी से डिमांड में ग्रोथ होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के एक सर्वे का हवाला देते हुए कहा गया है कि 15 जनवरी से 15 जुलाई के बीच भारत में 42 लाख से ज्यादा शादियां हुई हैं, जिस पर 5.5 लाख करोड़ रुपए का अनुमानित खर्च हुआ है।



### शेयर बाजार में भी त्योहारों-शादियों के मौसम में उछाल देखने को मिलता है

भारतीय शेयर बाजार में भी त्योहारों और शादियों के मौसम में उछाल देखने को मिलता है, जिसका मुख्य कारण कंज्यूमर स्पेंडिंग यानी उपभोक्ता खर्च में ग्रोथ है। रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, ज्वेलरी और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टरों को इस बढ़ी हुई मांग से काफी लाभ मिलता है।

### शादी-त्यौहारी सीजन में एयरलाइन-होटल बुकिंग जैसी सर्विसेज पर ज्यादा खर्च होता है

भारत में शादी और त्यौहारी सीजन में एयरलाइन और होटल बुकिंग जैसी प्रीमियम गुड्स एंड सर्विसेज पर ज्यादा खर्च होता है। इस बढ़ी हुई डिमांड से कंपनियों के प्रॉफिट मार्जिन में ग्रोथ होती है, जिससे देश की ओवरऑल इकोनॉमिक ग्रोथ को सपोर्ट मिलता है।

### भारत के 25 की-डेस्टिनेशंस को वेडिंग साइट्स के रूप में चिन्हित किया जाएगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 25 की-डेस्टिनेशंस को वेडिंग साइट्स के रूप में चिन्हित करने और भारत को इंटरनेशनल वेडिंग्स के लिए टॉप चॉइस के रूप में प्रमोट करने के सरकार के प्लान से देश में फोरेक्स इनफ्लो में ग्रोथ होगी। इस पहल की शुरुआत देश भर में लगभग 25 की-डेस्टिनेशंस को चिन्हित करके की जाएगी। जिसमें दिखाया जाएगा कि भारत किस प्रकार कई वेडिंग प्रेफरेंसेस को पूरा कर सकता है। मेक इन इंडिया अभियान की सफलता के आधार पर, इस स्ट्रेटजी का टारगेट लगभग 12.1 बिलियन डॉलर प्राप्त करना है, जो वर्तमान में विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग पर खर्च किया जाता है।

# शर्मनाक स्पाइसजेट....... खा गई अपने कर्मचारियों का पैसा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कभी भारतीय आसमान की क्लीन माने जाने वाली विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने ऐसा काम किया है, जो कॉरपोरेट जगत में शर्मनाक है। पहले कंपनी ने अपनी गलतियों से कारोबार डुबाया और उसके विमान जमीन पर आ गए। कंपनी के पास पैसा नहीं बचा, तब कर्मचारियों का पैसा काटकर अपना खर्च चलाने लगी। खुलासा होने पर बेशर्मी से स्वीकार भी किया कि हां, हमने डिफॉल्ट किया है। इतना ही नहीं इस राशि को लौटाने के लिए लंबा वक्त चाहिए, क्योंकि कंपनी के पास फिलहाल इस संकट से जल्दी निकलने का कोई तय फॉर्मूला नहीं दिख रहा है। स्पाइसजेट ने बाजार नियामक सेबी को पेश किए प्रीलिमिनरी प्लेसमेंट डॉक्यूमेंट (पीपीडी) में इसका खुलासा किया है। कंपनी ने स्वीकार किया है कि उसने अप्रैल 2020 से अगस्त 2023 के बीच कर्मचारियों की सैलरी से काटे गए 220 करोड़ रुपये के टीडीएस यानी टैक्स को अथॉरिटी के पास जमा नहीं कराया। इस दौरान 135.3 करोड़ रुपये का पीएफ यानी भविष्य निधि का पैसा भी कर्मचारियों की सैलरी से काटा, लेकिन इस पैसे को भी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ के पास जमा नहीं कराया। कंपनी की इस हरकत को कर्मचारियों के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ माना जा रहा है। कंपनी ने बताया है कि आकलन वर्ष 2009-10 से 2013-14 के बीच भी 72 करोड़ रुपये के टीडीएस को लेकर विवाद चल रहा है।

कंपनी ने सेबी को बताया है कि उसके ज्यादातर विमान जमीन पर खड़े हैं और कारोबार ठप हो गया है। एयरक्राफ्ट लीज पर देने वाली कंपनियों का भी बकाया है, जबकि मेंटेनेंस के पैसे नहीं होने से विमानों का संचालन भी नहीं हो पा रहा। लीज देने वाले और वेंडर्स के खिलाफ डिफॉल्ट होने से कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा, जिसमें आईबीसी कानून के तहत दिवालिया कार्यवाही भी शामिल है। 30 जून, 2024 तक स्पाइसजेट के आधे से ज्यादा विमान जमीन पर आ चुके हैं। कंपनी के पास 64 विमान हैं, जिसमें से 36 का परिचालन ठप है।

### दिवालिया होने की कगार पर किचनवेयर कंपनी टप्परवेयर

**मुंबई (ईएमएस)।** अमेरिकी किचनवेयर कंपनी टप्परवेयर ब्रांड्स कॉर्प दिवालिया होने वाली है। वर्षों से घटती बिक्री और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनी ने दिवालियापन संरक्षण के लिए चैप्टर 11 दायर किया है। रिपोर्ट के अनुसार, टप्परवेयर की संपत्तियां 500 मिलियन और 1 बिलियन के बीच है, जबकि देनदारियां 1 बिलियन और 10 बिलियन के बीच आंकी गई है। जून 2024 में टप्परवेयर ने अपना अंतिम अमेरिकी कारखाना बंद कर दिया। किचन और घर में इस्तेमाल के लिए कंटेनर बनाने वाली कंपनी ने लंबे समय तक बाजार पर राज किया है।

# ऑलटाइम हाई बनाकर गिरा बाजार:सेंसेक्स 131 अंक गिरकर 82,948 पर बंद, निफ्टी भी 41 अंक लुढ़का

**मुंबई:** अमेरिका के फेडरल रिजर्व की अहम मीटिंग से पहले सेंसेक्स ने आज यानी 18 सितंबर को 83,326 और निफ्टी ने 25,482 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि बाद में बाजार में गिरावट आई और सेंसेक्स 131 अंक की गिरावट के साथ 82,948 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही, ये 25,377 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 में गिरावट और 17 में तेजी रही।

### आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.05% की गिरावट रही

एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.05% की गिरावट रही। वहीं, फार्मा सेक्टर में 1.53%, हेल्थकेयर में 1.31% और ऑयल एंड गैस सेक्टर में 1.02% की गिरावट रही। जबकि निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में सबसे ज्यादा 1.40% की तेजी रही। बैंकिंग सेक्टर भी 1.08% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### एशियाई बाजार में तेजी

- एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार है। जापान के निक्केई में 0.49% और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.49% की तेजी रही। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 1.37% चढ़ा।
- 17 सितंबर को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.038% गिरकर 41,606 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक 0.20% चढ़ा, ये 17,628 पर बंद हुआ।

### आर्केड डेवलपर्स और नॉर्दर्न आर्क के आईपीओ के लिए बोली लगाने का तीसरा दिन

आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड और नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ के लिए बोली लगाने का आज तीसरा दिन है। दो कारोबारी दिन में आर्केड डेवलपर्स का आईपीओ टोटल 17.41 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 21.40 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में 0.47 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 29.99 गुना सब्सक्राइब हुआ।

वहीं, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल का आईपीओ दो दिन में टोटल 10.61 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 11.32 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में 0.20 गुना और एनआईआई कैटगरी में 22.55 गुना सब्सक्राइब हुआ। 24 सितंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर दोनों कंपनियों के शेयर लिस्ट होंगे।

### कल शेयर बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले कल यानी 17 सितंबर को सेंसेक्स 90 अंक की बढ़त के साथ 83,079 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 34 अंक की बढ़त रही, ये 25,418 के स्तर पर बंद हुआ था। ऑटो, आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त देखने को मिली थी। मेटल और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट थी। हीरो मोटोकॉर्प निफ्टी का टॉप गेनर था।

## लॉफिंग ज़ोन

एक दोस्त दूसरे को भविष्यफल पढ़कर सुना रहा था तो दूसरे ने पूछा- क्या विचार है, इस भविष्यफल के बारे में?

पहला- 'मैंने कल के भविष्यफल में पढ़ा था कि इस माह आपके साथ ऐसी कुछ घटना होगी, जिससे आपकी बोलती बंद हो जाएगी।

दूसरा- तो क्या फिर वैसी कोई घटना हुई?

पहला- 'हाँ, कल शाम ही मेरा मोबाइल खराब हो गया।

☺ ☺ ☺

शराबी (दूसरे शराबी से) : तेरे चेहरे पर ये सूजन क्यों है?

दूसरा शराबी : क्या बताऊँ यार, कल रात को जब मैं पीकर घर पहुँचा तो घर के सारे दरवाजे खुले हुए थे। मुझे अंदर चोरों के होने की आशंका हुई तो मैंने घर में घुसकर चोरों को ललकारकर कहा कि हिम्मत हो तो सामने आकर मुकाबला करो। दूसरे ही क्षण एक जोरदार घूँसा मेरे मुँह पर लगा और मैं दरवाजे के बाहर जाकर गिरा।

पहला शराबी : फिर क्या हुआ?

दूसरा शराबी : गिरते ही नशा दूर हो गया और पता चला कि मैं एक मुक्केबाज के घर के सामने गिरा पड़ा हूँ।

☺ ☺ ☺

## आज का इतिहास

1936 हिन्दुस्तानी संगीत के अग्रणी विष्णु नारायण भातखंडे का निधन.

1955 सैनिक विद्रोह के बाद अर्जेन्टीना के राष्ट्रपति जुआन पेरों को सत्ता से हटा दिया गया.

1960 भारत-पाकिस्तान के बीच सिंध जल समझौता हुआ.

1968 सोवियत संघ के दबाव में चेकोस्लोवाकिया के विदेश मंत्री जिरी हाजेक को इस्तीफा देना पड़ा.

1971 फ्रांस का यात्री विमान दुर्घनाग्रस्त हुआ,जिसमें 171 लोग मारे गए.

1972 इजरायली दूतावास में पत्र बम विस्फोट में एक राजनयिक मारा गया और एक अन्य घायल हो गया.

1978 मिस्त्र के मंत्रिमंडल ने इसरायल के साथ कैम्प डेविड समझौते को मंजूरी दी.

2000 कर्णम मल्लेश्वरी ने सिडनी ओलंपिक में कांस्य पदक जीता.

2003 बाबरी विध्वंस मामले में लालकृष्ण आडवाणी बरी घोषित व मुरलीमनोहर जोशी सहित सात आरोपी घोषित.

## दैनिक पंचांग

**19 सितम्बर 024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.37 बजे से |
| चंद्र | मीन में | तुला | 07.52 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.07 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.23 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.28 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.14 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 17.47 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.18 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 20.58 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 22.56 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कर्क | 01.09 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.25 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 263 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 00.40 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 08.04 बजे तदनन्तर रेवती 05.15 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** वृद्धि 19.19 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 14.29 बजे तदनन्तर गर 00.40 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 22' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872107 **जूलियन दिन** 2460572.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 15 **विशेष** द्वितीया श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 6692

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

**शब्द पहेली -6691 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | बा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | ह | ■ | अ | रा | ज | क |
| क | रा | र | ■ | क | प | ट | ■ | हा |
| ■ | र | ज | त | ■ | ना | ■ | औ | सु |
| अ | ■ | क | मी | ना | प | न | ■ | नी |
| ख | बीं | ■ | ज | ■ | न | ज | रा | ■ |
| न | ■ | स | बा | ल | ■ | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | ■ | आ | ■ | बा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | स | बा | ब | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6233

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 31 | 16 | 23 | ■ | 21 | 17 | 14 | 15 | ■ |
| 16 | | 3 | | ■ | | 5 | | 4 | 18 |
| 18 | 9 | | 7 | ■ | 5 | | 7 | | 25 |
| 17 | | 2 | | ■ | | 4 | | 6 | 15 |
| 28 | 7 | | 3 | | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 5 | | 2 | | 7 | 26 |
| 22 | 8 | | 2 | | ■ | | 2 | | 13 |
| 20 | | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 5 | 21 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 22 | 18 | 10 | 28 | ■ | 24 | 22 | 20 | ■ |

**अंकजाल 6232 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 20 | 24 | ■ | 28 | 16 | 16 | 11 | ■ |
| 16 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 5 | 4 | 18 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 4 | 2 | 16 |
| 32 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 5 | 2 | 5 | 7 | 21 |
| 22 | 8 | 9 | 2 | 3 | ■ | 5 | 6 | 2 | 13 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | ■ | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| ■ | 18 | 23 | 11 | 16 | ■ | 20 | 27 | 24 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5177

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 6 | | 5 | 1 |
| 4 | 28 | | 38 | 2 | 31 | |
| | | 7 | | 4 | | 3 |
| 6 | 38 | | 36 | | 28 | 6 |
| | | 6 | | 1 | | 2 |
| 7 | 32 | | 29 | 5 | 37 | |
| 2 | 5 | | 3 | 6 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5176 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 25 | 3 | 26 | 5 | 40 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 37 | 6 | 35 | 2 | 27 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 5 | 33 | 4 | 42 | 6 | 26 | 1 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली -4537

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | | 15 | | 74 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 25 | | 50 | | 25 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 10 | | 2 | | 25 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 4 | | 40 | | 20 | = | 70 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 4 | | 34 | | 52 | | 5 | = | 60 / 85 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

**गणित पहेली -4536**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 40 | - | 58 | + | 25 | = | 27 |
| + | ■ | - | ■ | x | ■ | - | ■ | - |
| 33 | - | 12 | + | 3 | - | 14 | = | 10 |
| - | ■ | + | ■ | ÷ | ■ | + | ■ | + |
| 25 | x | 5 | + | 6 | - | 72 | = | 59 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 33 | ÷ | 3 | - | 5 | x | 10 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 61 | - | 30 | - | 24 | + | 73 | = | 16 / 80 |

## शब्दजाल - 6224

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | क | जं | व | ग | द | रि | या | दि | ल | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| गि | स | र्म | ल | बा | छ | पु | रा | रा | क | क |
| री | ज | क | दो | पु | ज | न | ह | न | त | क |
| क | खु | दो | आं | आं | लं | का | म | ग | व | क |
| जी | द | ल | प | य | खें | पू | ना | ण | र | को |
| ती | ग | ई | लि | या | प | बा | श | र | ला | ल |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | र | लो | श | पा |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | ह | प | क |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | जा | न | रा | बा | द | प | थ |

शब्द जाल में गोविंदा की10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

ईल्जाम, दादागिरी, जंगबाज, ताकतवर, हत्या, दरियादिल, खुदगर्ज, हम, दो आंखें बारह हाथ, दुल्हे राजा

**शब्दजाल - 6223 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हा | द | सा | ला | प | र | तू | ग | झ | क | नि |
| ग | ल | च | ह | रिं | मं | डी | दि | शा | को | शां |
| इ | पु | म | र | दा | ल | ज | र | ला | ल | त |
| कु | दा | रु | धा | ण | क | प | म | श | र | म |
| आे | श | न्न | ष | क | दा | री | ग | न | ता | द |
| रं | क्रो | प | व | गा | र्त | स | ती | प | ह | ती |
| गा | ल | श | अं | प | म | प | चो | ला | व | क |
| बा | अ | थे | ला | क | छ | श | न | र | जू | क |
| स | थो | तें | व | च | ज | द | कि | जू | नी | द |
| र | ल | प | ति | रं | क्र | ऐ | वें | न | रु | थो |
| ड | स | न | म | क | ह | रा | म | प | क | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## चतरा अनुमंडल सिमरिया अनुमंडल एवं जिले के जनसंपर्क कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र किया गया स्थापित



**अखिलेश पांडेय**

चतरा :मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 26-सिमरिया एंव 27 चतरा (अ0 जा0) अंतर्गत ईवीएम एवं वीवीपैट के जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के चतरा अनुमंडल कार्यालय, सिमरिया अनुमंडल कार्यालय एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र की स्थापना की गई है। यह कार्यक्रम विधानसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा तक चालू रहेगा। चतरा जिले के दोनों विधानसभा सिमरिया में दो चतरा में दो कुल चार ईवीएम मोबाइल प्रदर्शनी वैन के माध्यम से चतरा एवं सिमरिया विधानसभा व नगर परिषद क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र, शैक्षणिक संस्थान/हाट-बाजार आदि स्थानों पर ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसे लेकर आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा ईवीएम मोबाइल प्रदर्शनी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हरी झंडी दिखाने के दौरान अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## विश्रामपुर नप मुख्यालय के सोरडीहा से बीती रात एक मोटरसाइकिल की चोरी

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नप मुख्यालय सोरडीहा स्थित घर के बाहर खड़ा एक मोटरसाइकिल की चोरी मंगलवार की रात में हो गयी। मोटरसाइकिल विश्रामपुर के ही गिरधारी साव के पुत्र सुनील कुमार गुप्ता का था। सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि अपना लाल रंग का मोटरसाइकिल पैशन प्रो (जे एच 03-एफ-4492) को मंगलवार की रात में अपने घर के सामने बाहर खड़ा कर लॉक कर के घर में सोने चला गया। जब बुधवार की सुबह घर से बाहर निकला तो मोटरसाइकिल गायब था। जिसके बाद सुनील कुमार गुप्ता ने आसपास सहित सभी संभावित जगहों पर मोटरसाइकिल की खोजबीन की लेनिक कही पता नही चला। थक हार कर उसने चोरी की लिखित आवेदन विश्रामपुर थाना में दे दिया है।

## फुटबॉल मैच देखने आया नक्सली धराया

लातेहारः लातेहार पुलिस ने 5 लाख के ईनामी जेजेएमपी के नक्सली सबजोनल कमांडर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार सब जोनल कमांडर शिवराज सिंह पिता केश्वरी सिंह (भैंसामार,लातेहार) का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल जब्त किया है।
इसकी जानकारी एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर अपने दस्ते के साथ भ्रमणशील है। मंगलवार को वह अपने दस्ते के साथ लातेहार थाना क्षेत्र में दुबियाही फुटबॉल ग्राउंड में फुटबॉल मैच देखने आया था। इसकी सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा दुबियाही फुटबॉल मैदान में छापेमारी की गई। जिसमें शिवराज सिंह की गिरफ्तारी की गई। अन्य दस्ता सदस्य भागने में सफल रहे।

## एसोसियेट इंजीनियर्स एंड ऑटोमोटिव लिमिटेड का 15वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित ,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे



जमशेदपुर । एनएच- 33 के चिलगु स्थित एसोसियेट इंजीनियर्स एंड ऑटोमोटिव लिमिटेड के 15 वें स्थापना दिवस के मौके पर संस्थान ने अपने कर्मचारियों को सम्मनित कर उनका हौंसला बढ़ाया. इसमें सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शिरकत की और संस्थान के प्रयासों की सराहना की. इस दौरान एक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने जमकर मौज मस्ती की. इससे पूर्व संस्थान में शिल्पी देव भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना धूमधाम से संपन्न हुई जिसमें कंपनी के सभी कर्मियों ने सपरिवार हिस्सा लिया और कंपनी के तरक्की की कामना की. इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर प्रशांत तिवारी ने बताया कि 15 साल पहले अपने पार्टनर हरेंद्र सिन्हा के साथ मिलकर छोटे से वर्कशॉप के रूप में कंपनी की शुरुआत की थी. आज यह वर्कशॉप 200 कर्मचारियों के परिवार के भरण पोषण का साधन बन चुका है. उन्होंने कहा कि कंपनी में हाईवा, डंपर और ट्रक के बॉडी बनाए जाते हैं. थोड़े ही समय में कंपनी ने अपने उच्च कोटि के गुणवत्ता की वजह से अपनी अलग पहचान बना ली है. हमारा प्रयास रहेगा कि हम अपने ग्राहकों को इससे भी बेहतर सुविधा मुहैया करा सके.

## बाल अधिकारों से जुड़ी विभिन्न विषयों पर जागरुक कर रहा समेकित जन विकास केंद्र



जमशेदपुर । पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया और जगन्नाथपुर प्रखंड में, कम्युटिनी और समेकित जन विकास केंद्र जमशेदपुर संस्था द्वारा बच्चों के हित में एक महत्वपूर्ण परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना में लगभग 900 बच्चों को बाल अधिकारों से जुड़ी विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है, जिनमें बाल विवाह, बाल हिंसा, लिंग आधारित हिंसा, यौन एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी शामिल हैं। इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए गाँवों में 12 पीर लीडर्स नियुक्त किए गए हैं। ये पीर लीडर्स बच्चों के साथ सत्र आयोजित कर उन्हें इन महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देते हैं। कार्यक्रम में न केवल बच्चों की शिक्षा और जागरूकता पर ध्यान दिया जा रहा है, बल्कि माता-पिता भी इससे काफी संतुष्ट हैं। उनका मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों से उनके बच्चों को सही जानकारी मिल रही है, जो उन्हें भविष्य में सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के विकास और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## चतरा जिले में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा



अखिलेश पांडेय, चतराः जिलेभर में वस्तु एवं शिल्प के देवता विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास पूर्वक पूजा उपासना एवं आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति एवं निष्ठा के साथ महान शिल्पिकार विश्वकर्मा देव की पूजा आराधना की। जिले के सभी प्रखंडों में लोगों ने मूर्ति स्थापित कर भक्ति भावना के साथ महा शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। जिले के हंटरगंज, वशिष्ठ नगर लावालौंग, इटखोरी, सिमरिया मयूरहंड प्रखंडों में विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल स्थापित कर वास्तु शिल्प के देवता विश्वकर्मा की श्रद्धापूर्वक पूजा उपासना की गई।

# भाकृअनुप (आईसीएआर)- राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची के स्थापना का शताब्दी समारोह 20 सितंबर 2024 को होगा आयोजित

### महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में होंगी शामिल

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची :** भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (आईसीएआर-एनआईएसए), जिसे पहले भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद अनुसंधान संस्थान तथा भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान के रूप में जाना जाता था, 20 सितम्बर 2024 को अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर संस्थान में शताब्दी समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि होंगी। संस्थान परिसर में आज आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. अभिजीत कर ने उपरोक्त जानकारी दी।



डॉ. कर ने बताया कि महामहिम राष्ट्रपति के साथ ही माननीय राज्यपाल झारखंड, श्री संतोष कुमार गंगवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, और रांची के सांसद तथा माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे।
भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद (आईसीएआर) की ओर से डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (डेयर, D.A.R.E.) एवं महानिदेशक (भाकृअनुप); डॉ. श्याम नारायण झा, उपमहानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी); एवं डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह, सहायक महानिदेशक (प्रक्षेत्र अभियांत्रिकी) भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे | इस समारोह में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, केंद्र और राज्य सरकारों के उच्च अधिकारी, कृषि से संबंधित व्यवसायी, वैज्ञानिक, और 8 से 10 हजार किसान (3 से 4 हजार व्यक्तिगत रूप से और 5 से 6 हजार जूम लिंक और यूट्यूब के माध्यम से) के भाग लेने का अनुमान है।
मुख्य कार्यक्रम के बाद, डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक (भाकृअनुप) संस्थान के शताब्दी स्मारक के रूप में “माय स्टाम्प” और साथ ही “लाक्षा 2024”, “विज़न 2047”, “100 वर्षों की उत्कृष्टता” नामक तीन पुस्तकों का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल झारखण्ड श्री विधान चन्द्र रॉय, उपमहानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) एवं सहायक महानिदेशक (प्रक्षेत्र अभियांत्रिकी) भी उपस्थित रहेंगे।
निदेशक डॉ कर ने कहा कि संस्थान ने पिछले एक सदी में लाखों किसानों को लाख की वैज्ञानिक खेती एवं प्रसंस्करण में मदद की है, इसमें मुख्यतः झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, और पश्चिम बंगाल के पिछड़े जिलों में निवास करने वाले आदिवासी और गरीब किसान शामिल है, जिसमें करीब 10 लाख से अधिक कृषि परिवार लाभान्वित हुए हैं। संस्थान ने अनुसंधान, नवाचार, और खेती, प्रसंस्करण, और अनुप्रयोगों में उन्नति के माध्यम से भारत को लाख उत्पादन में अपनी अगुवाई बनाए रखने में मदद की है। एक प्रमुख नीति योगदान में लाख के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) सुरक्षित करने और झारखंड और छत्तीसगढ़ में इसे कृषि उत्पाद के रूप में घोषित करवाने में संस्थान की भूमिका शामिल है। ‘कुसुमी लाख उत्पादन बेर के पेड़ों पर’ और ‘फ्लेमिंजिया सेमियालता पर लाख खेती’ जैसी प्रौद्योगिकियों ने लाख को एक प्लांटेशन फसल में बदल दिया। संस्थान की नवाचारों ने 100 करोड़ की अतिरिक्त वार्षिक आय अर्जित की और देश भर में लाख उत्पादन को स्थिरता प्रदान किया। भारत सालाना लगभग 8,000 टन लाख और मूल्यवर्धित उत्पादों का निर्यात करता है। आयात प्रतिस्थापन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कृषि उपोत्पादों से उच्च मूल्य वाले अणुओं का विकास और ग्रामीण औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि उपोत्पादों से मूल्यवर्धित अणुओं का विकास कर अगले 25 वर्षों में विश्व के अग्रणी संस्थान बनने का लक्ष्य है। निदेशक महोदय ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लाख को राष्ट्रीय स्तर पर कृषि उपज का दर्जा देना। लाख को कृषि उपज के रूप में मान्यता देकर इसके उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य होना चाहिए।
चक्रीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए उन्नत प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्र की स्थापनाः* आवासीय सुविधाओं के साथ एक विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए, जो किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए प्रशिक्षित करेगा।
लाख के गुन्वातापूर्ण उत्पाद विकास एवं खाद्य पदार्थों की गुणवता के नियंत्रण के लिए लाख के व्यावसायिक परीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के परीक्षण हेतु रेफेरल प्रयोगशाला की स्थापना होनी चाहिए, जो निर्यात को प्रोत्साहित करेगा।
संस्थान चक्रीय कृषि के क्षेत्र में प्रतिष्ठा प्राप्त करने और अग्रणी बनने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह अनुसंधान, उन्नत प्रशिक्षण और नई प्रौद्योगिकियों के माध्यम से चक्रीय कृषि के सिद्धांतों को बढ़ावा दे रहा है। संसाधनों के कुशल प्रबंधन और प्रभावी नीतियों के विकास पर ध्यान केंद्रित करके, संस्थान कृषि की स्थिरता और उत्पादकता को सुधारने में जुटा है। इस प्रयास से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चक्रीय कृषि में नवाचार और नेतृत्व को प्रोत्साहन मिल रहा है।

## मीडिया कप फुटबॉल 2024: रोमांचक मुकाबले में टीम गंगा को पेनाल्टी शूट आउट में हरा कर फुटबॉल मीडिया कप पर टीम दामोदर का कब्ज़ा

### मैन ऑफ द फ़ाइनल बने आरजे अरविंद वहीं अभिषेक सिन्हा को मिला गोल्डन बूट

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची :** बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में चल रहे मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच ग्रेंड फिनाले के रोमांचक मैच के समापन के साथ ही थम गया। सीसीएल इस टूर्नामेंट का प्रायोजक है। पांचवे दिन टीम दामोदर और गंगा के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसमें टीम दामोदर ने पेनाल्टी शूट आउट में टीम गंगा को पराजित कर दिया। अपने परफॉर्मेंस के कारण प्रारम्भ से ही टीम दामोदर फुटबाल मीडिया कप के ख़िताब की प्रबल दावेदार थी। लेकिन फाइनल मुकाबले में टीम गंगा ने कड़ी टक्कर देते हुए मध्यांतर से पहले ही टीम दामोदर पर 1-0 की बढ़त बना ली थी। मध्यांतर के बाद दामोदर के स्ट्राइकर ओमप्रकाश ने शानदार एक गोल कर मुक़ाबले को बराबरी पर ला दिया।
मध्यांतर के बाद भी मैच के 1-1 की बराबरी पर होने के कारण रेफ़री ने पेनाल्टी शूट आउट कराने का निर्णय लिया।वहीं पेनाल्टी शूट आउट में टीम दामोदर के राजेश सिंह के इकलौते गोल के कारण टीम दामोदर ने गंगा को पराजित कर दिया। पेनाल्टी शूट आउट में दामोदर टीम के गोलकीपर अरविंद के बेहतरीन



बचाव के कारण टीम गंगा कोई भी गोल नहीं कर पाई और टूर्नामेंट का ख़िताब टीम दामोदर ने अपने नाम कर लिया।
फाइनल मैच में मैन ऑफ द फाइनल का पुरस्कार टीम दामोदर के आरजे अरविंद को, गोल्डन ग्लव्स प्रिंस श्रीवास्तव को, टूर्नामेंट में सर्वाधिक 5 गोल करने करनेवाले टीम दामोदर के अभिषेक सिन्हा को गोल्डन बूट, वहीं बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड टीम गंगा के प्रमोद सिंह को, बेस्ट मिडफील्डर के रूप में पिंटू दूबे और बेस्ट फॉरवर्ड का अवार्ड टीम गंगा के नूतन तिर्की को समारोह के मुख्य अतिथि कांके विधानसभा के विधायक समरीलाल, विशिष्ट अतिथि प्रभात खबर के सम्पादक सह प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, राजीव रंजन, वरिष्ठ पत्रकार विनय सिन्हा, संजय सिंह, सीसीएल के पीआरओ आलोक गुप्ता, नेत्री जयंती दास ने संयुक्त रूप से दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक समरीलाल ने कहा कि मीडिया फुटबॉल कप के शानदार आयोजन के लिए प्रेस क्लब वाकई बधाई का पात्र है। ऐसे आयोजन से पत्रकार साथी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत होते हैं और उनमें आशा का संचार होता रहता है, अगके कहा कि खेल के प्रति पत्रकारों का यह जुनून बेहद प्रेरित करने वाला है। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन ने सफल और भव्य आयोजन के लिए सभी पत्रकार सदस्यों को धन्यवाद दिया और आशा जताया की आगे भी सभी साथियों का सहयोग मिलता रहेगा।
टूर्नामेंट को सफल बनाने में रांची प्रेस क्लब स्पोर्ट्स कमेटी के कन्वेनर मोनू कुमार, अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, सचिव अमरकान्त, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, संयुक्त सचिव रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य आलोक सिन्हा, संजय सुमन, विजय मिश्रा, चन्दन भट्टाचार्य, आरजे अरविंद, सौरभ कुमार, राजू प्रसाद, राणा गौतम, अंजनी कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्वकर्मा पुजा के दिन ट्रेलर ने बाइक सवार को अपने चपेट लिया, मौत



**अखिलेश पांडेय**

चौपारण(हजारीबाग): विश्वकर्मा पुजा के दिन चौपारण चट्टी वासियों के लिए अशुभ रहा।प्रखंड के जीटी रोड के पिलर संख्या 18 के पास बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना के सम्बंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक के बगल में दूसरे तरफ जाने के लिए फ्लाई ओवर पिलर के नीचे युवक खड़ा था। दो गाड़ी पास भी किया । तभी पीछे से बरही के तरफ से आ रही तिसरी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर जीटी रोड से दाहिने सड़क की ओर मुड़कर गया। बरही के तरफ से तीव्र गति से आ रहा कंटेनर संख्या बीआर 28 जीबी 3739 के चालक समझ नहीं सका औऱ अचानक ब्रेक लगाते लगाते बाइक के साथ खड़े युवक को कुचलते हुए एक बोलेरो को ठोकते हुए सड़क के दूसरे लाइन को पार करते हुए जीटी रोड के किनारे स्तिथ एक साइकिल दुकान में घुस गया।

## गोपाल मैदान में मनाया गया करम महोत्सव, बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार पहुंचे




जमशेदपुर । बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में कुड़मी सेना की ओर से करम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बिहार के ग्रामीण विकास व संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार उपस्थित थे . वहीं अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि करमा पर्व प्रकृति की उपासना का महापर्व है. यह पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है. साथ ही प्रकृति के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करता है. आज के समय में जब पर्यावरण संकट गहरा रहा है, समाज के सभी वर्गों को करमा पर्व से प्रेरणा लेते हुए प्रकृति को बचाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने कहा कि करम देवता से कामना करता हूं कि समस्त समाज का कल्याण हो. लोग उन्नति व प्रगति के राह पर बढ़े. इस दौरान डॉ आलोक रंजन, डॉ पूनम मेहता, डॉ विजय कुमार, डॉ सुषमा रानी, डॉ भास्कर महतो, डॉ अनंत कुमार महतो, डॉ पंकज महतो, डॉ तपन कुमार महतो व डॉ रीता कुमारी को कुड़मी रत्न से सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि द्वारा सभी को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया . इसके साथ ही समाज के उत्थान व प्रगति में लगातार कार्य कर रहे 25 लोगों को भी विशेष सम्मान दिया गया. कार्यक्रम का संचालन कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो एवम धन्यवाद ज्ञापन सेना के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार महतो ने किया . कार्यक्रम को सफल बनाने में कुड़मी सेना के प्रबीर महतो, बिष्णु देव महतो, विकास महतो, डीके महतो, अजय महतो, प्रशांत महतो, किशोर महतो, पीडी महतो, दिवाकर महतो, सुनील महतो, धनंजय महतो, सोनू महतो के अलावा कुड़मी सेना के समस्त परिवारों की अहम भूमिका रही . वहीं करमा महोत्सव का उद्घाटन मंत्री श्रवण कुमार जी के हाथों करम पेड़ की डाली लगाकर एवम प्रकृति की पूजा अर्चना कर किया गया । इस मौके पर कुड़मी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेश भूषा में करम नृत्य व संगीत का आकर्षक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया .

## ओरमांझी के गुंजा में क़रम पूजा महोत्सव सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया



ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी प्रखंड के गुंजा में बुधवार क़ो करम महोत्सव सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन सरना आदिवासी समिति हेंदेबीली के सौजन्य से किया गया, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए, महोत्सव में पहुंचने वाले अतिथियों को ओढ़ाकर व माला और बेच पहनकर स्वागत किया गया,करम महोत्सव में आसपास गाँवो से खोड़ा की सकल में महिलाएं पुरुष ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में नाच-गान करते हुए हर्षोल्लास के साथ क़रमा मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत करम डाली की पूजा से की गई,मिलन समारोह में झुमर गीत के साथ महिलाओं ने खूब नाचे गए,वहीं मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने भी मांदर बजाकर और झुमर नृत्य कर मनमोहक प्रस्तु दिखाए।विधायक ने अपने संबोधन में सामाज को संगठित होकर आदिवासियों की सभ्यता व संस्कृति को बचाने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन की रक्षा करना होगा नहीं तो जनजातियों का कोई अस्तित्व नहीं बचेगा,वही ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने क़रमा आखड़ा धूमकुड़िया भवन निर्माण करने की घोषणा करते हुए कहा कि आप लोग जल्द जमीन दे हम इसका निर्माण जल्द कराएंगे,मौके पर मुख्य रूप से तुलसी खरवार,रमेश उरांव,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो,प्रेमनाथ मुंडा सुरेश प्रसाद साहू,मुखिया दशमी मिंज,सरपंच जूलीता देवी, रीना मुंडा,मुबारक़ अंसारी,कमेटी के अध्यक्ष मगनू मुंडा,सचिव सोहराई बेदिया,कोषाध्यक्ष इन्द्रनाथ पाहन,उपाध्यक्ष बुधराम मुंडा, कमेटी के संरक्षक देवनाथ पाहन,फेकन पाहन,बलराम बेदिया, सुरेश मुंडा, कामेश्वर बेदिया,अघणु मुंडा,जिब्रेल अंसारी,जाकिर अंसारी, मकबूल अंसारी सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड में एक सप्ताह तक मनाया जाएगा विरोध दिवस-एआईएसएमजेडब्ल्यूए

जमशेदपुर । ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के जमशेदपुर शहरी जिला महासचिव आशीष गुप्ता के लापता होने व उनके परिवार को प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है.पत्रकार आशीष गुप्ता कल से ही लापता हैं जो कि पूरे झारखंड के पत्रकारों के लिए चिंता का विषय है.ऐसी सूचना मिल रही है कि जमशेदपुर में 2018 बैच के दारोगा व जादूगोडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार उनसे व्यक्तिगत रूप से खुन्नस निकाल रहे थे और इसलिए एक फर्जी मामले में तीन मार्च 2024 को थाना प्रभारी से हुई बहस से मामले ने तूल पकड़ लिया है.
आशीष के परिजनों को कल सुबह से ही जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार बेवजह परेशान कर रहे हैं.इससे आशीष के परिजन काफी भयभीत हो गए हैं कि उनके साथ पुलिस द्वारा विशेषकर केस के आईओ और थानेदार द्वारा दुर्व्यवहार क्यों किया जा रहा है?
आज ऐसोसिएशन के अलावा इस घटना को लेकर विभिन्न जिलों के प्रेस क्लब भी जमशेदपुर पुलिस की निंदा काला बिल्ला लगाकर सुबह से ही करते रहे हैं.
अवकाश होने के बावजूद भी इस घटना पर पत्रकार एकजुटता दिखाते हुए काला बिल्ला लगाकर ही अपने घर से बाहर निकलें हैं.राज्य के विभिन्न जिलों में गत् 4-5 वर्षों से पत्रकारों पर फर्जी मामले और हमले भी हुए हैं और इस पर झारखंड सरकार,पुलिस-प्रशासन व विपक्ष भी खामोश रहा है.
इस घटना के संदर्भ में AISMJWA ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र जयसवाल बंटी ने कहा कि हम चुप नहीं बैठेंगे और झारखंड में दर्ज हो रहे फर्जी मामलों के विरोध में एक सप्ताह तक अलग-अलग जिलों में विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा. श्री जयसवाल ने सभी प्रमंडल और जिला कमेटियों को सुझाव दिया है कि आप सभी तीन दिन के अंदर अपने जिला के उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का काम शुरू कर दें.
ऐसोसिएशन के प्रदेश महासचिव प्रविंद पांडेय ने दो टूक कहा है कि जादूगोड़ा थाना प्रभारी को अविलंब निलंबित किया जाना चाहिए ताकि पत्रकारों के परिजनों को प्रताड़ित करने की यह परंपरा समाप्त हो.वे बोले ये कहां का न्याय है कि पत्रकारों को फर्जी मामले दर्ज कर जेल भेजने के लिए उनके परिवार के सदस्यों से अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाए.
ऐसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता अरूण मांझी ने कहा है कि इस मामले में हम सभी राज्यपाल,मुख्यमंत्री,मुख्य सचिव व डीजीपी से मिलेंगे.वे बोले पहले भी झारखंड के कुछ जिलों में पत्रकारों पर लगभग 25-30 फर्जी मामले दर्ज किए गए हैं और लगभग सभी मामले 4-5 साल से जांच के नाम पर अकारण ही लंबित पड़े हुए हैं ताकि पत्रकार दबाव में रहें और अवैध धंधों पर ख़बरें न लिखें.
ऐसोसिएशन के प्रदेश सलाहकार अभय पल्लिवार ने कहा कि इस मामले में पुलिस की भूमिका संदेहास्पद नजर आ है इसलिए ऐसे मामलों पर सीआईडी जांच से ही सच्चाई बाहर आएगी.

## चतरा उपायुक्त ने आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित बैठक की

**अखिलेश पांडेय**

चतराः जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में चतरा उपायुक्त की अध्यक्षता में 21 एवं 22 सितंबर को होने वाली झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिले में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सभी प्रतिनियुक्त मेजिस्ट्रेट व केन्द्राधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।
जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि 21 सितंबर शनिवार एवं 22 सितंबर रविवार को कुल 14 केंद्रों में 8:30 बजे से 10:30 बजे तृतीय पत्र, दुतीय पाली में 11:30 बजे से 1:30 बजे द्वितीय पत्र, तृतीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक प्रथम पत्र कुल तीन पाली में परीक्षा का




आयोजन होना है। जिसमे कुल 5148 अभ्यार्थी शामिल होंगे। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए सभी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन कराने संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त द्वारा दिए गए।
ऑब्जर्वर, सभी पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, इनविजीलेटर, सेंटर सुपरिंटेंडेंट आदि को अपने-अपने कार्यों के दायित्वों से अवगत कराया गया। संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न चरणों में वीडियोग्राफी कराने का निदेश दिया गया। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय अच्छी तरह जांच कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो खास ख्याल रखा जाय।मोबाईल,स्मार्टफोन,इलेक्ट्रॉनिक गैजेट परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की सख्त मनाही होगी।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।